

13 साल बाद रणजी ट्रॉफी में विराट की वापसी, अरुण जेटली ...

12

www.indianews.in

# इंडिया न्यूज

नई दिल्ली वर्ष-19 अंक 30, नई दिल्ली, पृष्ठ-12, शुक्रवार, 31 जनवरी 2025, विक्रमी सम्वत-2081, शक सम्वत-1946, पूर्णिमांत-माघ, 17 प्रविष्टे 24 रज्जब हिजरी, 1446, अमांत-माघ, शुक्ल पक्ष द्वितीया, मूल्य 3.00 रुपए




पहली फिल्म के रिलीज से पहले ही हाथ आई दूसरी, सलमान-रश्मिका की..

10

### सरकार ने संसद के बजट सत्र से पहले सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की बुलाई अहम बैठक

## बजट सत्र आज से, कल पेश होगा आम बजट, 16 बिल लाएगी सरकार



### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की बैठक की अध्यक्षता

नई दिल्ली

सरकार ने संसद के बजट सत्र से पहले गुरुवार को सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की एक अहम बैठक बुलाई। बजट सत्र की शुरूआत शुक्रवार, 31 जनवरी को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी। उसके बाद आर्थिक सर्वेक्षण पेश होगा। जिसके बाद 1 फरवरी को बजट पेश किया जाएगा। 5 फरवरी को दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव के चलते संसद की कार्यवाही नहीं होगी। सत्र का पहला चरण 13 फरवरी को खत्म होगा और दूसरा चरण 10 मार्च से शुरू होगा। बजट सत्र 4 अप्रैल को खत्म होगा।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज इस सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की, जो राजनीतिक दलों को सरकार के विधायी एजेंडे के बारे में सूचित करने और सत्र के दौरान उनके द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों पर जानकारी प्राप्त करने के लिए बुलाई जाती है। संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक खत्म होने के बाद बताया कि इसमें 36 दलों के 52 नेता शामिल हुए थे। सभी पार्टियों के फ्लोर लीडर ने बताया कि वे सत्र में क्या चाहते हैं। बजट सत्र, साल का पहला सत्र होता है। बजट सत्र के बाद संसद में मॉनसून सत्र और अंत में शीतकालीन सत्र चलता है। इस बजट सत्र में सरकार कई बिल लाने की तैयारी में है। संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि बजट सत्र के लिए कुल 16 बिल और 19 बिजनेस पहले से ही संसद में लिस्ट हैं। सरकार द्वारा इस बजट सत्र में लाए जाने वाले बिलों में वक्फ और इमीग्रेशन से जुड़े बिल भी शामिल हैं, जो सबसे अहम और महत्वपूर्ण बताए जा रहे हैं।

### उठा प्रयागराज महाकुंभ भगदड़ का मुद्दा

सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने प्रयागराज महाकुंभ हादसे और अव्यवस्था का मामला उठाते हुए आरोप लगाया कि महाकुंभ हादसे की वजह राजनीतिक पर्यटन और वीवीआईपी व्यवस्था है। समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव ने कहा कि राजनीतिक पर्यटन की वजह से महाकुंभ में हादसा हुआ है। कांग्रेस ने भी बैठक में कुंभ हादसे का मामला उठाते हुए संसद में चर्चा की मांग की। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि कुंभ का कभी ऐसा घटिया राजनीतिक इस्तेमाल नहीं देखा। आरजेडी सांसद मनोज झा ने भी कहा कि इस बार कुंभ में धर्म और धर्मांधता का फर्क मिट गया।

### सर्वदलीय बैठक में कई पार्टियों के नेता शामिल

बैठक में देश की तमाम राजनीतिक पार्टियों के नेता शामिल हुए। बजट सत्र से पहले आयोजित किए गए इस सर्वदलीय बैठक में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा, कांग्रेस के गौरव गोगोई और जयराम रमेश, द्रविड़ मुनेत्र कषगम के टी.आर. बालू, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय और डेरेक ओ ब्रायन समेत कई नेताओं ने हिस्सा लिया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू भी बैठक में शामिल हुए।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव : अरविंद केजरीवाल पर गरजे अमित शाह, बोले

## आप का मतलब झूठ, फरेब, धोखा

### केजरीवाल ने किया सवाल, बताएं यमुना में कौन सा जहर

नई दिल्ली

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर रोहिणी से भाजपा विधानसभा प्रत्याशी विजेंदर गुप्ता के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। गृह मंत्री ने अपने संबोधन में अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केजरीवाल हार देखकर बौखला गए हैं। केजरीवाल झूठ बोलने और बहाने बनाने में नंबर वन हैं।

शाह ने कहा कि आप का मतलब झूठ, फरेब, धोखा है। दिल्ली में रोड शो, राजनीतिक रैलियों और जनसभा कर भाजपा धुंआधार प्रचार कर रही है। प्रधानमंत्री से लेकर पूरी केंद्रीय कैबिनेट के मंत्री दिल्ली की सड़कों पर रोड शो कर वोट की अपील कर रहे हैं। मैं केजरीवाल से कहना चाहता हूं कि चुनाव जीतने के लिए झूठ बोलना बंद करो। ये कहते हैं कि भाजपा वालों ने दिल्ली वालों को परेशान करने के लिए हरियाणा से यमुना जी के जल में जहर मिलाया है। अरे, केजरीवाल जी कौनसा जहर मिलाया है, कौनसी लेबोरेटरी में आपने टेस्ट कराया है, उसका नाम बताइए। आप कह रहे हैं कि जहर मिलाया हुआ पानी आपने रोक दिया। अरे, यमुना का पानी रुकता है तो गांवों में बाढ़ आती है। लेकिन, आप बताइए दिल्ली के किसी गांव में बाढ़ आई है क्या? दिल्ली में हजारों करोड़ रुपये का घोटाला हुआ। 5 तारीख को दिल्ली की जनता के सामने आप को हटाकर मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने का मौका है।




### 'केजरीवाल के शीश महल के शीशे टूट जाएं'

अमित शाह ने आगे कहा कि दिल्ली की जनता को कमल के निशान पर बटन दबाना है और भाजपा सरकार बनानी है। बटन इतने जोर से दबाना है कि केजरीवाल के 'शीश महल' के शीशे टूट जाएं। हमारी सरकार बनी तो दिल्ली सुंदर बनेगी, कूड़े के पहाड़ खत्म हो जाएंगे, दिल्ली को भ्रष्टाचार से मुक्त करेंगे, सड़कों और गलियों की शानदार सफाई भी करेंगे और साथ में जल प्रबंधन भी हम करेंगे। शाह ने कहा कि केजरीवाल चुनाव में अपनी हार को जान गए हैं, इसलिए इतनी हल्की राजनीति कर रहे हैं। केजरीवाल जी आपने यमुना को प्रदूषित करके, प्रदूषित पानी पीने के लिए दिल्ली को मजबूर किया है और आपने पानी के शुद्धिकरण, सड़कों की सफाई और जल बोर्ड के स्वच्छ पानी देने के सारे पैसे आप के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिए हैं।

### होली-दिवाली पर मुफ्त देंगे एक-एक एलपीजी सिलेंडर

हमने तय किया है कि भाजपा सरकार बनने के बाद, हर महीने की 5 तारीख से पहले हर माता-बहन को 2,500 रुपये सीधे उनके बैंक खाते में देने का काम करेंगे। हर गर्भवती महिला को हमारी सरकार 21,000 रुपये देगी। 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर मिलेगा और दीपावली एवं होली में एक-एक सिलेंडर मुफ्त मिलेगा।

### सीएम भगवंत मान के आवास पर चुनाव आयोग की रेड

दिल्ली विधानसभा चुनाव के बीच पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिल्ली स्थित घर कपूरथला हाउस पर गुरुवार को चुनाव आयोग की टीम तलाशी लेने पहुंची है। कपूरथला हाउस के बाहर बड़ी संख्या में सुरक्षाबल तैनात हैं। टीम को फिलहाल अंदर जाने से रोक दिया गया है। मान के घर पहुंचे रिटर्निंग ऑफिसर ओपी पांडे ने कहा, 'हमें पैसे बांटने की शिकायत मिली है। हमें 100 मिनट में शिकायत का निपटारा करना है। हमारी फ्लाइंग स्क्वॉयड टीम यहां आई थी, जिसे अंदर नहीं जाने दिया गया। मैं उनसे अनुरोध करने आया हूं कि हमें एक कैमरापर्सन के साथ अंदर जाने दिया जाए। पैसे बांटने की शिकायत ऐप पर मिली थी।' सीएम भगवंत मान ने कहा-प्रवेश वर्मा खुलेआम पैसे बांट रहे हैं, लेकिन यह चुनाव आयोग को नहीं दिख रहा। वर्मा ट्वीट करके बताते हैं कि वे कहां पैसे बांटेंगे। लेकिन भगवंत मान, अरविंद केजरीवाल और सौरभ भारद्वाज के घर पर छापेमारी होती है। दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर पंजाबियों को बदनाम कर रही है।



## महात्मा गांधी के आदर्श विकसित भारत बनाने के लिए प्रेरित करने वाले: प्रधानमंत्री मोदी

### नाथूराम गोडसे ने 1948 में कर दी थी हत्या, शाह ने भी दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आज 77वीं पुण्यतिथि है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। महात्मा गांधी के आदर्श हमें विकसित भारत बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। मैं देश के लिए शहीद हुए सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उनकी सेवा और बलिदान को याद करता हूं। बता दें कि देश की स्वतंत्रता के कुछ ही महीनों बाद, 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे ने बिरला हाउस स्थित गांधी स्मृति में महात्मा गांधी की हत्या कर दी थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, स्वावलंबन और ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण के प्रति उनके विचार देशवासियों को प्रेरित करते रहेंगे। अमित शाह ने कहा, मैं कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी व्यक्ति, सत्य, अहिंसा और अन्याय के खिलाफ लड़ाई के भारतीय मूल्यों को दुनिया भर में लोकप्रिय बनाने वाले महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

### 30 जनवरी को शहीद दिवस मनाता है भारत

बता दें कि भारत हर साल 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाने और देश की आजादी में उनके योगदान का सम्मान करने के लिए शहीद दिवस मनाता है। शहीद दिवस के इस अवसर पर, भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार (एनएआई) और राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय (एनजीएम) ने भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार और प्रसार भारती अभिलेखागार के सहयोग से 'महात्मा की यात्रा: उनके अपने दस्तावेजों के माध्यम से' शीर्षक से एक विशेष प्रदर्शनी की घोषणा की है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन महात्मा गांधी की पोती और राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय की अध्यक्ष तारा गांधी भट्टाचार्य ने गुरुवार दोपहर 3.00 बजे राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय, राजघाट, नई दिल्ली के प्रदर्शनी हॉल में किया। प्रदर्शनी महात्मा गांधी की परिवर्तनकारी यात्रा को दर्शाती है, जो आगंतुकों को राष्ट्रपिता के जीवन और विरासत को जानने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है।

### हरियाणा पर आरोपों को लेकर चुनाव आयोग ने मांगा जवाब

## यमुना में जहरीले पानी के सबूत पेश करें केजरीवाल




नई दिल्ली।

हरियाणा सरकार पर यमुना नदी में जहर मिलाने के आरोपों को लेकर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। भारतीय के चुनाव आयोग ने उनसे इस संबंध में साक्ष्य मांगे हैं। चुनाव आयुक्त ने कहा है कि ऐसा न करने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने ही केजरीवाल के खिलाफ सोमवार को गंभीर झूठे आरोप लगाने के लिए चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। चुनाव आयोग ने केजरीवाल को मामले में गुरुवार को जवाब दिया। चुनाव आयोग ने कहा कि आप प्रमुख यमुना नदी में अमोनिया की मात्रा में वृद्धि के मुद्दे को यमुना नदी में जहर के गंभीर आरोपों के साथ न मिलाएं, जिसमें उन्होंने दो प्रदेशों के बीच युद्ध की कार्रवाई को सामूहिक नरसंहार के बराबर बताया था। आयोग ने पूर्व सीएम को यह स्पष्ट करने का एक और मौका दिया है कि उनके द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के लिए कार्रवाई क्यों न की जाए, जिसमें विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य, समग्र सार्वजनिक अव्यवस्था और अशांति को बढ़ावा दिया गया है। चुनाव आयोग ने कहा कि केजरीवाल शुक्रवार सुबह 11 बजे तक यमुना में जहर के प्रकार, मात्रा, प्रकृति, तरीके और इंजीनियरों के विवरण, स्थान और दिल्ली जल बोर्ड के इंजीनियरों द्वारा जहर का पता लगाने की पद्धति के बारे में विशिष्ट और स्पष्ट जवाबों के साथ तथ्यात्मक साक्ष्य प्रस्तुत करें, ऐसा न करने पर आयोग मामले में उचित निर्णय लेगा।

### इस मकसद से दिया था बयान : केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को चुनाव आयोग को अपने जहरीले पानी वाले बयान का जवाब दिया। उन्होंने हरियाणा में बीजेपी की सरकार पर दिल्ली में आने वाले यमुना के पानी को जहरीला करने का गंभीर आरोप लगाया था। केजरीवाल ने अपने जवाब में कहा कि हरियाणा से प्राप्त कच्चे पानी की गंभीर विषाक्तता और संदूषण को उजागर करने के मकसद से बयान दिए गए थे, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक खतरा है।

### मध्यप्रदेश और राजस्थान सहित 10 से ज्यादा राज्यों में दिन के तापमान में बढ़ोतरी, मंडला में पारा 32 डिग्री


## उत्तर भारत में बढ़ रहा तापमान, जम्मू-कश्मीर में पारा माइनस में

### पूर्वोत्तर व दक्षिण भारत में बारिश का अनुमान

नई दिल्ली।

उत्तर भारत में जनवरी में अक्सर मौसम ठंडा रहता है और आमतौर पर 15 फरवरी के बाद मौसम बदलता है और गर्मी शुरू होती है। इस बार अभी जनवरी खत्म नहीं हुआ और क्षेत्र के कई राज्यों में अभी से तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। उधर पहाड़ों में अब भी ठंड बरकरार है और कई जगह पारा माइनस में है।

उत्तर प्रदेश गुरुवार को ठंडा रहा। वहीं दक्षिण भारत व पूर्वोत्तर में कई जगह बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार मध्यप्रदेश और राजस्थान सहित उत्तर भारत के 10 से ज्यादा राज्यों में दिन के तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है। बाड़मेर में बुधवार को तापमान 34 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच गया। वहीं बाड़मेर व उदयपुर जिलों में पिछले 13 वर्षों में जनवरी में सबसे ज्यादा गर्मी दर्ज की गई है। मध्य प्रदेश के भी कई शहरों में पिछले कल दिन का तापमान 31 डिग्री से ज्यादा चला गया। राज्य के मंडला में पारा सबसे अधिक 32 रिकॉर्ड किया गया। रायपुर सहित छत्तीसगढ़ में उत्तर से आने वाली हवाओं का आना लगभग बंद हो गया है। बुधवार को प्रदेश में सबसे गर्म महासमुंद रहा। यहां दिन का पारा 32.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज व अयोध्या समेत कई जगह गुरुवार अलसुबह कोहरा छाया रहा, जिसके कारण मौसम ठंडा रहा। बिहार के 15 जिलों के लिए मौसम विभाग ने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।



### पश्चिमी विक्षोभ के चलते हरियाणा और पंजाब में बदलेगा मौसम

हरियाणा में हवा बदलने से सुबह के समय हल्की धुंध छाने लगी है। मौसम विभाग के मुताबिक 31 जनवरी और 1 फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो रहा है, जिससे प्रदेश के कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके कारण दिन के बढ़े तापमान से राहत मिल सकती है। 4 फरवरी को भी एक और पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो सकता है। पंजाब में मौसम विभाग ने कोहरे या शीतलहर को लेकर कोई अलर्ट जारी नहीं किया है, लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के बाद राज्य के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा भगदड़ का मामला, श्रद्धालुओं के सुरक्षा उपायों की मांग

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात को हुई भगदड़ का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। वकील विशाल तिवारी ने जनहित याचिका दायर कर देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं के सुरक्षा उपाय व दिशा-निर्देश लागू करने के निर्देश देने की मांग की है।

याचिका में मांग की गई है कि महाकुंभ में श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकास के लिए अधिकतम स्थान उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा वीआईपी मूवमेंट से आम श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रभावित न हो या उन्हें कोई खतरा न हो, यह भी सुनिश्चित करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता ने मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ से मामले की शीघ्र सुनवाई की अपील की है। इस पर सीजेआई ने उन्हें न्यायालय रजिस्ट्री के समक्ष एक आवेदन दायर करने के लिए कहा। याचिका में महाकुंभ में हुई भगदड़ की घटना पर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देने की मांग की गई है।

### चूक, लापरवाही और प्रशासन की विफलता

वकील विशाल तिवारी ने अपनी याचिका में यह भी मांग की है कि लापरवाह आचरण करने वाले आरोपियों व अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए जाएं। उन्होंने कहा है कि भगदड़ सरकारी अधिकारियों की कथित चूक, लापरवाही और प्रशासन की पूरी तरह विफलता के कारण लोगों की विकट स्थिति और नियति को दर्शाती है।

### Indian Renaissance The Modi Decade : डॉ. ऐश्वर्या पंडित द्वारा संपादित पुस्तक का गृह मंत्री अमित शाह ने किया विमोचन

## मोदी जी 130 करोड़ देश वासियों के लिए जीते हैं, विश्व में गौरवान्वित हुआ भारत : अमित शाह

आज समाज नेटवर्क

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में **Indian Renaissance The Modi Decade** पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि गृह मंत्री अमित शाह ने किया। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान अमित शाह ने कहा कि आज यहां पर हमने एक पुस्तक का विमोचन किया है नरेंद्र मोदी जी के प्रधानमंत्री काल के ये 10 साल सच्चे अर्थ में एक युग का अंत करने वाले हैं और एक नए युग की शुरूआत करने वाले हैं। और जब भी भारत का इतिहास लिखा जाएगा ये मोदी के 10 साल के शासन को मोदी जी के कटु से कटु आलोचक को भी स्वर्णिम अक्षरों से ही लिखना पड़ेगा।

गृह मंत्री ने कहा कि जब 2014 में अस्थिरता के युग से भारत की जनता ने देश को एक नए युग के अंदर प्रवेश किया। तीन दशक के बाद एक स्थिर सरकार दी और पूर्व पश्चिम उत्तर दक्षिण चोरों ओर से भारतीय जनता पार्टी को विजेय बनाया। लद्दाख की सीट भी भारतीय जनता पार्टी जीती, कन्या कुमारी, द्वारका, आसाम हर तरफ से हम जीते। एक तरह से संपूर्ण जीत हुए। परंतु गार्जियन अखबार में किसी एक सज्जन ने बहुत सटीक अवलोकन दिया था उन्होंने कहा था आजादी से भारत को 15 अगस्त 1947 में मिल गई थी। परन्तु अंग्रेजियत से भारत को आजादी 2014 में मिली है। वो मोदी जी के आने के बाद मिली है। उन्होंने कहा कि आज से भारत के स्वतंत्रता का युग शुरू हुआ है। अमित शाह ने आगे कहा कि मोदी जी के जीतने के बाद जो 10 साल गए हैं उसने गार्जियन अखबार के वो लेखक को सच्चा साबित कर दिया है। 10 साल के बाद अनेक प्रकार के अनेक सेक्टरों में सुधार भी हुए हैं। हर सेक्टर का साइज और स्केल कई गुना बढ़ाने का काम मोदी जी ने किया है। कभी कोई विचार नहीं कर सकता था कि दुनिया की सबसे बड़ी महामारी कोरोना आए और कोई तैयारी के बेगैर कोरोना का प्रबंधन भारत करे इसका कोई सोच नहीं सकता।




### 'हमारे यहां सबसे पहले बना कोरोना वैक्सीन'

अमित शाह ने कहा कि उस वक्त मैं मोदी जी के साथ काम करता था। उस वक्त दुनिया भर के पंडित जब कोरोना आया तो अपने देश की चिंता करे बगैर वो हमारी चिंता करते थे कि भारत क्या करेगा और वो सही भी थे हमारे लिए चिंतित थे। परंतु टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके 130 करोड़ की जनता को टीका देने से लेकर टीका का सर्टिफिकेट देने की प्रक्रिया इस तरह से हुई कि किसी को मालूम ही नहीं हुआ सबसे कम नुकसान में हम बाहर आ गए। वैक्सीन भी हमारे यहां सबसे पहले बना क्योंकि वैक्सीन बनने का प्रयास सबसे पहले हमारे यहां हुआ और 100 देशों में वैक्सीन हमने भेजा भी और हमारा जो उपनिषदों का वाक्य है कि संकुचित विचार नहीं होना चाहिए। 'वसुधैव कुटुंबकम' पूरी दुनिया को अपना परिवार मानना चाहिए। इसे चरितार्थ करने का काम मोदी शासन ने किया है।

### केजरीवाल ने यमुना जल विवाद को लेकर गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार पर बड़ा हमला बोला

# राजीव कुमार को राजनीति करनी है तो चुनाव लड़ लें, मुख्य चुनाव आयुक्त पर ही बरसे केजरीवाल




**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल ने यमुना जल विवाद को लेकर गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार पर बड़ा हमला बोला। केजरीवाल ने कहा कि चुनाव आयोग राजनीति कर रहा है। राजीव कुमार को रिटायरमेंट पोस्ट चाहिए। इतिहास में कभी इलेक्शन कमिशन का कबाड़ा नहीं हुआ। मुझे पता है कि ये जेल में डाल देंगे। राजीव कुमार राजनीति कर रहे हैं। उन्हें राजनीति करनी है, तो चुनाव लड़ लें। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हरियाणा से दिल्ली में पीने का पानी यमुना के जरिए आता है। ये कच्चा पानी होता है। इसे ट्रीट करते हैं। पिछले कुछ दिनों से जहरीला पानी आता है। इसमें अमोनिया 7 पीपीएम तक पहुंच गया, जो सेहत के लिए खतरनाक है। ये कई ऑर्गन को डैमेज कर सकता है। इससे मौत भी हो सकती है। उन्होंने आगे कहा, पहले भी अमोनिया बढ़ने लगा। आतिशी ने नायब सैनी को फोन किया। उनसे अनुरोध किया कि अमोनिया का लेवल बढ़ रहा है, इसे कम करवाइए। ये जान को जोखिम पहुंचा सकता है। नायब सैनी 3 बार फोन पर आए, कुछ करने को कहा. फिर आतिशी का फोन अटैंड करना बंद कर दिया। यदि अमोनिया के पानी में क्लोरेजन हो जाए, तो इससे डेडली कुछ नहीं। पूर्व सीएम ने कहा, हम राजनीति नहीं करना चाहते थे। बड़े मजे की बात है कि जब से अमोनिया का विषय उठाया, तब से घट गया। अब 3 पीपीएम तक आ गया। यानी कौन कर रहा था। अब केस की धमकी दे रहे हैं, जो मर्जी, वो करें, दिल्ली के लोगों को जहरीला पानी भेजकर हेल्थ और जिंदगी को नुकसान पहुंचा सकता है। मुझे जेल में डाल दो, अभी जेल से आ रहा हूं. जब तक जिंदा हूं, दिल्ली के लोगों को जहरीला पानी नहीं पिलाऊंगा।

## यमुना में जहरः केजरीवाल के जवाब से संतुष्ट नहीं चुनाव आयोग, दिया एक और मौका

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को आप संयोजक अरविंद केजरीवाल से कहा कि वह यमुना में बढ़े हुए अमोनिया के मुद्दे को नदी में जहर घोलने के अपने आरोप के साथ न मिलाएं। केजरीवाल को चुनाव आयोग ने हरियाणा सरकार के खिलाफ अपने आरोपों पर स्पष्टीकरण देने का एक और मौका दिया है। उनके जवाब से संतुष्ट नहीं होने पर चुनाव आयोग ने उनसे यमुना के जहर के प्रकार, मात्रा, प्रकृति और तरीके पर विशिष्ट और सटीक प्रतिक्रिया के साथ तथ्यात्मक साक्ष्य देने को कहा है। अरविंद केजरीवाल को शुक्रवार सुबह 11 बजे तक जानकारी देने के लिए कहा गया था। दिल्ली जल बोर्ड के कर्मचारी यमुना में जहर का पता लगाएं और उसकी जानकारी साझा करें। इसके बाद केजरीवाल वह जानकारी चुनाव आयोग को सौंपे, ऐसा नहीं करने पर आयोग इस मामले में उचित निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होगा। केजरीवाल ने बुधवार को अपने दावे पर चुनाव आयोग के नोटिस का जवाब दिया था कि हरियाणा सरकार यमुना में जहर मिला रही है। केजरीवाल ने कहा कि हाल के दिनों में भाजपा शासित राज्य से प्राप्त कच्चा पानी मानव के लिए अत्यधिक दूषित और बेहद जहरीला है। चुनाव आयोग को 14 पेज के जवाब में केजरीवाल ने कहा कि अगर लोगों को ऐसे जहरीले पानी का सेवन करने की अनुमति दी गई तो इससे गंभीर स्वास्थ्य खतरा और मौत हो जाएगी।

## केजरीवाल का चुनाव आयुक्त पर करारा प्रहार, अमित शाह और नायब सैनी को दी खुली चुनौती

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यमुना के पानी को लेकर भाजपा के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त को भी घसीटा है। केजरीवाल ने कहा, पिछले काफी दिनों से यमुना के पानी में अमोनिया की मात्रा काफी ज्यादा बनी हुई थी। कहा सीएम आतिशी ने कई बार हरियाणा के सीएम नायब सैनी को फोन करके इस स्थिति में सुधार करने को कहा। लेकिन बाद में उन्होंने फोन भी उठाने बंद कर दिए। तब हारकर हमें सार्वजनिक रूप से बयान देना पड़ा। कहा, कल नायब सैनी जी ने पल्ला में नौटंकी की। पानी पीया नहीं बल्कि पीने का नाटक किया। शायद इसीलिए क्योंकि उसमें बदबू आ रही होगी। केजरीवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार पर भी पक्षपात करने का आरोप लगाया। कहा, उन्हें पैसे, चादरें और गिफ्ट बांटना नजर नहीं आता। वो सिर्फ हमें ही नोटिस जारी करते हैं। शायद इसीलिए क्योंकि 28 फरवरी को रिटायर होने के बाद उन्हें आगे भी भाजपा से नौकरी चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि हम यमुना के गंदे पानी की कुछ बोतलें नायब सिंह सैनी, अमित शाह और राजीव कुमार भी भेज रहे हैं, जरा वो पीकर दिखाएं। उन्होंने यह भी कहा कि मैं इनके नोटिसों और मुकदमों से नहीं डरता। मुझे जेल में डालना चाहें तो भी डाल दें। लेकिन मैं दिल्ली वालों के हितों से खिलवाड़ नहीं होने दूंगा। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले यमुना के पानी को लेकर सियासत चरम पर पहुंच रही है।

## स्वाति मालिवाल ने केजरीवाल के घर के बाहर फेंका कूड़ा, पुलिस ने लिया हिरासत में



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की सांसद स्वाति मालीवाल को फिरोजशाह रोड स्थित पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर कूड़ा फेंकने के आरोप में हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस उन्हें अपने साथ ले गई है। बता दें कि आप सांसद स्वाति मालीवाल गुरुवार को विकासपुरी रोड के पास पहुंची। स्वाति मालीवाल ट्रक में कूड़ा भर के अरविंद केजरीवाल के घर की ओर पहुंची थी। इस दौरान उन्होंने केजरीवाल के घर के बाहर कूड़ा फेंका, जिस वजह से उन्हें हिरासत में ले लिया गया। स्वाति मालीवाल ने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली को कूड़े की राजधानी बना दिया है। कहा कि महिलाएं आज केजरीवाल के घर के बाहर कूड़ा फेंकेंगी।

उन्होंने बताया कि विकासपुरी की सड़क साफ कर सारा कूड़ा केजरीवाल के घर फेंका जाएगा। बता दें कि आम आदमी पार्टी की बागी सांसद स्वाति मालीवाल आज यानी गुरुवार को अपने समर्थकों के साथ विकासपुरी पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने अपने समर्थकों के साथ ट्रक में कूड़ा भरा और फिर अरविंद केजरीवाल के घर की ओर चली गईं। आप सांसद स्वाति मालीवाल ने अपने एक्स अकाउंट पर भी पोस्ट डालकर केजरीवाल पर हमला बोला है। उन्होंने एक्स अकाउंट पर लिखा कि यह कूड़ा केजरीवाल के घर पर फेंकने जा रही हूं।

## चुनाव से पहले केजरीवाल ने किया सात गारंटी का एलान

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार चुनावी वादों का एलान कर रहे हैं। इसी क्रम में आप संयोजक ने बृहस्पतिवार को सरकारी अफसरों, सांसदों और मंत्रियों के आवास पर रहने वाले स्टाफ के लिए सात गारंटी की घोषणा की है। आप संयोजक ने कहा, सरकारी अफसरों, सांसदों और मंत्रियों के यहां काम करने वाले स्टाफ को तनख्वाह नहीं मिलती है। तमाम अफसरों, सांसदों और मंत्रियों ने अपने आवास में बने स्टाफ क्वाटर किराए पर उठाये हुए हैं। किसी सांसद, मंत्री द्वारा आवास छोड़ने पर वहां काम करने वाला स्टाफ सड़क पर आ जाता है।

**केजरीवाल की सात गारंटी**

सर्विस रजिस्ट्रेशन पोर्टल बनाया जाएगा।
सरकारी स्टाफ कार्ड बनाया जाएगा।
स्टाफ हॉस्टल बनाया जाएगा।
मैं के दिल्ली सरकार के मकान मुहैया करवाए जाएंगे।
इनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए मोबाइल मोहल्ला क्लीनिक लगाए जाएंगे।
इनके काम के घंटे, सैलरी पर कानून बनाया जाएगा।
ऑटो चालकों की तरह ही इन्हें भी 10 लाख का जीवन बीमा, पांच लाख का स्वास्थ्य बीमा, बेटी की शादी के लिए 1 लाख और इनके बच्चों को स्कॉलरशिप दी जाएगी।

## कांग्रेस आप को हराने के लिए भाजपा के साथ मिलकर लड़ रही है: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव के बीच आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं आज कांग्रेस पार्टी के समर्थकों से बात करना चाहता हूं। पिछले दिनों कुछ लोग मुझसे मिलने आए थे। मैंने उनसे पूछा कि वे किसे वोट देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को। मैंने उनसे पूछा कि जब दिल्ली में कांग्रेस का कोई अस्तित्व ही नहीं रहा तो वे उसे क्यों वोट देंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने बरसों से कांग्रेस का ही बटन दबाया है तो आदत सी हो गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब पहले जैसी नहीं रही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समर्थक कांग्रेस की जीत के लिए जितना काम करते हैं, पार्टी के नेता पार्टी को उतना हराने में लगे रहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि साफ दिख रहा है कि दिल्ली में कांग्रेस का एक ही मकसद है कि कैसे भी आम आदमी पार्टी को हरवाओं। कांग्रेस दिल्ली में एक भी सीट जीतने के लिए नहीं लड़ रही है। वे केवल आम आदमी पार्टी को हराने के लिए भाजपा के साथ मिलकर लड़ रही है। कांग्रेस के नेता भाजपा नेताओं के खिलाफ कुछ नहीं कहते, बल्कि केवल आप नेताओं के खिलाफ बोलते हैं। मैंने उनसे कहा कि अगर वे कांग्रेस को वोट देंगे तो भाजपा को फायदा होगा।

## खबर एक्सप्रेस

### चुनाव प्रचार में जुटे दंगे के आरोपी शिफा उर रहमान, कोर्ट ने सशर्त दिया 5 दिन का कस्टडी पैरोल

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगे की साजिश रचने के आरोपित शिफा उर रहमान को कड़कड़डूमा स्थित कोर्ट ने विधानसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए पांच दिन का कस्टडी पैरोल दे दिया। शिफा ओखला विधानसभा क्षेत्र से आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआइएमआइएम) का प्रत्याशी है। कोर्ट ने शर्त रखी है कि वह अपने प्रचार अभियान, भाषण या संवाददाता सम्मेलनों में अपने लंबित मामलों पर कोई टिप्पणी नहीं करेगा। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी के कोर्ट ने शिफा को सुरक्षा व्यय के रूप में 2.07 लाख रुपये जमा करने पर 30 जनवरी से तीन फरवरी तक प्रतिदिन 12 घंटे के लिए कस्टडी पैरोल की अनुमति दी है। उसे जामिया नगर स्थित घर जाने, पार्टी कार्यालय जाने, बैठकों में शामिल होने, दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने और अपने चुनाव प्रचार अभियान से जुड़े प्रबंधकों और अधिवक्ताओं से मिलने की अनुमति दी। सह-आरोपित ताहिर हुसैन को मिली राहत के आधार पर शिफा को कस्टडी पैरोल दिया गया है।

### रेप के आरोपी वकील को कोर्ट ने दी जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने बुधवार को रेप के आरोपी वकील को सशर्त रेगुलर जमानत दे दी। हांलाकि, सुनवाई के दौरान पीड़िता ने रेप के आरोपी को जमानत दिए जाने का विरोध किया और कहा की आरोपी को जमानत नहीं दी जानी चाहिए। आरोपी को जमानत देते हुए कोर्ट ने कहा कि मामले में जांच पूरी हो चुकी है और चार्जशीट भी दायर की जा चुकी है, ऐसे में आरोपी को जेल की सलाखों के पीछे भेजने से कोई फायदा नहीं होगा। वहीं, सुनवाई के दौरान आरोपी की तरफ से पेश वकील ने कहा कि इस मामले में लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद और झूठे हैं और याचिकाकर्ता की छवि को खराब करने की नियत से लगाए गए हैं। जिसके बाद कोर्ट ने आरोपी को अपना मोबाइल फोन ऑन रखने, गवाहों से संपर्क ना करने, सबूतों से छेड़छाड़ ना करने व गवाहों को किसी भी तरह से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके ना प्रभावित करने सहित कुछ और शर्तों के साथ जमानत दे दी। बता दें कि इस मामले में 21 साल की एक युवती ने आरोप लगाया था कि अधिवक्ता सुशील ने तीस हजारी कोर्ट में अपने चैंबर के अंदर उसके साथ बलात्कार किया था। यही नहीं पीड़िता ने यह भी शिकायत की थी आरोपी ने उसकी 16 साल की छोटी बहन के साथ भी रेप किया। जिसके बाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद आरोपी के खिलाफ सब्जी मंडी थाने में आईपीसी की धारा 354, 354ए, 376, 509 और पॉक्सो एक्ट की धारा 4 व 8 के तहत केस दर्ज किया गया था।

### आईपी यूनिवर्सिटी के एनसीसी सेल ने जीता संस्थागत पुरस्कार

**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी के एनसीसी सेल को एनसीसी निदेशालय, दिल्ली के अंतर-संस्थागत प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय को माइनर बॉयज यूनिट श्रेणी में इंटर यूनिट एडीजी बैनर प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि के लिए कैडेट्स को बधाई देते हुए प्रोफेसर वरुण जोशी, यूनिवर्सिटी के एनसीसी सेल के प्रोग्राम समन्वयक, ने कहा कि एनसीसी टीम विश्वविद्यालय की विभिन्न सह-पाठ्यचर्या और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल है, चाहे वह स्वच्छ पर्यावरण अभियान हो, तंबाकू मुक्त परिसर हो या वृक्षारोपण अभियान हो। हमारे कैडेट्स, 160 लड़के और 160 लड़कियां एनसीसी निदेशालय की सभी शिविर गतिविधियों में भाग लेते हैं। वे आर-डे परेड और पीएमध्सीएम रैली में भी सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। यूनिवर्सिटी के कुलपति पद्मश्री प्रो.(डॉ.) महेश वर्मा ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में एनसीसी सेल यूनिवर्सिटी कैम्पस के अलावा सभी संबद्ध इन्स्टिटूट में भी सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

### साहित्य अकादेमी पुरस्कार प्रक्रिया में बदलाव, पहली बार पुस्तकें आमंत्रित

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादेमी द्वारा मान्यता प्रदत्त 24 भारतीय भाषाओं में प्रतिवर्ष दिए जाने वाले देश के सबसे प्रतिष्ठित साहित्यिक पुरस्कारों के लिए चयन प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। साहित्य अकादेमी ने पहली बार इन भाषाओं में वर्ष 2025 के अपने मुख्य पुरस्कार के लिए पुस्तकों के चयन हेतु स्वयं लेखकों, प्रकाशकों एवं उनके शुभचिंतकों से पुस्तकें आमंत्रित की हैं। यह जानकारी देते हुए साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बताया कि पुस्तकें जमा करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2025 है। वर्ष 2025 के पुरस्कारों के लिए वर्ष 2019 से 2023 (1 जनवरी 2019 से 31 दिसंबर 2023) के बीच प्रकाशित पुस्तकों की एक प्रति आवेदन फॉर्म भरकर विचारार्थ भेजी जा सकती है। इस बारे में विस्तृत जानकारी अकादेमी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आगे उन्होंने कहा कि यह जानकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए 24 भारतीय भाषाओं के मुख्य समाचार पत्रों में इस सूचना के विज्ञापन भी जारी किए गए हैं।

### कार में कैश, शराब मामला: भाजपा की है साजिश, क्या चुनाव आयोग सो रहा है: संजय सिंह

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बुधवार रात को पंजाब भवन के पास से पंजाब सरकार लिखी एक कार से नकदी, शराब और आप के पैम्फलेट्स जब्त किए गए। इसके लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने बीजेपी पर निशाना साधा है।

## युवाओं के बिना संभव नहीं है विकसित भारत: डॉ. एस. जयशंकर

**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि विकसित भारत के लिए युवाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है, युवाओं के बिना विकसित भारत संभव नहीं है। विकसित भारत का संकल्प युवाओं के भविष्य से जुड़ा हुआ है और इसकी सिद्धि के लिए उनकी सक्रिय भूमिका अनिवार्य है। डॉ. एस. जयशंकर दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज में विकसित भारत के लिए युवा विषय पर आयोजित एक इंटरेक्शन कार्यक्रम में युवाओं से संवाद कर रहे थे।




इस अवसर पर डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने डॉ. एस. जयशंकर का स्वागत करते हुए कहा कि डॉ. जयशंकर दिल्ली विश्वविद्यालय के सम्मानित पूर्व विद्यार्थी हैं। ऐसे कर्मयोगी पर डीयू को गर्व है। डॉ. एस. जयशंकर ने विकसित भारत में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि तकनीक आधारित इस युग में युवा ही तकनीक के सर्वाधिक करीब हैं और उसके रचनात्मक उपयोग से सर्वाधिक परिचित हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है और दुनिया भर से आने वाले लोग दिल्ली को देखकर भारत के सम्बन्ध में अपनी राय बनाते हैं, इसलिए विकसित भारत हेतु विकसित दिल्ली आवश्यक है। डॉ. एस. जयशंकर ने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि युवाओं को चाहिए कि वे अपने नागरिक दायित्व और भूमिका का निर्वाह करने के क्रम में अपने भविष्य और देश के भविष्य को एक साथ केंद्र में रखें।

## सीएम आतिशी ने रिटर्निंग ऑफिसर को लिखा पत्र, कालकाजी में पैसे और शराब बांटने का आरोप



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री और कालकाजी से आप उम्मीदवार आतिशी ने कालकाजी विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर को पत्र लिखकर निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की है। अपने पत्र में उन्होंने लिखा कि मुझे पता चला है कि कैंप क्षेत्रों, खासकर नेहरू कैंप, नवजीवन कैंप, ट्रांजिट कैंप ए और बी और पॉकेट ए 14, कालकाजी के अंदर बड़ी मात्रा में पैसे और शराब बांटी जा रही हैं। आगे लिखा कि आने वाले विधानसभा चुनावों में मतदाता बिना किसी डर के अपना वोट डाल सकें। यह सुनिश्चित करने के लिए कालकाजी विधानसभा क्षेत्र की झुग्गी-बस्तियों में अर्धसैनिक बलों की मौजूदगी को बढ़ाने की जरूरत है।

## एक्सप्लोरिंग जेंडर में हुए इंटरेक्टिव सेशन, कई पहलुओं पर हुआ विचार-विमर्श

**नई दिल्ली।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की सोसायटी कालनिधी ने आईक्यूसी के सानिध्य तथा वोलस्टोनक्राफ्ट सोसायटी की सहभागिता में एक्सप्लोरिंग जेंडरः कॉन्सेप्ट्स, कन्वर्सेशन्स, एंड चेंज कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें व्यावहारिक चर्चाओं के साथ ही अकादमिक आदान-प्रदान और इंटरेक्टिव लर्निंग सेशन हुए। जिसमें जेंडर से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की प्रोफेसर जया त्यागी तथा मुख्य वक्ता के तौर पर लेखक व कलाकार एकता कुमार ने संबोधित किया। कार्यशाला का संचालन बी.रोलेट ने किया। इस मौके पर सभी अतिथियों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों के योगदान ने इस आयोजन को विशेष बनाया। बी.रोलेट के नेतृत्व में आयोजित इस सत्र में जेंडर आधारित रूढ़ियों को तोड़ने और समानता को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श हुआ। इसके बाद दो सत्र में तीन व चार समानांतर सत्रों में संकाय सदस्यों, शोधार्थियों और छात्रों द्वारा प्रस्तुत शोध पत्र प्रस्तुति ने जेंडर स्टडीज के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। समापन सत्र में बतौर अतिथि ईएचईएसएस, मार्सिले फ्रांस से प्रोफेसर अरुंधति विरमानी व प्रोफेसर जीन बाउटियर सम्मिलित हुए। उद्घाटन व समापन सत्र की अध्यक्षता श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर साधना शर्मा ने की। कालनिधी की कन्वीनर डॉक्टर चयनिका उनियाल ने बताया कि इस आयोजन ने न केवल जेंडर से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाई बल्कि विद्यार्थियों और शोधार्थियों को विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक प्रभावशाली मंच भी प्रदान किया। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजक समिति, आईक्यूएसी सदस्यों, एनसीसी स्टूडेंट, संगीत विभाग और सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद दिया।

## केजरीवाल ने 10 साल मुस्लिमों को खिलाया, राशन के बजाय दारू बांटीः सीएम हेमंत शर्मा

**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव के लिए गुरुवार को करावल नगर सीट पर भाजपा उम्मीदवार कपिल मिश्रा के समर्थन में प्रचार करते हुए असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा ने प्रचार किया। असम सीएम ने एक के बाद एक आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा किदिल्ली देश की पहचान है। विदेशी लोग भी दिल्ली को देखकर देश के अन्य राज्यों में निवेश करते हैं। असम जाने पर केजरीवाल ने मोहल्ला क्लिनिक का हल्ला मचाया तो देखने को उत्सुक हो गया। दिल्ली आने पर फुटपाथ पर मोहल्ला क्लिनिक देखकर चैंक गया। असम में मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। आयुष्मान कार्ड से देश भर में विभिन्न बीमारियों का इलाज हो रहा है। हेमंत बिस्वा शर्मा ने आरोप लगाया कि केजरीवाल दिल्ली वालों के कल्याण के लिए काम नहीं कर रहे हैं। मोहल्ला क्लिनिक और शीशमहल का फोटो एक साथ देखकर लोगों को खुद तय करना है कि वोट किसे देना है। पांच लाख की बीमा योजना को दबाकर बैठा है और बदले में मोहल्ला क्लिनिक खोला है। असम के सीएम ने आगे कहा कि दारू का धंधा करके जेल गए। जेल से कुर्सी पर रहकर काम किया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर त्याग पत्र दिया और आतिशी को सीएम बनाया। पड़ोसी को राशन देने के समय दारू का कारोबार किया। अब हरियाणा से जहरीला पानी यमुना में छोड़ने का नया ड्रामा किया है। दस साल मुस्लिमों को खूब खिलाया है। अब महिलाओं को दो हजार देने की घोषणा कर दी। यदि देना था तो दस साल में दे देते। चुनाव से पहले घोषणा करना और आप कार्यालयों में फॉर्म भरवाना धोखा है। सरकार ऐसे नही चलती। मेरा प्रदेश छोटा है लेकिन हमने माताओं के खाते में 830 रुपए जारी करना शुरू किया। महीने की दस तारीख को दो हजार रुपए 40 लाख महिलाओं के खाते में जा रहा है। बीजेपी जो वादा करती है उसे पूरा करने तक नींद नहीं आती है। केजरीवाल रेवड़ी बांटते हैं बीजेपी को डॉक्टर और इंजीनियर बनाना है। ताहिर खान नहीं बनाना है। देश को आगे बढ़ाना है। विकास करना है। बांग्लादेश में क्या हुआ। दुनिया के किसी भी देश में हिंदुओं के साथ अत्याचार नहीं होगा। सीएए को लेकर जो यह हुआ यह कलंक है। केजी से पीजी तक शिक्षा मुफ्त मिलेंगी।

## 5 फरवरी को इतना जोर से बटन दबाना कि शीशमहल के शीशे टूट जाएं: अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दिल्ली के रोहिणी में जनसभा की। अमित शाह ने जनसभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल पर जमकर हमला बोला। इस दौरान शाह ने मतदाताओं से आह्वान किया कि पांच फरवरी को इतना जोर से बटन दबाना कि केजरीवाल के शीशमहल के शीशे टूट जाएं। अमित शाह ने कहा कि केजरीवाल अपनी हार जान गए हैं, इसलिए यमुना में जहर मिलाने का आरोप लगाया है। केजरीवाल को बताना चाहिए कि यमुना में कौन सा जहर मिलाया। जहर का नाम बताइए। कौन सी लेबोरेटरी की रिपोर्ट की है, उन्हें बताना चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि आठ फरवरी को मत पेटी खुलने दीजिए, आप पार्टी सूपड़ा साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म कर देंगे, तारीख नोट कर लीजिए। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था होगी। अमित शाह ने कहा कि आम आदमी पार्टी वाले वादे कर-के मुकरने वाले लोग हैं, हम वादे के लिए जान देने वाले लोग हैं। इस मंच से कहकर जा रहे हैं एक भी गरीब कल्याण की योजना बंद नहीं होगी। साथ ही, हमारे वादे भी पूरे होंगे।

## अल्पसंख्यकों की उम्मीदें रंग लाएेगी, तरक्की मुस्कुराएेगीः ईमरान मसूद



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से सांसद ईमरान मसूद ने घोषणा पत्र में अल्पसंख्यकों हेतू योजनाओं के संदर्भ में विस्तारपूर्वक चर्चा करने के लिए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित किया।

ईमरान मसूद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सबकी पार्टी है जो देश के नागरिकों के अधिकारो, सुरक्षा, सम्मान और उत्थान के लिए कटिबद्ध है, अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों, हितों और सुरक्षा के लिए कटिबद्ध है। हमारे नेता जन नायक राहुल गांधी अल्पसंख्यकों के अधिकारों, हितों और सुरक्षा के लिए पूरे देश में सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ रहे है।

सांसद मसूद ने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस सरकार बनाने पर कांग्रेस एससी, एसीटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक और विकलांग वित्तीय एवं विकास निगम को मजबूत करेंगे, ताकि इनको व्यवसाय शुरू करने के लिए कम दरों पर कर्ज ऋण मिल सके। उर्दू, पंजाबी और भोजपुरी के शिक्षकों के खाली पड़े पदों को प्राथमिकता से भरा जाएगा। पंजाब अकादमी को पुर्नजीवित करेंगे। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में पंजाबी चेयर की स्थापना के लिए वित्तपोषण करेंगे। गुरु तेग बहादुर के नाम पर एक विश्वविद्यालय की स्थापना करेंगे, जिसमें एक संग्रहालय और एक डिजीटल लाइब्रेरी भी होगी। हम जैन वेलफेयर बोर्ड स्थापित करेंगे जैसे राजस्थान में किया था।

ईमरान मसूद ने कहा कि दिल्ली में सरकार बनने पर अल्पसंख्यकों के आर्थिक कार्यकलापों और रोजगार में समुचित हिस्सेदारी देने के लिए स्वरोजगार देने की पहल करेंगे। अल्पसंख्यकों के जीवन स्तर की दशा में सुधार लाऐंगे।

ईमरान मसूद ने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी अल्पसंख्यक समुदाय को सिर्फ वोट लेने की वक्त ही याद करती है। इन्होंने अल्पसंख्यकों की स्कॉलरशिप बंद कर दी, बजट घटा रहे है पिछले 11 वर्षो में देश और दिल्ली में अल्पसंख्यक वर्ग की पूरी तरह अनदेखी की गई है। ग्रंथियों को वेतन देने की बात करने वाले इमामों और मुअज्जिनों का वेतन रोक देते है जबकि मुस्लिम और सिक्ख दोनों अल्पसंख्यक है। अरविन्द केजरीवाल पूरी तरह बेनकाब हो चुके है। भाजपा की अल्पसंख्यक वर्ग के प्रति सोच नफरत की रही जिसे पूरा देश जानता और समझता है।

## आप का आरोप-पंजाब सीएम भगवंत मान के घर पर चुनाव आयोग की रेड, ईसी का इंकार

**नई दिल्ली।** 5 फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले राजधानी में राजनीति पूरे चरम पर है। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिल्ली स्थित घर पर गुरुवार को चुनाव आयोग ने छापा मारा। आयोग की टीम कपूरथला हाउस तलाशी लेने पहुंची है।वहीं, आप के आरोप पर चुनाव आयोग ने कहा कि हमने कोई छापा नहीं मारा। आयोग एजेंसियों के काम में हस्तक्षेप नहीं करता है। इस कार्रवाई पर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिश ने ट्विटर पर लिखा, दिल्ली पुलिस भगवंत मान के दिल्ली के घर पर रेड करने पहुंच गई है। भाजपा वाले दिन दहाड़े पैसे, जूते, चद्दर बांट रहे हैं, वो नहीं दिखता। बल्कि एक चुने हुए मुख्यमंत्री के निवास पर रेड करने पहुंच जाते हैं।

# आनी में नशे की ओवरडोज से युवक ने तोड़ा दम

इंडिया न्यूज

**शिमला।** जिला कुल्लू के उपमंडल आनी में एक युवक की नशे की ओवरडोज से मौत हो गई है, वहीं मृतक की मां ने बेटे के दोस्तों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। आनी अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। आनी पुलिस से मिले जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान राहुल ठाकुर (24)निवासी गांव तिहणी डाकघर शुश तहसील आनी जिला कुल्लू के रूप में हुई है। आनी पुलिस ने बताया कि मृतक की मां के अनुसार राहुल ने शाम को फोन पर बताया था कि वह अपने दोस्त कायथ के साथ नोगली में है और गोरा मश्नू जा रहे हैं। अगले दिन 28 जनवरी को महिला को पुलिस के माध्यम से सूचना मिली कि उसके बेटे की आनी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। ऐसे में महिला का कहना है कि तीन दोस्तों के द्वारा अगर मृतक को समय पर उपचार दिया जाता, तो उसकी जान बच सकती थी। एसपी डाक्टर कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## शिमला माउंटेन टाउनशिप को नई फंडिंग एजेंसी, एनबीसीसी से बात कर कर रही प्रदेश सरकार

**शिमला।** राजधानी शिमला की बगल में एक और सेटेलाइट शहर बनाने के लिए राज्य सरकार अब फंडिंग एजेंसी बदल सकती है। इसके लिए अब नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन यानी एनबीसीसी से बात कर संभावना तलाशी जा रही है। यदि यहां बात बन गई, तो भारत सरकार के प्रोजेक्ट का इंतजार हिमाचल नहीं करेगा। गौरतलब है कि राज्य सरकार राजधानी शिमला के बगल में स्थित जाठिया देवी में सेटेलाइट टाउनशिप बनाना चाहती है, जिसे भारत सरकार की इनक्यूबेशन सिटी स्कीम में डाला गया है। इस साइट का केंद्रीय शहरी विकास एवं हाउसिंग मंत्रालय की टीम शिमला आकर दौरा कर चुकी है। इसके बाद केंद्रीय मंत्रालय द्वारा उठाई गई आपत्तियों का जवाब भी दिया था।

**उद्योग सलाहकार बोर्ड की बैठक में आईआईएम सिरमौर ने की पर्यटन उद्योग के प्रमुखों की मेजबानी, देश-विदेश के प्रतिनिधि हुए शामिल**

# पर्यटन उद्यमियों ने आईआईएम सिरमौर के छात्रों को सिखाई बारीकियां




इंडिया न्यूज

**नाहन।** भारतीय प्रबंधन संस्थान सिरमौर (आईआईएम) ने उद्योग सलाहकार बोर्ड 3.0 बैठक का आयोजन किया, जिसमें यात्रा और पर्यटन उद्योग के सम्मानित अग्रणियों की मेजबानी की गई, जिसमें अमेरिकन एक्सप्रेस जीबीटी , अलाइक आईओ और एफसीएम जैसे विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त संगठनों के प्रतिनिधि शामिल थे।

उनकी भागीदारी ने दिन की कार्रवाई को समृद्ध किया और आईआईएम सिरमौर के छात्रों को पर्यटन क्षेत्र की उभरती गतिशीलता में अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की। दिन की शुरूआत नए उद्घाटन किए गए शैक्षणिक ब्लॉक के पास पौधारोपण अभियान के साथ हुई जो स्थिरता और हरित भविष्य के लिए आईआईएम सिरमौर की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। गणमान्य व्यक्तियों ने संकाय सदस्यों और छात्रों के साथ पर्यावरण-अनुकूल और स्वच्छ वातावरण के लिए जड़ें जमाते हुए पौधे लगाए। इसके बाद संस्थान के नेतृत्व और उद्योग प्रतिनिधियों के बीच एक सम्मेलन हुआ, जहां उभरते उद्योग रुझानों के साथ एमबीए (पर्यटन प्रबंधन) और एमबीए (पर्यटन, यात्रा और आतिथ्य प्रबंधन ) पाठ्यक्रम को संरेखित करने पर चर्चा हुई। इन संवादों ने आईआईएम सिरमौर की अद्वितीय स्थिति को मजबूत किया क्योंकि यह एकमात्र आईआईएम है जो विशेष रूप से पर्यटन पर केंद्रित एमबीए कार्यक्रम पेश करता है जो उद्योग-प्रासंगिक शिक्षा प्रदान करने के प्रति इसके समर्पण को दर्शाता है।

कार्यक्रम का केंद्र बिंदु राउंड टेबल मेंटरशिप कार्यशाला था, जहां छात्रों को उद्योग जगत के अग्रणियों के साथ व्यक्तिगत मेंटरशिप सत्र में शामिल होने का अनूठा अवसर मिला। इन चचाओं ने छात्रों को पर्यटन क्षेत्र की उभरती मांगों के बारे में मार्गदर्शन, करियर सलाह और अंतर्दृष्टि प्राप्त करने की अनुमति दी। ऐसे दिग्गजों के साथ सीधे संवाद ने न केवल छात्रों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाया, बल्कि उन्हें उद्योग में गतिशील करियर की तैयारी के लिए ज्ञान भी प्रदान किया।

इस उत्सव ने न केवल पर्यटन शिक्षा में एक विचारशील प्रमुख के रूप में आईआईएम सिरमौर की भूमिका को मजबूत किया, बल्कि शिक्षा और उद्योग के बीच सार्थक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक मंच भी प्रदान किया, जिससे पर्यटन क्षेत्र में एक स्थायी और अभिनव भविष्य के लिए मंच तैयार हुआ।

# मुख्यमंत्री ने की पूर्व मंत्री सुजान सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धाजंलि अर्पित



इंडिया न्यूज

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा जिले के फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव मंझार में राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया के घर जाकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री सुजान सिंह पठानिया को उनकी चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय सुजान सिंह पठानिया द्वारा प्रदेश के विकास में दिए गए योगदान को स्मरण किया तथा कहा कि उन्होंने हमेशा प्रदेश के विकास को सुनिश्चित करने के लिए अपना बहुमूल्य योगदान दिया। उन्होंने कहा कि वे फतेहपुर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे तथा आज जो भी विकास इस क्षेत्र में हुआ है उसमें उनका बहुत बड़ा योगदान है। इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, कृषि मंत्री चन्द्र कुमार, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धमार्णी, हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, विधायक आशीष बुटेल, मलेन्द्र राजन, संजय रतन, सुदर्शन बबलू, नीरज नैयर, राकेश कालिया और हरदीप सिंह बावा, अध्यक्ष, राज्य सहकारी एवं ग्रामीण विकास बैंक संजय सिंह चौहान, उपाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश औद्योगिक विकास निगम विशाल चम्बियाल, पूर्व मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी तथा आशा कुमारी, पूर्व सांसद विप्लव ठाकुर तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**स्वर्गीय सुजान सिंह पठानिया द्वारा प्रदेश के विकास में दिए गए योगदान को स्मरण किया**

# शिक्षण संस्थानों में सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविरों का आयोजन करें : उपायुक्त



इंडिया न्यूज

**नाहन।** उपायुक्त सिरमौर सुमित खिम्टा की अध्यक्षता में आज उपायुक्त कार्यालय में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

उपायुक्त ने बैठक में रोड़ सेफ्टी से जुडी विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने जिला चिकित्सा अधिकारी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी तथा पुलिस विभाग को निर्देश दिए की मेडिकल कॉलेज, इंजिनियरिंग कॉलेज, आईटीआई वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं तथा डाईट जैसी संस्थानों में नियमित सड़क सुरक्षा जागरूकता शिवरों का आयोजन किया जाए।

इसके अलावा काला आंब से पांवटा तक सड़क किनारे रहने वाले लोगों को दुर्धटना के समय बचाव कार्य करने के बारे में जागरूक किया जाऐ।

उन्होंने कहा कि जिला के अन्य शिक्षण संस्थानों में भी इस तरह के शिविरों का आयोजन करना सुनिश्चित करें ताकि अधिक से अधिक युवाओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर जिला में 16 शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। इसके अलावा नाहन शहर के प्रमुख स्थानों पर साइनेज भी लगा दिए गए है।

इस अवसर पर उपमंडल दण्डाधिकारी राजीव सांख्यान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अजय पाठक, एक्सईएन लोक निर्माण विभाग आलोक जुनैजा, डीएसपी रमाकांत ठाकुर, राष्ट्रीय राजमार्ग के नितिष शर्मा, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोना चौहान सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की घोषणा पहले भाजपा ने बदली, फिर भाजपा की कांग्रेस ने, पिसा कौन?

इंडिया न्यूज

**शिमला।** सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं के चाहे कितने भी दावे क्यों न कर ले, परंतु स्थिति इसके बिलकुल विपरीत है। नेरवा तहसील में उत्तराखंड की सीमा पर स्थित प्रदेश की आखिरी पंचायत टेलर और किरण के लोगों को अगर सिरदर्द भी हो जाए, तो दवा लेने के लिए तीस किलोमीटर दूर उत्तराखंड के त्यूणी जाना पड़ता है। इन दोनों पंचायतों के डेढ़ दर्जन गांवों के लिए आठ साल पूर्व क्योंथली में एक पीएचसी खोलने की घोषणा की गई थी। मजेदार बात यह है कि इस पीएचसी का अलग-अलग सरकारों द्वारा तीन बार शिलान्यास किया गया।

इसके बावजूद भी इस दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पाई। सबसे पहले 1917 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने क्योंथली में पीएचसी खोलने की घोषणा की, जिसे जयराम सरकार ने आते ही डिनोटिफाई कर दिया।

इसके पांच साल बाद चुनाव से ठीक पहले 2022 में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री डा. राजीव सहजल ने फिर से पीएचसी खोलने की घोषणा कर दी। सरकार बदलते ही सुक्खू सरकार ने भी इसे डिनोटिफाई कर दिया। एक साल बाद खुद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एक बार फिर इसे खोलने की घोषणा कर दी। आज स्थिति यह है कि पीएचसी का तीन तीन बार शिलान्यास होने के बाद यह कहीं ढूंढें नहीं मिल रही है। सरकार द्वारा किए जा रहे इस मजाक से क्षेत्रवासी अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे है।

**'सरकार बदलते ही सुक्खू सरकार ने भी इसे डिनोटिफाई कर दिया'**

## कुंभ मेले में सिरमौर के शिव कांडों गांव के 70 वर्षीय बुजुर्ग केदार सिंह लापता

**नाहन।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ पर्व में देश विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इसी कुंभ मेले में हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र के शिव कांडों गांव के 70 वर्षीय केदार सिंह लापता हो गए हैं। बताते हैं कि कुंभ मेले में 29 जनवरी को सुबह सेक्टर 23 के संगम घाट से वह अपने परिवार से बिछड़ गए और अभी तक उनका कोई भी पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने कुंभ मेले में काफी तलाश की लेकिन पता नहीं चल पाया है। साथ ही परिजनों ने कुंभ मेले में पहुंचे लाखों लोगों से भी अपील की है कि यदि कहीं 70 वर्षीय बुजुर्ग केदार सिंह नजर आए तो है उसकी जानकारी 98164 39209 और 9816121570 नंबरों पर दे। जानकारी के लिए परिजनों और आचार्य देवेंद्र शर्मा के नंबर साझा किए हैं जिस पर इसकी जानकारी दी जा सकती है।

# कुष्ठ रोग कोई अभिशाप नहीं एक दीर्घकालिक संक्रमण हैं, जिसका इलाज संभव है : पाठक





इंडिया न्यूज

**नाहन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग नाहन द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी नाहन डॉ अजय पाठक की अध्यक्षता में आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में विश्व कुष्ठ रोग दिवस का आयोजन किया गया।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि कुष्ठ रोग दिवस हर वर्ष 30 जनवरी को राष्ट्रीय पिता महात्मा गाँधी जी की पुण्यतिथि पर मनाया जाता है। इस रोग से जुड़े कलंक और सामाजिक भेद भाव को मिटाने के उददेश्य से इस दिवस को मनाया जाता है। उन्होंने बताया कुष्ठ रोग दीर्घकालिक संक्रमण हैं, यह बीमारी मुख्य रूप से त्वचा ,आँखों ,नाक, और परिधीय तंत्रिकाओ को प्रभावित करती है। कुष्ठ रोग के कुछ और लक्षण ये है जैसे त्वचा पर सफेद दाग ,हाथ पैर में सुन्नता ,मासपेशियों में कमजोरी, नजर चले जाना या अंधापन, सूजे हुए लिम्फ नोड। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग का इलाज संभव है, अगर इस रोग का इलाज समय रहते शुरू कर दिया जाए ,तो ज्यादातर विकलांगताओ से बचा जा सकता है। उन्होंने इस अवसर पर कर्मचारियों को कुष्ठ दिवस पर शपथ दिलाते हुए यह संदेश दिया गया की हमें पापी से नहीं पाप से लड़ना हैं, अगर कोई लक्षण वाला व्यक्ति मिलता है तो उसकी पूरी तरह से मदद करनी है। हमें रोगी के साथ बैठने खाने, घूमने, फिरने पर किसी प्रकार का भेदभाव नही करना चाहिए, क्योकि यह रोग ऐसे नहीं फैलता हैं। हमें पीड़ित व्यक्ति के साथ सामाजिक भेदभाव की रोकथाम के लिए सदा प्रयत्नशील रहना हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर हम उनका सपना कुष्ठ मुक्त भारत के लिए प्रयत्नशील रहे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर कर्मचारियों द्वारा 2 मिनट का मौन भी रखा गया।

# वात्सल्य योजना में बड़ा बदलाव, अनाथ बच्चे भी किए शामिल




इंडिया न्यूज

**धर्मशाला।** केंद्र सरकार की ओर से वात्सल्य योजना में बड़ा बदलाव किया गया है। अब अनाथ बच्चों के साथ-साथ विधवाओं, परित्यकता, तलाकशुदा व सात वर्षों से पति के लापता होने की स्थिति वाले परिवारों के बच्चों को भी योजना में शामिल किया गया है। केंद्रीय वात्सल्य योजना के तहत उक्त में से पात्र परिवारों के सभी बच्चों को प्रतिमाह चार हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। इसमें जीरो से 18 आयु के सभी बच्चों को शामिल किया गया है। योजना में बड़ा संशोधन होने के बाद देश भर सहित हिमाचल प्रदेश से भी आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके चलते अब प्रदेश के पात्र बच्चों के नाम को केंद्रीय पोर्टल में अपलोड किया जा रहा है। जल्द ही केंद्र की होने वाली अहम बैठक में बजट आबंटित कर दिया जाएगा। इससे प्रदेश के हजारों अनाथ बच्चों के साथ विधवाओं, परित्यकता व तलाकशुदा महिलाओं के बच्चों को जीवन-यापन करने को बड़ी सुविधा मिल पाएगी।

इससे पहले तक वात्सल्य योजना में मात्र पूरी तरह से अनाथ बच्चों को ही शामिल किया जाता था, जिसमें शुरूआती दौर में 2500 रुपए प्रदान किए जाते थे, जिसे बढ़ाकर चार हजार रुपए प्रतिमाह कर दिया गया था।

केंद्र सरकार की ओर से अनाथ बच्चों को सहारा प्रदान करने के लिए वात्सल्य योजना में महत्त्वपूर्ण बदलाव किया गया है, जिसकी नोटिफिकेशन भी जारी कर दी गई है।

अब मिशन वात्सल्य में अनाथ बच्चों के साथ-साथ अन्य विभिन्न कैटगिरियों को भी शामिल करके उन्हें प्रतिमाह चार हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। कांगड़ा में इस वक्त में संशोधित योजना के तहत छह हजार से अधिक बच्चों के नामों को पोर्टल में अपलोड किया गया है।

### नोटिफिकेशन जारी

महिला एवं बाल विकास विभाग कांगड़ा के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि वात्सल्य योजना में केंद्र सरकार की ओर से महत्त्वपूर्ण बदलाव किया गया है। इसकी नोटिफिकेशन जारी कर दी गई है, इसके तहत बच्चों को सुविधा प्रदान किए जाने के लिए विभाग की ओर से काम किया जा रहा है। पात्र बच्चों की सूची केंद्रीय पोर्टल में अपलोड की जा रही है। केंद्र की ओर से अब बजट जारी होने पर प्रतिमाह बच्चों को चार हजार रुपए मिल पाएंगे।

# रीडिंग लेवल और स्कूलों में पेयजल के मामले में हिमाचल देशभर में अव्वल

इंडिया न्यूज

**शिमला।** एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन (असर) की 2024 की वार्षिक रिपोर्ट हिमाचल के लिए अच्छी खबर लेकर आई है। लर्निंग लेवल के कई मानकों में 2022 के मुकाबले 2024 में शिक्षा के क्षेत्र में सुधार हुआ है।

रीडिंग लेवल और स्कूलों में पेयजल की उपलब्धता के मामले में हिमाचल अव्वल आंका गया है। हालांकि स्कूल इनरोलमेंट में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। हिमाचल प्रदेश में छात्रों का रीडिंग लेवल सबसे बेहतर आंका गया है। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में तीसरी कक्षा के 46.6 प्रतिशत छात्र-छात्राएं आसानी से दूसरी कक्षा की हिंदी की पाठ्य पुस्तक पढ़ लेते हैं। असर के अनुसारए पूरे देश में औसत मात्र 23.4 प्रतिशत छात्र-छात्राएं ही सेकेंड क्लास की पुस्तक पढ़ पाते हैं, जबकि हिमाचल में राष्ट्रीय औसत से दोगुणा ज्यादा स्टूडेंट सेकेंड क्लास की पाठ्य पुस्तक पढ़ लेते हैं। वर्ष 2022 से 2024 में 10 फीसदी प्वॉइंट ज्यादा राज्य ने अर्जित किए हैं।

इस रिपोर्ट को बनाने के लिए राज्य के 268 स्कूलों का निरीक्षण किया गया। रिपोर्ट कहती है कि कक्षा आठ के रीडिंग लेवल में हिमाचल तीसरे स्थान पर है, जबकि पहले स्थान पर मिजोरम और दूसरे स्थान पर केरल का नंबर है। इसी तरह सरकारी स्कूलों में ड्रिंकिंग वॉटर की सप्लाई के मामले में हिमाचल 90.4 फीसदी अंकों के साथ टॉप पर आंका गया है। 2022 में हिमाचल के 88 फीसदी नंबर थे। रिपोर्ट यह कहती है कि डिजिटल लिटरेसी यानी स्मार्टफोन के मामले में भी हिमाचल तीसरे स्थान पर रखा गया है, जबकि केरल पहले और मिजोरम दूसरे स्थान पर है। लाइब्रेरी बुक्स के मामले में भी हिमाचल तीसरे नंबर पर है, जबकि पहले नंबर पर उत्तर प्रदेश और दूसरे नंबर पर उत्तराखंड है। असर रिपोर्ट में आए बेहतर परिणामो पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पिछले दो साल में राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से सुधार हुआ है, लेकिन यह अभी शुरूआत है। शिक्षा विभाग को और भी कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि नेशनल अचीवमेंट सर्वे में भी हिमाचल 21 में नंबर पर आ गया था।

इसलिए इस क्षेत्र में भी सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज ही विभाग की समीक्षा हुई है और कुछ मामलों में कैबिनेट में फैसले होंगे। असर की रिपोर्ट के अनुसार राज्य के लिए सबसे बड़ी चिंता की बात स्कूल इनरोलमेंट में स्थिरता और 15 से 16 साल के आगे ग्रुप में तीन फीसदी वह बच्चे हैं, जो अभी स्कूल नहीं जा रहे हैं। 2022 में यह आंकड़ा 2.2 फीसदी था। सरकारी स्कूलों के बच्चों में गणित विषय को समझने के स्तर में भी थोड़ा सुधार है।

## खबर एक्सप्रेस

### संगम विहार के वैश्य समाज के लोगों ने आम आदमी पार्टी का किया समर्थन



**नई दिल्ली।** संगम विहार विधानसभा क्षेत्र के वैश्य समाज और खासकर व्यापारी वर्ग ने आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी दिनेश मोहनिया का समर्थन किया है संगम विहार के भगवती गार्डन में आयोजित वैश्य सम्मेलन में आप नेता और राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारी वर्ग ने यह घोषणा की। इस मौके पर प्रमुख व्यापारी परमानंद अग्रवाल और विजय गुप्ता ने राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता और आप प्रत्याशी दिनेश मोहनिया को बुके देकर स्वागत किया। राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज को जितना मान-सम्मान आम आदमी पार्टी ने दिया है उतना किसी अन्य पार्टी ने नहीं दिया, वैश्य समाज को राज्यसभा में भेजने से लेकर वैश्य समाज को दिल्ली विधानसभा के चुनाव में टिकट में अच्छी-खासी हिस्सेदारी और भागीदारी दी है। अरविंद केजरीवाल स्वयं वैश्य हैं। इसलिए वह सबको साथ लेकर चलते हैं, उन्होंने हर धर्म, जाति और समाज के लोगों को टिकट देकर सबका मान-सम्मान बढ़ाया है। संगम विहार के प्रमुख व्यापारी परमानंद अग्रवाल ने बताया कि अरविंद केजरीवाल की नीतियां गरीबों और आम लोगों के हित में है उन्हें गरीबों और मध्यम वर्गीय परिवारों की चिंता है। बिजली-पानी की मुफ्त सुविधा देकर अरविंद केजरीवाल ने गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की चिंताओं को दूर किया है इसके साथ ही महिलाओं को फ्री बस सर्विस देकर अरविंद केजरीवाल ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी चुनाव जीतने के बाद हर महिला को 2100 रुपए देगी, जिससे महिलाएं और भी अधिक आत्मनिर्भर होंगी। इस मौके पर 500 से अधिक वैश्य समाज के लोग कार्यक्रम में मौजूद थे।

### अमेजन एमएक्स प्लेअर के स्ट्रीमनेक्स्ट इवेंट में भारत में मुफ़्त मनोरंजन के भविष्य की रूपरेखा पेश की

**गुरुग्राम।** अमेजन एमएक्स प्लेअर के स्ट्रीमनेक्स्ट इवेंट के पहले संस्करण में वैश्विक मार्केटिंग लीडर, सर मार्टिन सोरेल, बेनेडिक्ट इवांस और प्रमुख मनोरंजन उद्योग की हस्तियों ने भाग लिया। यह स्टार-स्टडेड इवेंट भारत में कंटेंट की खपत के बदलते परिप्रेक्ष्य को प्रदर्शित करने के साथ यह दिखाता है कि कैसे अमेजन एमएक्स प्लेअर विज्ञापनदाताओं के लिए मजबूत और अविस्मरणीय ब्रांड बनाने में एक परिवर्तनकारी साझेदार बन रहा है। बॉबी देओल आश्रम 3, सुनील शेट्टी और जैकी श्रॉफ हंटर 2, रेमो डिसूजा और मलाइका अरोड़ा हिप हॉप इंडिया 2, अशनीर ग्रोवर राइज एंड फॉल जैसी प्रमुख हस्तियों की शानदार उपस्थिति के बीच, अमेजन एमएक्स प्लेअर ने 2025 के लिए अपनी 100 से अधिक नई शोज की सूची पेश की। अमेजन एड्स इंडिया के प्रमुख गिरीश प्रभु ने कहा आज की बैठक का उद्देश्य अमेजन एमएक्स प्लेअर की विशाल पहुंच को एक साथ लाना है, जो विज्ञापन तकनीक के साथ अमेजॅन के खरबों ग्राहक को एक साथ लेकर आती है। यह सभी ब्रांडों को सक्षम बनाने के बारे में है, न कि सिर्फ उन ब्रांडों को जो अमेजन पर बिकते हैं, ताकि वे भारत में 250 मिलियन से अधिक विशिष्ट उपयोगकताओं तक पहुंच सकें और प्रासंगिक विज्ञापन दे सकें।

### दिल्ली के 37 प्रतिशत स्वरोजगारियों की सुविधा के लिए डिजिट लाइफ इंश्योरेंस लेकर आया है ग्लो टर्म लाइफ इंश्योरेंस



**नई दिल्ली।** भारत की तेजी से बढ़ती आधुनिक डिजिटल लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में से एक, गो डिजिट लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड डिजिट लाइफ ने अपना पहला इंडीवीजुअल प्योर टर्म लाइफ इंश्योरेंस प्लान डिजिट ग्लो टर्म लाइफ इंश्योरेंस लॉन्च करने की घोषणा की है। इसे खास तौर पर स्वरोजगारी व्यक्तियों के लिए तैयार किया गया है। ग्राहक सेवा में सरलता और एजेंट की तेजी से ऑनबोर्डिंग के लिए, डिजिट लाइफ इंश्योरेंस ने दिल्ली के नेहरु प्लेस और हरयाणा में मेहरौली-गुरुग्राम रोड पर ऑफिस भी खोला है। स्वरोजगारियों की आर्थिक सहायता के लिए, डिजिट लाइफ अपने खुद के तैयार किए गए टेक्नोलॉजी-इनेबल्ड मॉडल के जरिए तमाम डेटा प्वाइंट और वैकल्पिक क्रेडिट पैरामीटर का इस्तेमाल करके बेहतर फाइनेंशियल अंडर राइटिंग तैयार करेगा। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली के लगभग 37.8 प्रतिशत लोग स्वरोजगार करते हैं। भारत में करीब 30 करोड़ से ज्यादा स्वरोजगारी हैं जो तमाम चुनौतियों, जैसे आय में उतार चढ़ाव, आय का कोई प्रमाण न होना वगैरह, के कारण अपने लिए बेहतर टर्म लाइफ इंश्योरेंस नहीं खरीद पाते। लॉन्च की जानकारी देते हुए गो डिजिट लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफि सर, संदीप भारद्वाज, ने कहा, स्वरोजगारी दिल्लीवासी, जिनमें छोटे व्यापारी, गिग वर्कर, और पेशेवर शामिल हैं।

### पुस्तक प्रेमी हो जाएं तैयार, एक फरवरी से शुरू हो रहा नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला

**नई दिल्ली।** पुस्तक प्रेमियों के लिए खुशखबरी। प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में 1 फरवरी से नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला का आगाज हो रहा है। यह मेला एक फरवरी से शुरू होकर 9 फरवरी तक चलेगा। यहां किताबों के अलावा पुस्तक प्रेमी अपने पसंदीदा लेखकों से रूबरू हो सकेंगे। मिली जानकारी के अनुसार, यहां पर 1000 से ज्यादा प्रकाशक हिस्सा ले रहे हैं। 600 इवेंट आयोजित किए जाएंगे। पुस्तकों की करीब 2000 स्टॉल लगाए जाएंगे। जहां पाठक प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ ही साथ साहित्य, अध्यात्म सहित विभिन्न क्षेत्रों की किताबें ले सकेंगे। वहीं, डिजिटल हो रही इस दुनिया में ऑफलाइन किताब हमारे लिए क्यों जरूरी है, इसे बताने के लिए पंकज त्रिपाठी, शशि थरूर, गजेंद्र सिंह शेखावत, गोविंद ढोलकिया, कुमार विश्वास और प्रकाश झा जैसे दिग्गज जुड़ेंगे। इस पुस्तक मेले की खास बात यह है कि यहां देसी लेखकों के अलावा फ्रांस, कतर, स्पेन, यूएई, सऊदी अरब, कोलंबिया और रूस सहित 50 से अधिक देशों के अंतरराष्ट्रीय लेखक और वक्ता भाग लेंगे। भारत मंडपम में बच्चों को लुभाने के लिए चिल्ड्रन कॉर्नर (किड्ज किंगडम) पवेलियन भी बनाया जाएगा। मेले के सभी नौ दिनों में युवा दर्शकों के लिए कहानी, साहित्य, कला, शिल्प और नृत्य सत्र आयोजित किए जाएंगे। अगर आप पुस्तक मेले में जाने का प्लान बना रहे हैं, तो ध्यान रहें कि मेले में आने के लिए टिकट की व्यवस्था भी की गई है। दिल्ली के प्रगति मैदान मेट्रो स्टेशन छोड़कर आप किसी भी स्टेशन से टिकट ले सकते हैं। वयस्क के लिए टिकट की कीमत 20 रुपये है। वहीं बच्चों के लिए 10 रुपये की कीमत रखी गई है। स्कूल ड्रेस में आने वाले छात्रों को मेले में मुफ्त एंट्री दी जाएगी।

## महाकुंभ में भगदड़ के अगले दिन मेला क्षेत्र में आग: कई पंडाल जले, 19 जनवरी को आग में 180 पंडाल जले थे

इंडिया न्यूज नेटवर्क

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ मेला में भगदड़ के एक दिन बाद गुरुवार को आग लग गई। मेला क्षेत्र के सेक्टर- 22 में कई पंडाल जल गए। फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई है।

आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है। जहां आग लगी है, वहां पब्लिक नहीं थी, इसलिए जनहानि की सूचना नहीं है। सीनियर अफसर भी मौके पर पहुंच गए हैं। हालांकि, आग किस वजह से लगी। अभी तक क्लियर नहीं हो पाया है।

बुधवार यानी कल मौनी अमावस्या के मौके पर भगदड़ मची थी। इसमें 40 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। प्रशासन ने 30 मौतें स्वीकार की थी।



**19 जनवरी को भी लगी थी आग, 180 कॉटेज जले थे**...महाकुंभ के मेला क्षेत्र में 19 जनवरी को शाम करीब साढ़े चार बजे आग लग गई थी। शास्त्री ब्रिज के पास सेक्टर 19 में गीता प्रेस के कैंप में ये आग लगी थी। गीता प्रेस के 180 कॉटेज आग में जल गए थे। महाकुंभ प्रशासन के अनुसार, गीता प्रेस की रसोई में छोटे सिलेंडर से चाय बनाते समय गैस लीक होने के कारण आग लगी थी। आग लगने से रसोई में रखे 2 गैस सिलेंडर ब्लास्ट हुए थे। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई थी। फायर ऑपरेशन के लिए तैनात है AWT, 50 फायर फाइटिंग पोस्ट महाकुंभ नगरी में फायर ऑपरेशंस के लिए एडवांस्ड फीचर वाले 4 आर्टिकुलेटिंग वाटर टावर (LWT) तैनात की गई हैं। इनमें वीडियो-थर्मल इमेजिनिंग जैसा एडवांस सिस्टम है। इसका इस्तेमाल बहुमंजिली और ऊंचाई वाले टेंट की आग बुझाने के लिए किया जाता है। LWT 35 मीटर की ऊंचाई तक आग बुझा सकती है।

महाकुंभ मेला क्षेत्र को फायर फ्री बनाने के लिए यहां 350 से ज्यादा फायर ब्रिगेड, 2000 से ज्यादा ट्रेंड मैनपावर, 50 अग्निशमन केंद्र और 20 फायर पोस्ट बनाए गए हैं। अखाड़ों और टेंट में फायर प्रोटेक्शन इक्विपमेंट लगाए गए हैं।

प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर भगदड़ में 35 से 40 लोगों की मौत के बाद सरकार एक्शन में है। रात को उट योगी ने टॉप अफसरों के साथ हाई लेवल की मीटिंग की। फिर महाकुंभ में अनुभवी ऑफिसर्स की ड्यूटी लगाई गई है। IAS आशीष गोयल और भानु चंद्र गोस्वामी को तत्काल प्रयागराज पहुंचने को कहा गया है।

## जेके सीमेंट प्लांट हादसा...5 की मौत, 30 से ज्यादा घायल

### पन्ना में निमार्णाधीन छत का स्लैब गिरा, 100 से ज्यादा मजदूर मौजूद थे

इंडिया न्यूज नेटवर्क

**पन्ना।** पन्ना में स्थित जेके सीमेंट प्लांट में गुरुवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में निमार्णाधीन हिस्से में छत की स्लैब डाली जा रही थी, जहां सैकड़ों मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक भाड़ा (स्कैफोल्डिंग) गिर गया, जिसकी चपेट में कई मजदूर आ गए। अब तक 5 मजदूरों के शव निकाले जा चुके हैं। करीब 30 मजदूर घायल बताए जा रहे हैं। 6 एम्बुलेंस घायलों को लेकर कटनी के लिए रवाना हो चुकी है। कुछ घायल मजदूरों को सतना के बिरला हॉस्पिटल भेजा गया है। एएसपी आरती सिंह ने बताया कि राहत बचाव कार्य किया जा रहा है। कई घायल मजदूरों को नजदीकी कटनी जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं, मलबे में दबे कई मजदूरों को निकालने की कोशिश की जा रही है। हादसे में तीन घंटे बाद भी प्रशासन और प्रबंधन की तरफ से कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी जा रही है। प्लांट का मेन गेट बंद कर दिया गया है। प्लांट के अंदर केवल प्रशासन और कर्मचारियों के साथ-साथ एसडीआरएफ की टीम है। पन्ना एसपी साईं कृष्ण एस थोटा ने बताया, पुलिस बल और एसडीआरएफ की टीम राहत और बचाव कार्य में लगी है। अभी मरने वालों और घायलों की संख्या की पुष्टि नहीं हुई है।



#### प्लांट में 100 से ज्यादा मजदूर कर रहे थे काम

प्लांट के अंदर से मिली जानकारी के अनुसार, निमार्णाधीन बिल्डिंग पांच मंजिला है। इस सेक्टर में करीब 100 से ज्यादा मजदूर काम कर रहे थे। ये सभी यूपी, बिहार, झारखंड और मध्यप्रदेश के जिलों के रहने वाले हैं। अभी पांचवी मंजिल का रेस्क्यू पूरा हो गया है। एसडीआरएफ की टीम एक-एक कर सभी मंजिलों का रेस्क्यू कर रही है। अंदर के पांचों गेट बंद कर दिए गए हैं। घटना के करीब 4 घंटे बाद भी प्लांट प्रबंधन ने कोई जानकारी नहीं दी है। पन्ना हादसे पर खजुराहो सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा, घटना के विषय में जिला प्रशासन से बात की गई है। हादसे में तत्काल सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। घायलों को समुचित इलाज के लिए जिला प्रशासन को व्यवस्था करने को कहा गया है।

## 'आप का मतलब झूठ, फरेब, धोखा': दिल्ली में गरजे अमित शाह, बोले- इस काम में नंबर 1 हैं केजरीवाल, अब बना रहे बहाने



इंडिया न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली।** पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर राजधानी में राजनीतिक रैलियों और जनसभाओं का आयोजन जारी है। इस कड़ी में केंद्र गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रोहिणी से भाजपा विधानसभा प्रत्याशी विजेंदर गुप्ता के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। गृह मंत्री ने अपने संबोधन में अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केजरीवाल हार देखकर बौखला गए हैं। केजरीवाल झूठ बोलने और बहाने बनाने में नंबर वन हैं।

मैं केजरीवाल से कहना चाहता हूं कि चुनाव जीतने के लिए झूठ बोलना बंद करो। ये कहते हैं कि भाजपा वालों ने दिल्ली वालों को परेशान करने के लिए हरियाणा से यमुना जी के जल में जहर मिलाया है। अरे, केजरीवाल जी कौनसा जहर मिलाया है, कौनसी लेबोरेटरी में आपने टेस्ट कराया है, उसका नाम बताइए। आप कह रहे हैं कि जहर मिलाया हुआ पानी आपने रोक दिया। अरे, यमुना का पानी रुकता है तो गांवों में बाढ़ आती है। लेकिन, आप बताइए दिल्ली के किसी गांव में बाढ़ आई है क्या? दिल्ली में हजारों करोड़ रुपये का घोटाला हुआ। 5 तारीख को दिल्ली की जनता के सामने आप को हटाकर मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने का मौका है।

अमित शाह ने आगे कहा कि दिल्ली की जनता को कमल के निशान पर बटन दबाना है और भाजपा सरकार बनानी है। बटन इतने जोर से दबाना है कि केजरीवाल के 'शीश महल' के शीशे टूट जाएं। हमारी सरकार बनी तो दिल्ली सुंदर बनेगी, कूड़े के पहाड़ खत्म हो जाएंगे, दिल्ली को भ्रष्टाचार से मुक्त करेंगे, सड़कों और गलियों की शानदार सफाई भी करेंगे और साथ में जल प्रबंधन भी हम करेंगे। गृह मंत्री ने हमला बोलते हुए कहा कि केजरीवाल, चुनाव में अपनी हार को जान गए हैं, इसलिए इतनी हल्की राजनीति कर रहे हैं। केजरीवाल जी आपने यमुना को प्रदूषित करके, प्रदूषित पानी पीने के लिए दिल्ली को मजबूर किया है और आपने पानी के शुद्धिकरण, सड़कों की सफाई और जल बोर्ड के स्वच्छ पानी देने के सारे पैसे आप के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिए हैं।

## डिंपल यादव का मिल्कीपुर में 10KM लंबा रोड शो: गाड़ी के पीछे दौड़े कार्यकर्ता, एक घंटे फंसी रही एम्बुलेंस

इंडिया न्यूज नेटवर्क

**अयोध्या।** अयोध्या के मिल्कीपुर में गुरुवार को सपा सांसद डिंपल यादव ने 10 किलोमीटर लंबा रोड शो किया। उनके साथ खुली जीप में मछली शहर से सांसद प्रिया सरोज, कैराना सांसद इकरा हसन, अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद और सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद भी सवार हुए। रोड शो के दौरान डिंपल यादव की एक झलक पाने के लिए लोग बेताब थे। कार्यकर्ता उनकी गाड़ी के पीछे दौड़ते नजर आए। सेल्फी लेने की युवाओं में होड़ मची रही। जगह-जगह फूल बरसाए गए। रोड शो से हाईवे पर जगह-जगह जाम लग गया। कुचेरा बाजार में एम्बुलेंस करीब 1 घंटे जाम में फंसी रही। डिंपल ने अपना रोड शो इनायतनगर खत्म किया। कहा- मिल्कीपुर के लोग बदलाव के लिए पहला कदम उठाएंगे। आप लोगों ने लोकसभा में जो संदेश संविधान को बचाने के लिए दिया था, वहीं आगे भी देना है। मिल्कीपुर भी जीत कर देश में इतिहास रचना है।

भाजपा आम आदमी की आवाज को दबाना चाहती है। आप लोगों को डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि डटकर मतदान करने की जरूरत है। पहले, डिंपल ने कुमारगंज के महर्षि वामदेव तपोस्थली पर पूजा-अर्चना



की। यहीं से रोड शो शुरू हुआ। इससे पहले, अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचने के बाद डिंपल यादव ने महाकुंभ भगदड़ हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा- हमारी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने अपनों को खोया है। जिनकी मौत हुई है, उनके शव परिजनों को जल्द सौंपे जाएं। उन्होंने सरकार से मांग की कि मुआवजे की राशि बढ़ाई जाए। डिंपल यादव ने कहा- आप लोगों का एक-एक वोट संविधान को मजबूती देगा। क्योंकि मौजूदा सरकार के लोग संविधान को बदलना चाहते हैं। देश में परिवर्तन आए और सब लोग आगे बढ़ें। इसलिए मिल्कीपुर का चुनाव जीतना है, वो भी भारी वोटों से। सांसद भी चलने वाली है, बस एक संदेश जाएगा कि उत्तर प्रदेश के लोक तरक्की चाहते हैं, युवा नौकरी चाहते हैं।

## डालमिया भारत फाउंडेशन ने रामगढ़ में ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शुरू किया कालीन बुनाई केंद्र

### "पारंपरिक कालीन बुनाई में उद्यमिता और कौशल विकास को बढ़ावा देने की पहल"

इंडिया न्यूज नेटवर्क

**लखनऊ।** ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल के तहत डालमिया भारत समूह की सीएसआर शाखा, डालमिया भारत फाउंडेशन (डीबीएफ) ने जयपुर रग्स फाउंडेशन के सहयोग से उत्तर प्रदेश के गोपालपुर गांव में एक रग लूम सेंटर (कालीन बुनाई केंद्र) शुरू किया है। यह पहल, फाउंडेशन की प्रमुख ग्राम परिवर्तन परियोजना का हिस्सा है, जो चार गांवों - रामपुर, गोपालपुर, गोमिदापुर और अशरफनगर - की 64 महिलाओं को हाथ से गांठ वाली कालीन बुनाई के पारंपरिक शिल्प में प्रशिक्षित करेगी। केंद्र आवश्यक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करेगा, जिसमें डालमिया भारत



फाउंडेशन हथकरघे प्रदान करके इस पहल का समर्थन करेगा। जयपुर रग्स फाउंडेशन तैयार उत्पादों के विपणन और बिक्री में सहायता करेगा, जिससे कारीगरों के लिए आर्थिक स्थिरता और टिकाऊ आजीविका सुनिश्चित होगी। यह परियोजना महिलाओं को 8,000 से 10,000 की अपेक्षित मासिक आय के साथ एक स्थायी आय अर्जित करने के लिए सशक्त बनाएगी। केंद्र का उद्घाटन श्री ए.ए. बेग, उप अधिशासी निदेशक और यूनिट हेड - रामगढ़, डालमिया भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा सीएसआर टीम, ग्राम प्रधान और कारीगरों के साथ किया गया।

## मधेपुरा को मिली 299 करोड़ से अधिक की सौगात, सीएम नीतीश ने 69 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

इंडिया न्यूज नेटवर्क

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में मधेपुरा पहुंचे, जहां उन्होंने जिले के लिए 299 करोड़ रुपये से ज्यादा की योजनाओं की सौगात दी। चौसा प्रखंड के रसलपुर धुरिया पंचायत स्थित गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, उदाकिशुनगंज परिसर से उन्होंने कुल 69 विकास योजनाओं का रिमोट का बटन दबाकर उद्घाटन / शिलान्यास किया। उन्होंने चौसा प्रखंड स्थित रसलपुर धुरिया पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों का जायजा भी लिया। सीएम ने चौसा प्रखंड स्थित आईटीआई, उदाकिशुनगंज के परिसर में लगे विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने इस क्रम में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के स्टॉल पर लगाए गए विभिन्न उत्पादों को देखा और उनसे बातचीत भी की। मुख्यमंत्री ने कहा, "वर्ष 2005 में जब हमें बिहार में काम करने का मौका मिला, तब यहां स्वयं सहायता समूहों की संख्या नाम मात्र की थी। विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ानी शुरू की गई। इससे बिहार की महिलाओं की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आया है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं।" मुख्यमंत्री ने गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज के




छात्रों द्वारा लगाए गए शैक्षणिक कार्यों से संबंधित स्टॉलों को देखा और उनसे बातचीत की। उन्होंने कॉलेज परिसर में बनाए गए सेंटर फॉर एक्सीलेंस का उद्घाटन किया। उन्होंने कॉलेज के वर्कशॉप का भी निरीक्षण किया और आधुनिक तकनीक पर आधारित मशीनों एवं उनकी कार्य पद्धति की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत भदौल-बुधमा में प्रस्तावित मिल्क चिलिंग प्लांट निर्माण कार्य से संबंधित योजना के बारे में भी जानकारी ली। नीतीश कुमार ने अपने मधेपुरा के दौरे पर कई घोषणाएं कीं। उन्होंने सिंहेश्वर धाम मंदिर के जीर्णोद्धार एवं मंदिर परिसर क्षेत्र का विकास करने की घोषणा करते हुए कहा कि इससे लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा होगी तथा स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने चौसा प्रखंड में ग्रिड सब-स्टेशन का निर्माण और मुरलीगंज एवं चौसा प्रखंडों में पावर सब-स्टेशन का निर्माण करवाने का भी लोगों को भरोसा दिया।

मुख्यमंत्री ने मधेपुरा नगर क्षेत्र में स्थित ऑडिटोरियम के आधुनिकीकरण की भी बात कही, जिससे विभिन्न सरकारी कार्यक्रम, सेमिनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित करने में काफी सुविधा होगी। इस दौरान बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, सांसद दिनेश चंद्र यादव और बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव भी उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित होकर नहर में गिरी बाइक, छोटे भाई की मौत

**आसपुर।** अहमदाबाद से घर लौट रहे दो सगे भाइयों की बाइक घर से 25 किमी दूर अनियंत्रित होकर सोमकमला आम्बा बांध की दाई नहर में गिर गई। हादसे में छोटे भाई की डूबने से मौत हो गई। हादसे में बड़े भाई ने तैरकर अपनी जान बचाई। हादसा आसपुर थाना क्षेत्र में टोकवासा मोड़ पर गुरुवार सुबह 5 बजे हुआ।



**घर से महज 25 किमी दूर हुआ हादसा**...सीआई तेज सिंह ने बताया कि सलूंबर जिले के झल्लारा थाना क्षेत्र के गदेया गांव निवासी शंकरलाल (27) और कांतिलाल (22) दोनों सगे भाई थे। दोनों अहमदाबाद में मजदूरी करते थे। शंकरलाल छोटे भाई कांतिलाल के साथ रात 8 बजे अहमदाबाद से बाइक से अपने गांव गदेया आ रहा था। इस दौरान घर से 25 किमी दूर टोकवासा मोड़ पर अचानक बाइक अनियंत्रित होकर एबीसी नहर में गिर गई। तभी शंकरलाल ने तैरकर अपनी जान बचाई और कांतिलाल पानी में डूब गया। जिसके बाद शंकरलाल ने बाहर आकर वार्ड पंच केशवलाल को फोन कर मदद मांगी। वहीं घटना की सूचना आसपुर पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और नहर का पानी बंद करवाकर कांतिलाल की तलाश शुरू की। कांतिलाल का शव पानी में तैरता हुआ मिला, जिसे प्रशासन ने बाहर निकाला और सीएचसी आसपुर ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल शंकरलाल का इलाज सीएचसी में चल रहा है।

**5 साल पहले हुई थी शादी**...अहमदाबाद में लौट रहे कांतिलाल की शादी 5 साल पहले हुई थी और उसकी 2 साल की बेटी है। कांतिलाल के पिता गेबा की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हरियाणा के लिए 2025-26 हेतु नाबार्ड ने घोषित किया 3.14 लाख करोड़ रुपये का क्रेडिट प्लान

- मुख्य सचिव ने किया स्टेट फोकस पेपर का विमोचन
- कृषि, एमएसएमई और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों से मिलेगी आर्थिक विकास को गति

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने हरियाणा में प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के तहत वर्ष 2025-26 के लिए 3.14 लाख करोड़ रुपये की ऋण संभाव्यता का आकलन किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37.64 प्रतिशत अधिक है। कृषि, एम.एस.एम.ई., शिक्षा और नवीकरणीय ऊर्जा आदि प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के अंतर्गत ऋण संभाव्यता की क्रमशः 35.60 प्रतिशत, 57.12 प्रतिशत और 7.28 प्रतिशत हिस्सेदारी का आकलन किया गया है।

हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने आज यहां राज्य क्रेडिट सेमिनार के दौरान नाबार्ड के स्टेट फोकस पेपर (एस.एफ.पी.) का विमोचन किया। कृषि, एम.एस.एम.ई., शिक्षा और नवीकरणीय ऊर्जा आदि प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए ऋण संभाव्यता का आकलन करने के लिए नाबार्ड के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह किसान कल्याण और ग्रामीण विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। सरकार राज्य में फसल विविधिकरण, जलवायु-अनुकूल कृषि, झींगा पालन और सब्जी कलस्टरों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने बैंकों, सरकारी विभागों, नाबार्ड, एस.एल.बी.सी., शैक्षणिक संस्थानों समेत सभी हितधारकों से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए समन्वित प्रयास करने का भी आग्रह किया। मुख्य सचिव ने कहा कि यह स्टेट फोकस पेपर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए इस वर्ष चलाई जाने वाली गतिविधियों के लिए एक बेंचमार्क और मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने कहा हरियाणा कृषि में हमेशा आगे रहा है और देश की खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हमारे किसानों ने अपने अथक प्रयासों से प्रदेश को देश की ब्रैड बास्केट बना दिया है।

हालांकि, हमें घटते भूजल, कम होती भूमि जोत, एम.एस.एम.ई. क्षेत्र की वृद्धि और जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों को स्वीकार करते हुए, इनके लिए तत्काल और अभिनव समाधान खोजने की आवश्यकता है। राज्य सरकार द्वारा इन चुनौतियों से निपटने कई योजनाएं चलाई जा रही हैं और किसानों को प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। डॉ. जोशी ने कहा कि फसल ऋण की वृद्धि को बनाए रखने के लिए, कृषि उत्पादकता बढ़ाकर, फसल विविधीकरण, सभी पात्र किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड देकर, विस्तारित केसीसी योजना का सही ढंग से कार्यान्वयन करके, किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत शामिल करके और जैविक खेती आदि के माध्यम से कम भूमि से अधिक उत्पादन और प्रति बूंद अधिक फसल के लिए ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। सामूहिक प्रयासों और उपज के एकत्रीकरण के लिए किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। अधिक विविधीकरण पर जोर देने के साथ ही एकीकृत कृषि प्रणाली (आईएफएस) को लोकप्रिय बनाया जाना चाहिए। उन्होंने मध्य प्रदेश और तमिलनाडु जैसे राज्यों की तरह ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से केसीसी प्रक्रिया को डिजिटल बनाने का भी आह्वान किया।

मुख्य सचिव ने कहा कि पैक्स के संचालन में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए, केंद्र सरकार ने पैक्स कम्प्यूटरीकरण परियोजना शुरू की है, जिसमें नाबार्ड राष्ट्रीय कार्यान्वयन इकाई है। हरियाणा में, 710 पैक्स को इस योजना के तहत कवर किया जा रहा है। इसी तरह, नाबार्ड द्वारा एच.एस.सी.ए.आर.डी.बी. और 19 डी.पी.सी.ए.आर.डी.बी. सहित कृषि ग्रामीण विकास बैंकों के लिए डिजिटलीकरण परियोजना भी लागू की जा रही है। केन्द्र सरकार की एम-पैक्स योजना को आगे बढ़ाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार नाबार्ड के विजन के साथ पूरी तरह से जुड़ी हुई है। राज्य सरकार ऋण और बाजारों तक पहुंच बढ़ाने के लिए सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं, वित्तीय साक्षरता अभियानों और डिजिटल पहल जैसे कार्यक्रमों को तत्परता रूप से लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए निर्धारित ऋण लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वंचित क्षेत्र और समुदाय पीछे न छूट पाएं।

स्वयं सहायता समूहों के लिए विपणन के अवसर बढ़ाने के लिए, नाबार्ड ने एन.आर.एल.एम. के साथ एक समझौता किया है। इसी कड़ी में, हरियाणा एस.आर.एल.एम. के साथ मिलकर नाबार्ड द्वारा राज्य में एस.एच.जी. उत्पादों के विपणन के लिए कई परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। इसके अलावा, नाबार्ड अपने कृषि क्षेत्र प्रोत्साहन फंड (एफ.एस.पी.एफ.) के माध्यम से सतत कृषि को बढ़ावा दे रहा है और इस इसके लिए राज्य में अनेक पायलट परियोजनाएं भी चला रहा है। उल्लेखनीय है कि करनाल और कैथल में क्षारीय मिट्टी को उपजाऊ बनाने की परियोजना, करनाल में धान के स्थान पर खरीफ प्याज की खेती, हिसार में आईओटी आधारित लवणीय झींगा खेती और हिसार में रोबोटिक्स के माध्यम से बागवानी परियोजना चलाई जा रही है।

## 3.14 लाख करोड़ रुपये की ऋण संभाव्यता का आकलन

नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक निवेदिता तिवारी ने बताया कि नाबार्ड सभी हितधारकों से व्यापक विचार-विमर्श कर हरियाणा के प्रत्येक जिले के लिए ऋण संभाव्यतायुक्त योजना (पी.एल.पी.) तैयार करता है। सभी 22 जिलों की इन योजनाओं में अनुमानित ऋण संभाव्यता का समेकन कर पूरे राज्य के प्राथमिकता क्षेत्र के लिए कुल 3.14 लाख करोड़ रुपये की ऋण संभाव्यता का आकलन किया गया है। उन्होंने नाबार्ड द्वारा प्रदेश के सभी जिलों के लिए तैयार की गई ऋण संभाव्यता को अग्रणी बैंकों द्वारा तैयार जिला ऋण योजना के साथ जोड़ने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने हरियाणा के कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों को पेश आने वाली चुनौतियों का समाधान करने तथा किसानों और ग्रामीणों को लाभान्वित करने वाले स्थायी समाधानों को बढ़ावा देने के लिए नाबार्ड की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन प्रत्येक विकास पहल का केंद्रीय बिन्दु होता है। इसी दिशा में, विशेष रूप से प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) के कम्प्यूटरीकरण और ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल एटीएम और बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट के विस्तार, डिजिटल साक्षरता और वित्तीय सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए नाबार्ड, बैंकों के साथ मिलकर निरंतर प्रयास कर रहा है।

### मुख्यमंत्री ने पानीपत में कपड़ा उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ की पूर्व बजट परामर्श बैठक

# देश और प्रदेश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाए उद्योग जगतः सीएम





- उद्यमियों द्वारा दिए गए सुझावों को ज्यादा से ज्यादा आगामी बजट में किया जाएगा शामिल
- उद्यमी पोर्टल पर भी दे सकते हैं सुझाव, अब तक बजट के लिए 9 हजार से ज्यादा सुझाव हुए प्राप्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को बजट 2025-26 के लिए पानीपत में कपड़ा उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की। इस मौके पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कपड़ा उद्योग जगत के साथ जो विचार विमर्श हुआ है और सुझाव लिए गए हैं, उन्हें आगामी बजट में ज्यादा से ज्यादा शामिल करने पर पूर्ण रूप से विचार किया जाएगा ताकि उद्योग जगत प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं का पूर्ण रूप से लाभ उठा सके और रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर पैदा किए जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्यमी अपने सुझाव सरकार द्वारा बनाए गए पोर्टल पर या लिखित रूप से भी दे सकते हैं। उन सुझावों के आधार पर प्रदेश को सामाजिक आधारभूत ढांचे और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए बजट में नई योजनाएं बनाई जा सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा टेक्सटाइल को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नीति बनाई है। लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और वर्तमान हरियाणा सरकार स्वरोजगार को प्रेरित करने के लिए कार्य कर रही है। सरकार का प्रयास है कि देश के विकास में उद्योग जगत की अहम भागीदारी होनी चाहिए।

**अब तक बजट के लिए 9 हजार से ज्यादा सुझाव हुए प्राप्त**

नायब सिंह सैनी ने कहा कि एक समावेशी बजट की परिकल्पना को साकार करने के लिए राज्य सरकार द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों से सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं ताकि प्राप्त बेहतरीन सुझावों को राज्य सरकार के बजट में शामिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि पहली बार राज्य सरकार ने एक व्यवस्था आरंभ की है, जिसमें प्रदेश का कोई भी व्यक्ति घर बैठकर भी ऑनलाइन माध्यम से बजट संबंधी सुझाव दे सकता है। इसके लिए एक समर्पित पोर्टल तैयार किया गया। अब तक प्रदेशभर में विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बजट पूर्व परामर्श में 9 हजार सुझाव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि बजट पूर्व परामर्श बैठकें करने का उद्देश्य है कि समाज के हर वर्ग के कल्याण व आर्थिक उन्नति के लिए योजनाएं बनाई जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि पानीपत में विभिन्न उद्यमियों द्वारा आज दिए गए सुझाव आगामी बजट में प्रदेश को सशक्त और मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। इस चर्चा में विभिन्न उद्योग संगठनों के करीब 15 प्रतिनिधियों ने भाग लिया और मुख्यमंत्री को अपने सुझाव दिए।

## हरियाणा में उद्यम और निवेश को प्रोत्साहन के लिए नीतियों का किया जाएगा सरलीकरण : नायब सिंह सैनी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की आर्थिक उन्नति के लिए औद्योगिक संस्थानों व निवेश को प्रोत्साहन को लेकर नई पहल की जा रही है। बजट पूर्व परामर्श बैठकों में मिले सुझावों के आधार पर नीतियों का भी सरलीकरण किया जाएगा और वें स्वयं हर तीन महीने में उद्यमियों व निवेशकों के हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन सेंटर (एचईपीसी) से जुड़े विषयों की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री आज फरीदाबाद में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विनिर्माण क्षेत्र से संबंधित हितधारकों के साथ आयोजित बजट पूर्व परामर्श (प्री बजट कंसल्टेशन) की छठी बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्र से जुड़े विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने आगामी बजट के लिए अपने सुझाव रखें। बैठक में प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम व पूर्व मंत्री एवं विधायक मूलचंद शर्मा आदि उपस्थित रहे। नायब सिंह सैनी ने बैठक में पहुंचे प्रतिनिधियों के सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और आगामी बजट में आवश्यक विषयों पर विचार करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने बताया कि आगामी बजट में वर्तमान आवश्यकताओं के साथ-साथ दीर्घकालिक लक्ष्यों को पूरा करने के सार्थक प्रयास किए जाएंगे।

**प्रस्तुत किए जाने वाले बजट अभिभाषण को अवश्य सुनें सभी उद्यमी- राजेश खुल्लर**

मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने इस चर्चा में भाग लेने वाले सभी उद्यमियों से अपील की कि जिस दिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वित मंत्री के रूप में फरवरी माह में बजट प्रस्तुत करेंगे उस दिन वे उनका अभिभाषण अवश्य सुनें। इस अवसर पर विधायक प्रमोद विज, नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एके सिंह, स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान के महानिदेशक अंसज सिंह, उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया और पूर्व सांसद संजय भाटिया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# हरियाणा एनसीबी ने 50 लाख की हेरोइन सहित पिता-पुत्र को किया गिरफ्तार



हितेश चतुर्वेदी

**सिरसा।** हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की सिरसा यूनिट ने 50 लाख रुपये कीमत की 412 ग्राम हेरोइन सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी तस्कर शहर के थेहड़ मोहल्ला के रहने वाले हैं और रिश्ते में पिता-पुत्र हैं। एचएनसीबी सिरसा यूनिट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर तरसेम सिंह का कहना है कि आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा। जानकारी के अनुसार एचएनसीबी सिरसा यूनिट की एक टीम डिंग मोड के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान फतेहाबाद की ओर से एक बाइक आता दिखाई दिया। एनसीबी कर्मियों ने बाइक रोकने का इशारा किया तो चालक ने वापस बाइक मोड लिया और फरार होने की कोशिश की,लेकिन बाइक बंद हो गया। इंचार्ज सब इंस्पेक्टर तरसेम सिंह का कहना है कि बाइक पर दो युवक सवार थे। दोनों को शक के आधार पर हिरासत में लेकर तलाशी ली गई तो 412 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ करने पर युवकों की पहचान प्रेम सागर पुत्र दर्शन लाल व विलास उर्फ विकास पुत्र प्रेम सागर निवासी रानियां गेट रविदास मंदिर वाली लगी थेहड़ मोहल्ला के रूप में हुई। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। एनसीबी का कहना है कि आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड लिया जाएगा। रिमांड अवधि में तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाया जाएगा। बरामद हेरोइन सिरसा शहर में सप्लाई की जानी थी।

**आरोपी पुत्र पहले भी तस्करी के मामले में जा चुका है जेल**

एचएनसीबी सिरसा यूनिट इंचार्ज तरसेम सिंह ने बताया कि आरोपी विलास उर्फ विकास से गहानता से पूछताछ की जा रही है। आरोपी विलास पर नशा तस्करी का पहले से केस दर्ज है और वह इस मामले में जमानत पर है।

**मोटा पैसा कमाने के चक्कर में पिता भी तस्करी में हुआ शामिल**

इंचार्ज तरसेम सिंह ने बताया कि आरोपी पिता पुत्र पंजाब के तारनतारण जिला से हेरोइन लेकर आते थे, दो सप्लायर की पहचान कर ली गई है जल्द ही उनको गिरफ्तार किया जाएगा, आरोपी पिता-पुत्र पिछले एक साल से हेरोइन की तस्करी कर रहे थे। पहले केवल विलास ही तस्करी में लिप्त था, लेकिन मोटा पैसा कमाने के चक्कर में पिता भी इसमें शामिल हो गया। आरोपी पिता-पुत्र अब तक करोड़ों रुपए की हीरोइन सिरसा में बेच चुके हैं।

# पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए 'नायाब काम' कर रही सरकार

- पिछली सरकारें केवल वोट बैंक के तौर पर करती थीं पिछड़े वर्ग का इस्तेमाल

**चंडीगढ़।** हरियाणा की पिछली सरकारें जिस वर्ग का इस्तेमाल सिर्फ वोट बैंक के तौर पर करती थीं उस वर्ग के विकास और उत्थान के लिए भाजपा की सरकार लगातार प्रयासरत है और जमीनी स्तर पर काम कर रही है। इस वर्ग के समुचित विकास की योजना को अमलीजामा पहनाने के उद्देश्य से भाजपा सरकार ने हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया और आयोग की सिफारिशों के आधार पर पिछड़ा वर्ग-बी को पंचायती राज संस्थाओं और नगरपालिकाओं में 5 प्रतिशत तथा पिछड़ा वर्ग-ए को 8 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया। वर्तमान में हरियाणा से भाजपा के 5 लोकसभा सांसदों में से 2 पिछड़ा वर्ग से हैं जो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में मंत्री पद संभाल रहे हैं। राज्यसभा में भी एक सांसद एक पिछड़ा वर्ग से हैं और हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने हरियाणा के मुख्यमंत्री का दायित्व दूसरी बार एक नायब सिंह सैनी को सौंपा है, जिन्होंने पार्टी के लिए एक सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में पार्टी को मजबूत करने का काम किया है। वे पिछड़ा वर्ग समाज से ही आते हैं, आज राज्य और देश में इस समाज का सिरमौर चेहरा बने हुए हैं। आलम ये है कि, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सादगी, मृदुभाषी और मिलनसार स्वभाव के चलते विपक्षी भी उनके व्यक्तित्व से प्रभावित हुए बिना नहीं रह पाते। और अक्सर सामाजिक कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री की तारीफ करते नजर आते हैं। यही नहीं जिन राज्यों में भाजपा की सरकार भी नहीं है, वहां के लोग भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सम्मानित कर रहे हैं।

डबल इंजन की सरकार पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। सृष्टि रचयिता भगवान विश्वकर्मा से जुड़ा यह समाज अपने हुनर व दस्तकारी कला को संजोये हुए है। मिट्टी के बर्तन बनाने वाले, आभूषण गढ़ने वाले, कपड़े सिलने वाले, मूर्ति, मकान आदि के कारीगर अपने हुनर व कौशल के बल पर पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ा रहे हैं। इनकी आर्थिक उन्नति सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'पीएम विश्वकर्मा योजना' चलाई है, जिसके तहत अपने काम को आगे बढ़ाने के लिए इस समाज के लोगों को सस्ते ऋण उपलब्ध करवाएं जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पिछड़ा वर्ग के शैक्षणिक, सामाजिक व आर्थिक उत्थान और ओबीसी वर्ग के युवाओं को सरकारी नौकरी में बढ़ावा देने के लिए पिछड़े वर्ग के लिए क्रीमीलेयर की आय सीमा को 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये वार्षिक किया है। केंद्र सरकार की तर्ज पर इस वार्षिक आय में वेतन और कृषि से अर्जित आय को शामिल नहीं किया जाएगा, जिससे ओबीसी वर्ग से जुड़े लाखों लोगों को फायदा होगा। अब ओबीसी प्रमाण पत्र भी घर बैठे ऑनलाइन बनवाया जा सकता है।

# केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों में एक टेरर क्रिएट करने की कोशिश की: विज

- यमुना का पानी हरियाणा के मुख्यमंत्री ने पीकर दिखाया है : विज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दायर मामले पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मामला दर्ज हुआ है तो जांच होगी, वो (केजरीवाल) बताएं कि किसने मिलाया पानी में जहर, उनको बताना पड़ेगा। मंत्री ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री ने यमुना का पानी पीकर दिखाया है। विज आज मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों में एक टेरर क्रिएट करने की कोशिश की है, केजरीवाल को इसका जवाब तो देना होगा। दिल्ली में पंजाब सरकार की गाड़ी में कैश और शराब बरामद होने का मामला सामने आया है जिस पर मंत्री अनिल विज ने तंज कसते हुए कहा कि पंजाब से गाड़ी आई है तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि पैसे कौन भेज रहा है, पंजाब में किसकी सरकार है, किसके पास पैसों का अंबार है, ये अंदाजा लगाया जा सकता है? उन्होंने कहा कि ये आप पार्टी वाले सुचिता की बात करते हैं लेकिन हथकंडे इस प्रकार के अपनाते हैं। "हुड्डा जी इतने दिन मुख्यमंत्री रहे है, उनको समझ होनी चाहिए कि बिजली के दाम सरकार तय नहीं करती, बिजली के दाम इंडिपेंडेंट अर्थॉरिटी तय करती है।

# सेम की समस्या को खत्म करने के लिए अधिकारी बनाएं ठोस योजना : कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश की सेमग्रस्त एवं लवणीय भूमि को दुरुस्त करने के लिए कोई ठोस योजना बनाएं, किसानों के हित के लिए बजट की कमी नहीं रहने दी जाएगी। राणा आज यहां कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सेम एवं लवणीय भूमि सुधार के लिए उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा की। बैठक में विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजा शेखर वुंडरू, निदेशक राजनारायण कौशिक के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कृषि मंत्री ने विभाग के फील्ड से आए वरिष्ठ अधिकारियों की ओर मुखातिब होते हुए कहा कि आप लोग किसानों के सीधे सम्पर्क में रहते हैं, किसानों से राय-मशविरा करके सेमग्रस्त और लवणीय भूमि को जल्दी से जल्दी ठीक करने के वर्तमान उपायों के अलावा अन्य उपायों पर भी विचार करें और सुझाव दें। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि जिन गांवों में पंचायती-भूमि सेम ग्रस्त है तो वहां पर पोंड बनाकर झींगा मछली के पालन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें। इससे जहां लवणीय पानी का प्रयोग हो सकेगा वहीं पंचायतों को अतिरिक्त आमदनी भी हो सकेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेमग्रस्त भूमि को ठीक करने के लिए अगर जिलावाइज योजना बनानी पड़े तो वह भी बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में सेम की समस्या ज्यादा है वहां पर ड्रेन से पानी की निकासी करके भूमि सुधार के प्रयास करें। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा को इस अवसर पर अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रदेश के 13 जिलों के 686 गांव सेमग्रस्त हैं।

### कुष्ठ रोग जागरूकता दिवस

### 13 फरवरी तक चलेगा जागरूकता अभियान : स्वास्थ्य मंत्री

# हरियाणा को कुष्ठरोग मुक्त प्रदेश बनाएंगे : कुमारी आरती सिंह राव

- हरियाणा में कुष्ठ रोगियों का होता है मुफ़्त ईलाज

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने घोषणा की कि हरियाणा को कुष्ठरोग मुक्त प्रदेश बनाएंगे, इसके लिए आज से कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान शुरू किया गया है जो कि 13 फरवरी तक चलेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्तियों का निःशुल्क ईलाज किया जाता है। आज कुष्ठ रोग जागरूकता दिवस के अवसर पंचकूला जिला के गांव खड़ग मगोली में एक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें इसी गांव के 3 कुष्ठ रोगियों को सम्मानित किया गया तथा लोगों से कुष्ठ रोगियों के साथ भेदभाव न करने की शपथ भी दिलवाई गई। स्वास्थ्य मंत्री कुमारी राव ने कुष्ठ रोग जागरूकता दिवस के अवसर पर प्रदेश के लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि कुष्ठरोग न तो ईश्वर का श्राप है न ही पिछले जन्मों के पापों का फल।

उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को इस अवसर पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि महात्मा गांधी कुष्ठ रोगियों के प्रति दयालु थे और उनका मानना था कि कुष्ठ रोगियों से भेदभाव नहीं करना चाहिए। वे कुष्ठ रोग के उन्मूलन के लिए प्रयासरत थे।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कुष्ठरोग जीवाणुओं (माइकोबैक्टेरियम) से होने वाली एक साधारण बीमारी है, जो मुख्य रूप से चमड़ी एंव नसों को प्रभावित करती है। यह सबसे कम संक्रामक रोगों में से एक है। उन्होंने कहा कि यह सामान्य सर्दी-जुकाम से भी कम संक्रामक है। यह बीमारी किसी भी उम्र के व्यक्ति, स्त्री-पुरूष को हो सकती है। यदि समय पर इसका उपचार न किया जाए तो यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को फैल सकती है और विकलांगता भी हो सकती है। परंतु कुष्ठरोग का समय पर इलाज शुरू करने से बीमारी के संक्रमण को रोका जा सकता हे। कुष्ठरोगी पूरी तरह से सामान्य जीवन व्यतीत कर सकता है। यदि कुष्ठरोग का प्रारंभिक अवस्था में पता लगा लिया जाए तो मल्टी ड्रग थैरेपी द्वारा पूर्णतः इलाज संभव है। उन्होंने कहा कि 6 से 12 माह तक के उपचार से कुष्ठ रोग पूर्णतः ठीक हो जाता है। पिछले 10 वर्षों में कुष्ठरोग से प्रभावित 4277 व्यक्ति अपना इलाज पूर्ण कर परिवार के साथ सामान्य जीवन व्यतीत कर रहे है।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि कुष्ठरोग का उपचार हरियाणा के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने पहले भी अपने राज्य को चेचक और पोलियो मुक्त बनाया है। इसी प्रकार हमें आने वाले वर्षों में हरियाणा को कुष्ठरोग मुक्त प्रदेश बनाएंगे।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ता संदिग्ध कुष्ठरोग के व्यक्तियों का जल्द से जल्द पता लगाने और उनकी पहचान करने के लिए घर-घर जाकर सर्वेक्षण करते है। जिस व्यक्ति के त्वचा पर हल्के पीले रंग के निशान है तथा जिसकी हथेली या तलवों में सुन्नापन है ऐसे व्यक्ति को कुष्ठरोग हो सकता है। उन्होंने सलाह दी कि ऐसे व्यक्ति को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में सेवाएं लेनी चाहिए। इस रोग की देखभाल करने में देरी से विकलांगता (दिव्यांगता) हो सकती है। यदि आपके आसपास किसी व्यक्ति में कुष्ठरोग का कोई भी लक्षण नजर आए तो तुरंत उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं। यदि संदिग्ध व्यक्ति में कुष्ठरोग पाया जाता है तो सरकार द्वारा सूचित करने वाले व्यक्ति को 250 रुपए इनाम भी दिया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में किसी भी व्यक्ति को कुष्ठरोग होने पर कुष्ठ कॉलोनियों में नहीं भेजा जाता बल्कि वे अपने परिवार के साथ सामान्य जीवन व्यतीत करते हैं।

हरियाणा स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के महानिदेशक डॉ मनीष बंसल ने बताया कि हरियाणा में वर्तमान में केवल 382 कुष्ठरोगियों का इलाज चल रहा है जिसमें से अधिकतर कुष्ठरोगी निकटतम राज्यों से है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा कुष्ठ रोग निरोधी ड्रग्स, सभी जिलों के सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में निशुल्क उपलब्ध करवाई जाती हैं।

इसके अतिरिक्त, "माइक्रो सेलुलर रबर फुटवियर", सायक दवाएं, कमठी और बैसाखी, सेल्फ केयर किट आदि भी आवश्यकता के अनुसार कुष्ठ रोगियों को मुफ़्त उपलब्ध करवाए जाते हैं। डॉ बंसल ने यह भी बताया कि हरियाणा के विभिन्न जिलों में 19 कुष्ठ कॉलोनियां हैं। इन कॉलोनियों में पुराने कुष्ठरोग का इलाज पूरा कर चुके 567 कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्ति व उनका परिवार रहते हैं। इनमें से चार कॉलोनीयां हिंद कुष्ठ निवारण संघ द्वारा और एक रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित की जा रही हैं, जिन्हें सरकार से सहायता मिलती है। अन्य 14 कॉलोनीयां कुष्ठ रोगियों द्वारा स्वंय बसायी गई हैं।

# 'सामूहिक अनुशासन' और 'शिष्टाचार' के पालन से 'भगदड़' जैसी स्थिति से बचा जा सकता है



**डॉ. महेंद्र ठाकुर**
लेखक


*महाकुंभ से मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से भांति भांति प्रकार के समाचर मिल रहे हैं। जिनमें एक समाचार भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने का भी है। यह दुर्घटना दुखद और व्याकुल करने वाली है, सम्पूर्ण देश की संवेदनाएं दुर्घटना में प्रभावित लोगों से हैं। राजनीतिक दल और उनके विचारों से प्रभावित लोग अपने अपने हिसाब से टिप्पणी और प्रतिक्रिया दे रहे हैं।*

'सामूहिक अनुशासन' और 'शिष्टाचार' के पालन से 'भगदड़' जैसी स्थिति से बचा जा सकता है तीर्थराज प्रयागराज में दिव्य महाकुंभ अपने दिव्य स्वरूप में चल रहा है। करोड़ों श्रद्धालु पवित्र संगम तीर्थ में पतित पावनी माँ गंगा के पवित्र जल में डुबकी लगा चुके हैं और आने वाले समय में करोड़ों श्रद्धालु डुबकी लगायेंगे। महाकुंभ से मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से भांति भांति प्रकार के समाचर मिल रहे हैं। जिनमें एक समाचार भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने का भी है। यह दुर्घटना दुखद और व्याकुल करने वाली है, सम्पूर्ण देश की संवेदनाएं दुर्घटना में प्रभावित लोगों से हैं। राजनीतिक दल और उनके विचारों से प्रभावित लोग अपने अपने हिसाब से टिप्पणी और प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कोई अच्छी व्यवस्था की बात कर रहा है तो कोई खराब प्रबंधन की। भगदड़ के पीछे कोई साजिश हो सकती है ऐसी भी बातें हो रही हैं और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी ने जांच के आदेश भी दे दिए हैं। अब इस दुखद दुर्घटना पर राजनीति भी शुरू हो गयी है, इस आलेख में मैं उस दिशा में नहीं जाऊँगा। यह आलेख केन्द्रित है हमारे सामाजिक और नागरिक शिष्टाचार और सामूहिक आचरण पर। दिव्य महाकुंभ हिन्दू आस्था का महापर्व है। इस पर सेक्युलेजिम का ठप्पा लगाना 'मूढ़ता' है। इसलिए हिन्दू समाज के सामूहिक आचरण पर बात करना आवश्यक है। क्या इस बात को नकारा जा सकता है कि हम हिन्दू एक भीड़ के रूप में इकट्ठा होना तो जानते हैं, लेकिन सामूहिक व्यवहार कैसा होना चाहिए ये हम अभी तक नहीं सीख पायें हैं? क्या यह कहना गलत है कि यदि हम हिन्दू 'सामूहिक आचरण' और नैतिक शिष्टाचार तथा कर्तव्यों का पालन करना जानते तो ऐसी भगदड़ मचती ही नहीं? क्या इस बात को नकारा जा सकता है कि काफिरों यानी हिन्दुओं का अस्तित्व मिटाने और गज्बा-ए-हिन्द का सपना पाले या आत्माओं की फसल काटकर धर्मांतरण करने वाले हिन्दुओं के शत्रु अपने एजेंडों को पूरा करने की तैयारियां करने के लिए दैनिक/साप्ताहिक एकत्रीकरण कर रहे हैं? क्या इस बात को नकारा जा सकता है कि हिन्दू त्योहारों पर



पत्थरबाजी ऐसे ही सामूहिक एकत्रीकरणों के बाद पूरी तैयारी से की जाती है? ऐसे अनेक प्रश्न हैं जिनका उत्तर हिन्दू समाज को सामूहिक रूप से ढूंढने हैं। ऐसे समाचार भी आ रहे हैं कि लोगों ने बैरिकेट्स तोड़ दिए थे, धक्का मुक्की की थी । वीवीआईपी आवागमन व्यवस्था के सिर पर भी प्रश्न चिन्ह लगाए जा रहे हैं। इस तरह की अनेक बातें हो रही है और इनके शोर में दब रहा है हर भारतीय विशेषकर हिन्दू का व्यक्तिगत और सामाजिक नागरिक कर्त्तव्य और आचरण। ये सब हो रहा है तीर्थाटन की जगह पर्यटन करने की दूषित मानसिकता के कारण। दिव्य महाकुम्भ में से वायरल होने वाले वीडियो इसका प्रमाण हैं। तीर्थ स्थल मौज मस्ती करने और लाइमलाइट लेने के स्थान नहीं होते हैं, बल्कि अपनी आंतरिक शुद्धि और खोज का मार्ग प्रशस्त करने के अध्यात्मिक केंद्र होते हैं। वास्तव में सामूहिक आचरण और नागरिक कर्तव्यों का पालन और शिष्टाचार ही बेतरतीब भीड़ को एक अनुशासित शक्ति के रूप में बदलता है। इसका उदाहरण हमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विशाल एकत्रीकरण कार्यक्रमों में मिलता है। वास्तव में संघ की स्थापना जिन उद्देश्यों को लेकर हुई थी उनमें हिन्दू समाज में सामूहिक अनुशासन का गुण निर्मित करना भी था। सामूहिक अनुशासन के इसी गुण के कारण संघ की 100 साल की यात्रा में कभी भी भगदड़ जैसी घटना नहीं हुई। घटना तो दूर की बात है ऐसी कोई संभावना भी नहीं बनी। सामूहिक अनुशासन और अनुशासित सार्वजनिक व्यवहार का यह गुण संघ की शाखा से निर्मित होता है। शाखा सहित संघ के विशाल कार्यक्रमों में एक सीटी बजते या एक आज्ञा होते ही लाखों लोग सावधान मुद्रा में तब बिना हिले डुले खड़े रहते हैं जब तक अगली आज्ञा नहीं मिलती या सीटी नहीं बजती। कोई आवाज नहीं आती, कोई शोर शराबा नहीं होता । हुडदंग या भगदौड़ का तो प्रश्न ही नहीं उठता । आखिर ऐसा क्यों होता है? इस प्रश्न का उत्तर हैं संघ की शाखा में मिलने वाला सामूहिक अनुशासन और नैतिक शिष्टाचार का प्रशिक्षण । संघ के स्वयंसेवक अनुशासन में बंधे होते हैं, उन्हें अपना दायित्वबोध होता है, वे अपने परिवार और समाज के प्रति अपने दायित्व और कर्त्तव्यों को भी भली भांति समझते हैं। आज भी दिव्य महाकुंभ में संघ के स्वयंसेवक कई प्रकार की व्यवस्थाएं संभाल रहें हैं। जब तक इस देश का हिन्दू समाज सामूहिक अनुशासन और आचरण नहीं सीखेगा ऐसी दुखद घटनाएँ होती ही रहेंगी। जब तक हम हिन्दू अपने नागरिक शिष्टाचार का पालन नहीं करेंगे तब तक शत्रुओं को अफवाह फैलाने और साजिशें रचने का मौका मिलता रहेगा। भारत विरोधी वैश्विक और आंतरिक शक्तियाँ विकास के पथ अग्रसर भारत को रोकने का हर संभव प्रयास कर रही हैं। ऐसे में गज्बा-ए हिन्द का सपना पाले बैठे लोगों से या फिर पापों से मुक्ति दिलाने के लिए धर्मांतरण कराने वालों से कोई आशा करना मुर्खता है। उनके पत्ते खुले हुए हैं। ऐसे में जो भी आशा करनी चाहिए वो हिन्दू समाज से है। हिन्दू समाज को एकजुट और समरस होकर सामूहिक अनुशासन के बंधन में बंधकर आगे की यात्रा तय करनी होगी। इसी निमित्त राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पंच परिवर्तन नामक आन्दोलन शुरू किया है। इन पंच परिवर्तनों में एक बिंदु नागरिक कर्त्तव्य और शिष्टाचार भी है। हिन्दू समाज का सामूहिक अनुशासन बहुत बड़ा परिवर्तन कर सकता है। इससे शत्रुओं की हर प्रकार की साजिश का भी समाधान होगा। हिन्दू समाज जब तक निरंतर अनुशासित सामूहिक एकत्रीकरण का अभ्यास नहीं करता तब तक खतरा बहुत बड़ा है क्योंकि एकत्रित भीड़ कब शक्तिशाली संगठन से निरीह, हिंसक और अराजक भीड़ में परिवर्तित हो जाए यह कहना मुश्किल है। भीड़ को अनुशासित, देशभक्त संगठित शक्ति में परिवर्तित करने का सामर्थ्य संघ की शाखा में है। अपने आचरण में सकारात्मक परिवर्तन लाकर सनातन धर्म और उसके वाहक हिन्दू समाज की संगठित शक्ति के निर्माण के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ मिलकर कार्य करके भारत को पुनः विश्व का बड़ा भाई बनाने में अपना सहयोग देकर हिन्दू होने का अपना धर्म निभाइए। इसी से विश्व में शांति और सौहार्द स्थापित होगा। अन्यथा गिद्ध मांस नोचने का मौका ढूंढ रहे हैं और इस बात में कोई संदेह नहीं है कि वो मांस केवल हिन्दू का ही होगा। नारायणायेती समर्पयामि।

# प्राकृतिक संसाधन और महाकुंभ



**डॉ दिलीप अग्निहोत्री**
वरिष्ठ स्तंभकार

*देश के चार स्थलों पर लगने वाला कुंभ इन सभी के लिए अवसर प्रदान करता है। प्राचीन भारत के गांव समृद्ध और स्वावलंबी थे। किसानों की जीवन शैली में तीर्थाटन का भी महत्व रहा है। गांव के लोग समूह बना कर तीर्थाटन करते है। यह परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। इसको प्रयागराज कुंभ में भी देखा जा सकता है।*

कुंभ में सांस्कृतिक चेतना का साथ प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन का विचार भी समाहित है। भारत आदिकाल से कृषि प्रधान देश रहा है। पौष माह किसानों के लिए अपेक्षाकृत सुविधाजनक रहता है। तीर्थाटन से समरसता का भाव जागृत होता है। नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति सम्मान का भाव संस्कारों में समाहित होता है। देश के चार स्थलों पर लगने वाला कुंभ इन सभी के लिए अवसर प्रदान करता है। प्राचीन भारत के गांव समृद्ध और स्वावलंबी थे। किसानों की जीवन शैली में तीर्थाटन का भी महत्व रहा है। गांव के लोग समूह बना कर तीर्थाटन करते है। यह परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। इसको प्रयागराज कुंभ में भी देखा जा सकता है। 2019 के प्रयागराज कुंभ ने सफलता की नई गाथा लिखी थी। यही कारण था कि इस बार महाकुंभ में जनसैलाब उमड़ा। पिछले कुछ वर्षों के दौरान किसानों की आय में भी वृद्धि हुई है। जब किसानों की आय में वृद्धि होती है, तब पर्यटन और तीर्थाटन में भी वृद्धि होती है। यह संयोग है कि जिस समय प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है,उसी समय लखनऊ में योगी आदित्यनाथ ने यूपी एग्रीज अर्थात उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर ग्रोथ एण्ड रूरल एण्टरप्राइज ईको सिस्टम स्ट्रेंथनिंग परियोजना का शुभारम्भ किया गया। वैसे भी किसानों की आय दोगुनी करना सरकार का लक्ष्य रहा है। नीम कोटिंग खाद की व्यवस्था की गई। इसका उत्पादन बढ़ाया गया। इससे किसानों को आसानी से खाद उपलब्ध होने लगी। मृदा परीक्षण व ड्रिप सिंचाई अभियान चलाया गया। इससे कृषि लागत में कमी आई।अनेक लम्बित सिंचाई योजनाओं पर कार्य शुरू किया गया। कई योजनाएं पूरी हुई। किसानों को अबतक का सर्वाधिक समर्थन मूल्य प्रदान किया गया। किसान सम्मान निधि के माध्यम से उनको आर्थिक सहायता देने की योजना लागू की गई। फसल बीमा को व्यवहारिक बनाया गया। विकास की दौड़ में गांव पीछे रह गए थे। गांव में उद्योग नहीं



लगाए जाते थे, किसानों के लिए अपनी उपज बेचने की उचित व्यवस्था नहीं थी। लेकिन अब आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत किसान और उनसे जुड़े इन सारे सवालों के जवाब ढूंढे जा रहे हैं। खेती के लिए एक लाख करोड़ का फंड जारी किया गया था। एक देश एक मंडी की योजना पर काम चल रहा है। कानून बनाकर किसानो को मंडी टैक्स के दायरे से मुक्त कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश कृषि निवेशों पर कृषकों को देय अनुदान का डीबीटी के माध्यम से भुगतान करने में नम्बर वन है। प्रदेश में ग्लोबल लीड डाटा डिजिटल एग्रीकल्चर वर्ल्ड बैंक के अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है। डाटा बैंक की उपयोगिता की दृष्टि से एक विजन पर कार्य चल रहा है। उत्तर प्रदेश की लगभग पचहत्तर प्रतिशत भूमि कृषि योग्य है। उत्तर प्रदेश गेहूं, दूध, गन्ना, आलू, आम, अमरूद, मटर, मशरूम,तरबूज और शहद के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है। देश के कुल सब्जी उत्पादन में पंद्रह प्रतिशत तथा फल उत्पादन में ग्यारह प्रतिशत हिस्सेदारी राज्य की है। देश के खाद्यान्न उत्पादन का तेईस प्रतिशत से अधिक का उत्पादन उत्तर प्रदेश में होता है। देश से कुल खाद्यान्न निर्यात में प्रदेश का तीसरा स्थान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी एग्रीज का शुभारम्भ इन सम्भावनाओं को आगे बढ़ाने में एक मील का पत्थर साबित होगा। यूपी-एग्रीज चालीस हजार करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट है। इसका मुख्य उद्देश्य कृषि और उससे सम्बन्धित क्षेत्र में कठिनाइयों को चिन्हित करना, प्रमुख फसलों की उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि करना तथा प्रदेश के विशिष्ट कृषि उत्पादों के पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेण्ट और मार्केट सपोर्ट सिस्टम को विकसित करना है। जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। कृषि संबंधी इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास होगा। परियोजना के माध्यम से कृषि क्षेत्र की वर्तमान उत्पादकता में तीस प्रतिशत तक की वृद्धि किया जाना है। इसके माध्यम से किसानों को तकनीकी तथा समय पर बीज,खाद, सिंचाई और मार्केट जैसी अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। फसलों की गुणवत्ता को बनाए रखते हुए वैल्यू एडिशन के साथ जोड़ा जाएगा किसान को समय पर अच्छी क्वॉलिटी के बीज, मौसम और तकनीक की जानकारी मिलेगी। डिजिटल एग्रीकल्चरल ईको सिस्टम प्लेटफॉर्म के माध्यम से इस पूरे कार्यक्रम संचालित किया जाएगा।

# रिजल्ट ऑरिएन्टेड शिक्षा की आवश्यकता



**संजीव ठाकुर**
वरिष्ठ पत्रकार

*बुनियादी, नैतिक शिक्षा किसी भी व्यक्ति समाज और राष्ट्र के नैतिक तथा आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है' शिक्षित सुसंस्कृत नागरिक देश की एक बड़ी धरोहर होते हैं 'जिस राष्ट्र में शिक्षा,संस्कृति जितनी गहरी और समृद्ध हो वह राष्ट्र उतना ही विकसित,पुष्पित, पल्लवित होता है। इसके साथ आर्थिक वैज्ञानिक सोच भी अत्यंत विचारणीय है।*

भारत में ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट बनाने कारखाने चल रहे हैं स्कूल महाविद्यालय और विश्वविद्यालय हर वर्ष लाखों ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट बेरोजगार बनाने के लिए डिग्रियां वितरित कर रही है,जबकि आवश्यकता मूल रूप से बुनियादी शिक्षा में व्यवसायीकरण की है, बुनियादी शिक्षा से ही ऐसे पाठ्यक्रम शामिल किए जाएं जो परिणाम मूलक हो और युवाओं को रोजगार देने हेतु सक्षम हो। स्कूल के सिलेबस में ही व्यावसायिक शिक्षा को महत्व दिया जाना चाहिए जिससे आगे चलकर युवा अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करें बल्कि अपने कई साथी बेरोजगारों को रोजगार देने में पूरी तरह सक्षम बने। बुनियादी, नैतिक शिक्षा किसी भी व्यक्ति समाज और राष्ट्र के नैतिक तथा आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है' शिक्षित सुसंस्कृत नागरिक देश की एक बड़ी धरोहर होते हैं 'जिस राष्ट्र में शिक्षा,संस्कृति जितनी गहरी और समृद्ध हो वह राष्ट्र उतना ही विकसित,पुष्पित, पल्लवित होता है। इसके साथ आर्थिक वैज्ञानिक सोच भी अत्यंत विचारणीय है।हर देश में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए,जो प्रजातांत्रिक, लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा ताजा हवा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सकें' बिना संस्कृति ,संस्कार और वैचारिक क्षमता के कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकता' वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है। विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंतःप्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है। इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतः प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है।

फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं। विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था।

विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया। जो मानव समाज तथा मानव अधिकारों की संवेदना तथा धाराओं का उल्लंघन भी है। किसी स्वस्थ स्वतंत्र राष्ट्र के लिए व्यक्ति समाज और राष्ट्र के विचारों की स्वतंत्रता नवीनता तथा उत्कृष्टता अत्यंत आवश्यक है।

## हरियाणा की डायरी

### जन्मदिन पर दिखी बड़े साहब की सादगी



**चंद्र शेखर धरणी**
वरिष्ठ पत्रकार

अपनी सादगी और मधुर मुस्कान को लेकर पहचाने जाने वाले प्रदेश के बड़े साहब की सादगी उनके जन्मदिन के मौके पर एक बार फिर से साफ दिखाई दी। जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री के संत कबीर कुटीर आवास पर उन्हें शुभकामनाएं देने पहुंचे सफाई कर्मियों के साथ सूबे के बड़े साहब नायब सैनी ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर सुबह का नाश्ता किया। इसके साथ ही उन्हें दोशाला देकर सम्मानित भी किया। बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान पाकर सफाई कर्मचारी भी खुद को गौरवांवित महसूस कर रहे थे। बड़े साहब की सादगी देखकर वहां पहुंचे सफाई कर्मचारियों को ऐसा अनुभव हुआ, मानों वह अपने किसी परिवार के सदस्य के साथ बैठकर नाश्ता कर रहे हो। मुख्यमंत्री नायब सैनी की यहीं सादगी दूसरे मुख्यमंत्रियों से उनकी अलग पहचान बनाती है। अपने दौरे के दौरान भी मुख्यमंत्री कहीं पर भी अपने काफिले को रुकवाकर जनता के बीच पहुंचकर उनके साथ सुख-दुख सांझा करते हैं।

### 'नेहरू एक्सीडेंटल पीएम...'

देश में पंजे वाले और फुल वाले दल में हमेशा एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी का सिलसिला जारी रहता है। चाहे कोई भी मुद्दा या कोई भी अवसर क्यों ना हो। इन दोनों दलों की ओर से एक-दूसरे के नेताओं पर कटाक्ष करने में कभी कोई चूक नहीं होती। हाल ही में एक कार्यक्रम में पहुंचे सूबे के पूर्व बड़े साहब रहे और मौजूदा समय में देश की बड़ी पंचायत (संसद) में मंत्री मनोहर लाल ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को एक्सीडेंटल पीएम कह डाला। दअरसल, मनोहर लाल कार्यक्रम में बाबा साहब भीमराम अंबेडकर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर किसी एक जाति के लिए नहीं थे। वह पूरे समाज के लीडर थे। समाज में कमजोर वर्गों के लीडर थे। देश के आर्थिक योगदान में भी बाबा साहब की पूरी भूमिका थी। उसी दौरान देश के अग्रणी नेताओं का जिक्र करते हुए उन्होंने जवाहर लाल नेहरू को एक्सीडेंटल प्रधानमंत्री बताते हुए उन्होंने कहा कि

### हैलो मैं सीएम बोल रहा हूं..

लगातार तीसरी बार हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाकर इतिहास बनाने वाले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अब पड़ोसी राज्य पंजाब में भी पार्टी को मजबूत करने में जुट गए हैं। इसी के चलते वह अचानक से चंडीगढ़ में पंजाब राज्य के भाजपा कार्यालय में पहुंच गए। यहां पहुंचकर उन्होंने पंजाब में चल रहे पार्टी के सदस्यता अभियान की ना केवल जानकारी ली, बल्कि पार्टी के नए बने सदस्यों से खुद फोन कर बातचीत भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हैलो मैं हरियाणा का सीएम बोल रहा हूं। खुद मुख्यमंत्री की ओर से फोन आने पर पार्टी के सदस्य बने लोगों को पहले इस बात पर यकीन नहीं हुआ, लेकिन हरियाणा के इस बड़े साहब की यह अदा वहां मौजूद पार्टी के अन्य कार्यकताओं और नेताओं को काफी भा गई।

### "पप्पू अब पापा बन गया"

हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और असंध से पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी ने राहुल गांधी पर बोलते हुए कहा है कि पप्पू अब पापा बन चुका है। असंध के पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी से सवाल करते हुए पूछा कि बीजेपी राहुल गांधी पर छुट्टियों को लेकर निशाना साध रही है तो उस पर बोलते हुए शमशेर सिंह गोगी ने कहा कि बीजेपी वाले इतने निचले स्तर की बात करते हैं, लेकिन उनका पप्पू अब पापा बन चुका, वो पप्पू नहीं है, बल्कि पापा है। बीजेपी वालों को सोच-समझकर बात करनी चाहिए। इन्होंने हजारों करोड़ों रुपए लगा दिए राहुल गांधी को पप्पू बनाने में, लेकिन वो उनका पापा बन गया है।

### पुलिस कमिश्नर क्या मेरे से बड़ा है ?

हरियाणा के फरीदाबाद में ग्रीवेंस कमेटी की बैठक चल रही थी, लेकिन वहां पर पुलिस कमिश्नर सतेंद्र कुमार गुप्ता नहीं पहुंचे हुए थे, ऐसे में बैठक ले रहे हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह बुरी तरह से भड़क गए। उन्होंने वहां पर मौजूद दूसरे अफसरों की जमकर मौके पर क्लास ले डाली। शिकायतें सुन रहे मंत्री राव नरबीर सिंह ने ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में पुलिस कमिश्नर के ना होने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जब सभी विभागों के आला अधिकारी यहां मौजूद है तो पुलिस कमिश्नर क्यों नहीं यहां पर मौजूद है ? क्या पुलिस कमिश्नर मंत्री से बड़ा होता है ? "मैं मंत्री हूं, पुलिस कमिश्नर क्या मेरे से बड़ा है"?

### मीडिया सारथी की भूमिका में प्रवीण अत्रे

नायब सिंह सैनी पार्ट-2 सरकार में प्रवीण अत्रे को सीएम का मीडिया सचिव बनाया गया है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अपनी योग्यता साबित कर चुके प्रवीण अत्रे पर नायब सिंह सैनी का भरोसा कायम है। प्रवीण अत्रे प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के साथ पूरी तरह से समन्वय रखते हैं। चुनाव के दौरान भी मुख्यमंत्री के अलावा भाजपा के अन्य नेताओं की मीडिया कवरेज का जिम्मा अत्रे ने बखूबी निभाया था। मनोहर लाल पार्ट-1, 2 और नायब सैनी पार्ट-1 में भी अत्रे मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव की भूमिका निभा चुके हैं। सरकार के खिलाफ विपक्ष की ओर से दिए जाने वाले बयानों पर भी अत्रे की पैनी नजर रहती है। विपक्ष के बयानों को लेकर अत्रे सरकार की ओर तुरंत उसका जवाब दिलाने का काम भी करते हैं।

### 'हुड्डा बापू-बेटे में गट्स कोना'

विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद से ही हरियाणा में कांग्रेस की इकाई को लेकर लगातार मंथन किया जा रहा है। इतना ही नहीं पार्टी के नेता भी लगातार एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। ऐसे में अब पार्टी के वरिष्ठ नेता रण सिंह मान ने प्रदेश के पूर्व में बड़े साहब रहे भूपेंद्र हुड्डा और उनके सांसद बेटे को आड़े हाथों लिया है। मान ने कहा कि हाई कमान ने हुड्डा को फ्री हैंड दिया था, लेकिन अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए उन्होंने कई लोगों को किनारे कर दिया। उससे पार्टी का नुकसान हुआ। हुड्डा पिता-पुत्र की ओर से अपनी अलग पार्टी बनाए जाने की चर्चाओं के चलते मान ने कहा कि उन्हें जरूर ऐसा करके देख लेना चाहिए, लेकिन बापू-बेटे में गट्स कोना। अब गेंद हाई कमान के पाले में है और उनके फैसले पर ही पार्टी का पक्ष निर्भर करेगा।

### ये पोल के ऊपर चढ़ गया था...

दिल्ली में हो रहे विधानसभा चुनाव का असर हरियाणा में भी दिखाई दे रहा है। हरियाणा में भाजपा वाले भी जमकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर निशाना साध रहे हैं। इसी के चलते सूबे के बड़े साहब नायब सैनी ने अरविंद केजरीवाल को लेकर चुटकी लेते हुए कहा कि शुरू-शुरू में तो ये पोल के ऊपर चढ़ गया था, बेचारा पोल पर चढ़कर तार लगाने लग रहा था। लोगों ने कहा कि ये तो बड़ा ईमानदार व्यक्ति है। उस ईमानदारी के चेहरा, ढिंढ़ोरा लोगों के सामने आया है, निकलकर कि ये कैसा ईमानदार है। इसने तो गजब ही कर दिया। उन्होंने कहा जो हमेशा कांग्रेस को गाली देता रहता था सोता हुआ भी गाली देता था और जागता भी गाली देता था। लोकसभा चुनाव के दौरान उसी कांग्रेस के वो साथ हो गया। वो कहता कुछ और करता कुछ और है। वो लोगों की सुविधा से ज्यादा खुद की सुविधा की चिंता करता है। दिल्ली में इसने शीशमहल बना लिया। इस विधानसभा चुनाव में वो आप पार्टी को नकार देगी और भारी बहुमत से बीजेपी की सरकार बनेगी।

### सोच समझ कर जवाब देना सर खुद इंजीनियर हैं

ज़िले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में जब विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कुछ निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाया तो एक अधिकारी ने सफाई देने का प्रयास किया। तब विस अध्यक्ष ने सख़्त लहजे में कहा कि वो सिविल इंजीनियर भी हैं तथा उनकी नजर बहुत बारीक है। तभी साथ में बैठे डीसी अधिकारियों को बोले कि सोच समझ कर जवाब देना सर खुद इंजीनियर हैं सब जानते हैं।

### गब्बर नहीं करेंगे सहन !

तुरंत फैसला और एक्शन लेने के लिए पहचाने जाने वाले हरियाणा के दबंग और गब्बर के नाम से मशहूर मंत्री अनिल विज अब अपने विभागों और जनता को होने वाली परेशानी को लेकर गंभीर हो चुके हैं। जनता की ओर से मिलने वाली शिकायतों पर भी विज तुरंत एक्शन लेते हैं। हाल ही में जयपुर से अंबाला लौटते समय विज रास्ते में नांगल चौधरी टोल प्लाजा पर रुके तो लोगों ने उनके सामने ओवर लोडिंग वाहनों की शिकायत रखी। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए परिवहन मंत्री अनिल विज ने संबंधित आरटीए को फोन लगाते हुए कड़ी फटकार लगाई और ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए। परिवहन मंत्री विज ने कहा, ह्लमैं किसी भी सूरत में ओवरलोड वाहनों को बर्दाश्त नहीं करूंगा। यदि भविष्य में कोई ओवरलोड वाहन चलता पाया गया, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।ह्व उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि इस मामले में और ढील दी गई, तो उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। परिवहन मंत्री ने कहा, ह्ललोगों की सुरक्षा को देखते हुए अब सख्ती से काम लिया जाएगा।ह्व उन्होंने स्थानीय निवासियों से आग्रह किया कि वे ओवरलोड वाहनों की तस्वीरें खींचकर भेजें, ताकि कार्रवाई की जा सके। इस प्रकार के त्वरित फैसलों के चलते ही विज प्रदेश की जनता की पसंद बने हुए हैं।

### अब सड़क हादसे में नहीं जाएगी किसी की जान !

सड़क हादसों में मरने वालों की संख्या में कमी लाने के मकसद से सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा कैशलेस योजना शुरू की गई है। योजना के तहत किसी भी सड़क हादसे में घायल होने वाले व्यक्ति का एक सप्ताह तक डेढ़ लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त कराया जाएगा। हरियाणा पुलिस के मुखिया डीजीपी शत्रुजीत कपूर भी इस योजना की लगातार समीक्षा कर पुलिस अधिकारियों को इस बारे में निर्देश दे रहे हैं। इसके लिए हरियाणा में 1228 सरकारी व निजी अस्पतालों को अनुबंधित किया गया है। भारत सरकार की इस योजना को आयुष्मान भारत योजना के साथ जोड़ा गया है।

इंडिया न्यूज
RNI NO:DELHIN/2007/20278*
प्रकाशक, मुद्रक एवं कार्यकारी निदेशक **राकेश शर्मा** द्वारा मै. गुडमॉर्निंग इंडिया मीडिया प्रा. लिमिटेड के लिए खसरा नं. 39, ग्राम-बसई ब्राहुद्दीन नगर, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (यूपी)-201301 से मुद्रित कराकर 276 कैप्टन गौड़ मार्ग, श्रीनिवासपुरी, नई दिल्ली-65 से प्रकाशित। **संपादक : राणा यशवंत।**
* पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी





**आज समाज नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** Indian Renaissance The Modi Decade पुस्तक का विमोचन नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में जा रहा है। गृह मंत्री अमित शाह इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे, जबकि आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में पुस्तक की संपादक डॉ. ऐश्वर्या पंडित ने किताब के विषय को लेकर कहा कि मैंने इस किताब के बारे में जब सोचा जिसे मैं लिखने जा रहा थी, तो मैंने कुछ ऐसा करने के बारे में सोचा जो पिछले 10 सालों में हुए परिवर्तन के पैमाने को दर्शाए।

# डॉ. ऐश्वर्या पंडित ने बताई Indian Renaissance The Modi Decade के पीछे की पूरी कहानी

## गहरा है टाइटल का मतलब



## हर तरफ भारत को लेकर हो रही है चर्चा

डॉ. ऐश्वर्या पंडित ने आगे कहा कि आज जब भी हम देश में कहीं भी जाते हैं या विदेश यात्रा पर जाते हैं तो हमें एहसास होता है कि भारत के बारे में बहुत चर्चा होती है। इसलिए मुझे अक्सर आश्चर्य होता है कि भारत के बारे में इतनी बात क्यों की जा रही है? भारत के बारे में अब बहुत अधिक चर्चा हो रही है, जो पहले कभी नहीं हुई थी और इसकी सच्चाई यह है कि चाहे वह प्रधानमंत्री का विदेश दौरा हो या भारत में उनका कोई बयान, विश्व उस पर ध्यान देता है। चाहे आपने देश के किसी भी कोने की यात्रा की हो। चाहे गांव हो, ब्लॉक स्तर हो या शहर हो, आप परिवर्तन होते देख सकते हैं इसलिए मैं एक ऐसी पुस्तक लिखना चाहती थी, जो परिवर्तन के पैमाने को दर्शाए। मैंने प्रधानमंत्री पर कई पुस्तकें पढ़ी थीं, लेकिन एक इतिहासकार और लेखक के रूप में मुझे लगा कि कुछ कमी रह गई है। मुझे लगा कि ऐसी कोई पुस्तक नहीं है, जो परिवर्तन के पैमाने को दर्शा सके। फिर मैंने सोचा कि मैं अकेली हर उस क्षेत्र की विशेषज्ञ नहीं हूं जिसमें वह परिवर्तन शामिल है। इसलिए मुझे लगा कि एक पुस्तक या खंड का संकलन जिसमें उस क्षेत्र के लेखक और विशेषज्ञ शामिल हों, जो विषय को जानते हों और जो जानते हों कि वे किस बारे में बात कर रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तहत परिवर्तन के पैमाने के बारे में लिखने के लिए आवश्यक था। इसीलिए यह पुस्तक संपादित खंड है जिसमें निबंधों का संग्रह शामिल है जो वैश्विक और भारत का गहन अन्वेषण है, उन दशकों में जो भारत को परिभाषित करते हैं और दशक की परिभाषा हैं प्रधानमंत्री मोदी।

### हर तरफ देख सकते हैं परिवर्तन



### डॉ. ऐश्वर्या पंडित की अन्य पुस्तकें

डॉ. ऐश्वर्या पंडित, जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल में एसोसिएट प्रोफेसर हैं और उन्होंने आईआईएम इंदौर में विजिटिंग प्रोफेसर के तौर पर भी पढ़ाया है। उनकी पुस्तक 'क्लेमिंग सिटिजनशिप एंड नेशन : मुस्लिम पॉलिटिक्स एंड स्टेट बिल्डिंग इन नॉर्थ इंडिया, 1947-1986' 2022 में रूटलेज द्वारा प्रकाशित की गई थी।

### मोदी सरकार के 10 वर्षों का व्यापक अवलोकन

यह पुस्तक पिछले 10 वर्षों में भारत में हुए सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिवर्तनों को कवर करने वाले निबंधों का संग्रह है। 'इंडियन रेनेसां' वरिष्ठ पत्रकारों, राजनीतिक नेताओं, नीति-निर्माताओं और सार्वजनिक बुद्धिजीवियों सहित विविध प्रकार की आवाजों को एक साथ लाता है। ये निबंध मोदी के अनूठे प्रभाव और उनके नेतृत्व में भाजपा के परिवर्तन का विश्लेषण करते हैं। इसमें उन विकासात्मक पहलों पर भी चर्चा की गई है, जिन्होंने भारत के सबसे दूरदराज के गांवों में भी लोगों के जीवन को बदल दिया है। पुस्तक में भारत के अन्य देशों, खासकर अमेरिका और अरब देशों के साथ संबंधों पर चर्चा की गई है। इसमें डिजिटल क्रांति, एक अरब लोगों को शिक्षित करने की चुनौती और भारत सरकार द्वारा आकार दिए जा रहे नए (अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय) राष्ट्रवादी दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला गया है।

### किस बारे में है पुस्तक

डॉ. ऐश्वर्या पंडित द्वारा संपादित यह पुस्तक पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार के शासन का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करती है। इसमें प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और भाजपा के परिवर्तन पर प्रकाश डाला गया है, जिसमें सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिवर्तन परिलक्षित होते हैं। इसके अलावा, ग्रामीण और शहरी भारत में विकास परियोजनाएं, भारत के अंतरराष्ट्रीय संबंध और डिजिटल क्रांति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार किया गया है।



















# सीएम भगवंत मान ने दिल्ली में आप उम्मीदवारों के लिए किया प्रचार



**नई दिल्ली/चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को दिल्ली में आप उम्मीदवारों के लिए प्रचार करते हुए तुगलकाबाद और ग्रेटर कैलाश में विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और कालकाजी और कस्तूरबा नगर में बड़ा रोड शो का नेतृत्व किया। सीएम मान ने दिल्ली के लोगों से आगामी चुनावों में संघर्ष, विभाजन और भ्रष्टाचार के बजाय विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा को चुनने का आग्रह किया। तुगलकाबाद में मान ने कहा कि मतदाताओं को एक महत्वपूर्ण विकल्प चुनना होगा एक तरफ, संघर्ष और नफरत को बढ़ावा देने वाली पार्टी हैं दूसरी ओर, आम आदमी पार्टी है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य और रोज़गार को बढ़ावा दे रही है। एक तरफ आपसे छीन लेता है; हम आपको वापस देते हैं। इस चुनाव में दिल्ली की जनता को अपना और अपने बच्चों का भविष्य तय करना होगा। मान ने अरविंद केजरीवाल के शासन मॉडल की सराहना करते हुए कहा, 10 वर्षों से, केजरीवाल जी ने यह सुनिश्चित किया है कि करदाताओं के पैसे से लोगों को फायदा हो-मुफ्त बिजली, साफ पानी, अच्छे स्कूल-अस्पताल और महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा।

**बीजेपी की बयानबाजी की आलोचना**

उन्होंने बीजेपी की बयानबाजी की आलोचना करते हुए कहा, वे आम आदमी पार्टी की गारंटी को मुफ्त कहकर मजाक उड़ाते हैं, फिर भी जब केजरीवाल महिलाओं के लिए 2100 की घोषणा करते हैं तो वे खुद 2500 का वादा करते हैं। लेकिन जनता जानती है कि किस पर भरोसा करना है। कालकाजी में मान ने वादों को पूरा करने में आम आदमी पार्टी के सिद्ध ट्रैक रिकार्ड पर प्रकाश डाला और कहा, हम जो वादा करते हैं उसे पूरा करते हैं, चाहे वह दिल्ली में हो या पंजाब में।

**आतिशी को समर्थन देने का आग्रह किया**

उन्होंने मतदाताओं से दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को समर्थन देने का आग्रह किया और जन कल्याण के प्रति आम आदमी पार्टी की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि दिल्ली ऐसे नेताओं की हकदार है जो आपके लाभ के बारे में नहीं बल्कि आपके कल्याण के बारे में सोचता हो। ग्रेटर कैलाश में मान ने आम आदमी पार्टी और अन्य पार्टियों के बीच स्पष्ट विरोधाभास को मजबूत करते हुए कहा, एक पक्ष गालियां देता है और नफरत फैलाता है वहीं दूसरा लोगों के लिए काम करने में विश्वास रखता है। अरविंद केजरीवाल के दृष्टिकोण ने शासन को बदल दिया है। करदाताओं के पैसे को वास्तविक लाभ में बदल दिया है। उन्होंने आप की पारदर्शिता की ओर इशारा करते हुए बताया कि कैसे पंजाब सरकार ने सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा के लिए एक निजी थर्मल प्लांट को खरीद लिया। उन्होंने कहा कि हम व्यक्तिगत लाभ के लिए सार्वजनिक संस्थानों को नहीं बेचते हैं, बल्कि हम उन्हें मजबूत करते हैं।

**भाजपा जुमले सुनाती है**

मान ने भाजपा की विफलताओं पर हमला बोलते हुए कहा, एमसीडी के 15 साल और केंद्र सरकार के 11 साल उन्होंने क्या किया है? यहां तक कि एक भी सीवर प्लांट स्थापित करना भी एक उपलब्धि ही होगी! लेकिन उनके पास दिखाने के लिए कोई काम ही नहीं है। मान ने कहा,भाजपा जुमले सुनाती है, लेकिन हम असली काम करते हैं। अरविंद केजरीवाल पैसे के लिए राजनीति में नहीं हैं। वह एक आईआरएस अधिकारी थे, लेकिन लोगों की सेवा करने के लिए उन्होंने वह नौकरी छोड़ दी। मैंने एक हास्य अभिनेता के रूप में अपना सफल करियर छोड़ दिया। क्योंकि राजनीति में लोग भ्रष्ट थे और सिस्टम को साफ करने की जरूरत थी।

## दिल्ली में पंजाब सीएम आवास कपूरथला हाउस पर चुनाव आयोग की रेड की आप नेताओं ने की सख्त निंदा

**चंडीगढ़।** दिल्ली में पंजाब के मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास कपूरथला हाउस पर चुनाव आयोग की रेड पर आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। आप नेताओं ने घटना की सख्त आलोचना की और इसे बदले की भावना से प्रेरित कारवाई बताया। इस घटना पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ट्वीट किया और लिखा, आज दिल्ली पुलिस के साथ चुनाव आयोग की टीम दिल्ली में मेरे घर कपूरथला हाउस रेड करने पहुंची है। दिल्ली के अंदर भाजपा वाले खुले आम पैसे बांट रहे हैं पर दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग को कुछ नहीं दिख रहा है। उनपर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। एक तरीके से दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर पंजाबियों को बदनाम कर रही है। यह बहुत निंदनीय है। आप पंजाब के प्रधान अमन अरोड़ा ने कहा कि भाजपा हार से डरी हुई है इसलिए चुनाव का माहौल खराब करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता प्रवेश वर्मा लगातार पैसे बांट रहा है लेकिन चुनाव आयोग ने उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि ये कार्रवाई भाजपा के इशारे पर हो रही है।

## खबर एक्सप्रेस

### जिला सेशन जज माननीय बीबीएस तेजी ने किया सब जेल बरनाला का निरीक्षण



**बरनाला।** जिला सेशन जज माननीय बीबीएस तेजी ने सब जेल बरनाला का औचक निरीक्षण कर कैदियों व हवालातियों की समस्याएं जानीं और उनको मिल रहे भोजन का जायजा लिया। सफाई प्रबंधों का भी निरीक्षण कर जेल सुपरडैंट को हिदायत की कि अगर कोई भी हवालाती या कैदी सरकारी खर्च पर अपने केस की पैरवाई करवाना चाहता है तो उसका फार्म भरकर दो दिन के अंदर अंदर जिला का कानूंनी आथार्टी बरनाला के दफ्तर में भेजा जाए। इस अवसर पर जिला सेशन जज माननीय बीबीए तेजी ने समूह हवालातियों व कैदियों की समस्याएं सुनीं और कई समस्याओं का मौका पर समाधान भी किया। उन्होंने रसोई घर व जेल बैरकों की सफाई का जायजा भी लिया। इस अवसर पर उन्होंने बंदियों को माननीय हाईकोर्ट व माननीय सुप्रीम कोर्ट में अपील करने का तरीका व लिमिटेशन पीरियड़ सबंधी भी जानकारी दी। जेल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे जिला सेशन जज माननीय बीबीएस तेजी के साथ मदन लाल माननीय सचिव जिला सेवाएं अथार्टी बरनाला, गुरमेल सिंह गिल डिप्टी चीफ लीगल एड डिफैंस काउंसिल बरनाला, गुरनैब सिंह ढिल्लों डिप्टी चीफ लीगल एड डिफैंस बरनाला मौजूद थे।

### सरहिंद फीडर 28 दिन बंद रहेगा

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार के एक प्रवक्ता ने जानकारी दी है कि नॉर्दर्न इंडिया कैनाल एंड ड्रेनेज एक्ट, 1873 (8 ऑफ 1873) के तहत जारी नियमों के नियम 63 के अंतर्गत, मौसम और फसलों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, सरहिंद फीडर की रिलाइनिंग का कार्य करवाने के लिए 01-02-2025 से 28-02-2025 तक (दोनों दिन शामिल) 28 दिनों का बंदी कार्यक्रम रहेगा। इस संबंध में जल संसाधन विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है।

### पूर्व कैबिनेट मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू एक बार फिर से सोशल मीडिया पर एक्टिव नजर आए

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रधान एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू भले ही राजनीति में सक्रिय नहीं हैं, लेकिन इन दिनों सोशल मीडिया पर वह खूब एक्टिव रहते हैं। बड़ी बात यह है कि नवजोत सिंह सिद्धू ने अपना 33 किलो वजह कम किया है। वह भी महज पांच महीनों में। सिद्धू ने सोशल मीडिया पर इसका खुलासा भी किया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सिद्धू ने अपने दो फोटो शेयर किए हैं, जिसमें एक पुराना फोटो है और लेटेस्ट फोटो का भी कोलाज बनाया है। दोनों फोटो में दिन रात का अंतर है। नवजोत सिंह सिद्धू ने दावा किया है कि उन्होंने मात्र पांच महीने में अपना 33 किलोग्राम वजन कम किया है। इसके साथ ही सिद्धू ने एक मैसेज भी लिखा है। उन्होंने लिखा कि दृढ़ संकल्प, अनुशासन और सही जीवनशैली अपनाने से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। सिद्धू ने बताया कि उन्होंने अगस्त 2023 से वजन को कम करना शुरू किया था। हालांकि यह परिवर्तन की दूसरों के लिए प्रेरणादायक है। सिद्धू ने बताया कि वजन कम करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण भूमिका इच्छाशक्ति, अनुशासन और सही प्रक्रिया की है। वजन घटाने के लिए सख्त डाइट, प्राणायाम (श्वास नियंत्रण), वेट ट्रेनिंग और नियमित वॉक को अपनाया। इस पूरे प्रकरण के दौरान फिटनेस पर लगातार ध्यान दिया और धीरे-धीरे शरीर में सकारात्मक बदलाव आने लगे। सिद्धू की इस सफलता के बाद संदेश स्पष्ट है असंभव कुछ भी नहीं। जब तक कोई अपने लक्ष्य को लेकर पूरी तरह समर्पित रहता है और सही दिशा में प्रयास करता है, तब तक कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती। पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी नवजोत कौर सिद्धू ने कैंसर हाल ही में कैंसर से भी जंग जीती थी। नवजोत कौर को ब्रेस्ट कैंसर से जंग जीतने के बाद नवजोत सिंह सिद्धू ने मीडिया के सामने पत्नी की इस खतरनाक बीमारी पार पाने के सफर के बारे में भी बताया था। इसके बाद उन्होंने यह भी कहा था कि उन्होंने व उनके परिवार ने अमृतसर नहीं छोड़ा है। वह अमृतसर निवासियों की सेवा करते रहेंगे। अमृतसर की धरती उनकी कर्मभूमि है।

### बाबा साहब की प्रतिमा का अपमान करने वालों को बेनकाव किया जाए

**चंडीगढ़।** गुरू की नगरी अमृतसर में संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेदकर की प्रतिमा पर चढ़कर खंडित करने की घटना पर आम आदमी वाली सरकार को आडे हाथों लेते हुए प्रदेश भाजपा प्रधान सुनील जाखड़ ने कहा है कि यह दुर्भाग्य है कि पंजाब को नफरत की आग में जलाने के षडयंत्र रचे जा रहे हैं लेकिन सरकार के नेता दिल्ली में अपनी पार्टी को जिताने के लिये चुनावी बासुंरी बजा रहे हैं। जाखड़ ने कहा कि बाबा साहब किसी वर्ग व जाति विशेष के नहीं बल्कि पूरे भारत के 140 करोड़ निवासियों के आदर व सम्मान के पात्र हैं क्योंकि उन्होने न केवल दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत का संविधान रचने में अहम भूमिका निभाई बल्कि गरीबी से जूझ रहे करोड़ों परिवारों के हित को सर्वोपरि माना। उन्हें किसी वर्ग विशेष या राजनीतिक दल तक सीमित नहीं रखा जा सकता। मात्र एक व्यक्ति को अमृतसर की घटना से जोड़कर इसके पीछे छिपी साजिश को दबाया नहीं जा सकता। लोग इस बात को भूले नहीं कि पंजाब में आम आदमी पार्टी ने चुनाव जीतने के लिये चर्मपंथी वर्ग का सहारा लिया। वे लोग विदेश में बैठे आकाओं के इशारे पर गुरूओं, पीरों और फकीरों की पावन धरती पंजाब का वातावरण दूषित करने का कोई भी अवसर हाथ से गंवाना नहीं चाहते और हर वारदात के बाद उसकी जिम्मेवारी भी लेते हैं लेकिन आम आदमी पार्टी की सरकार को कानून व्यवस्था से कोई सरोकार नहीं। समूची सरकार दिल्ली की गद्दी बचाने के लिये वहां डेरे डाले हुए हैं। ऐसे माहौल में बाबा साहब का अपमान सहन नहीं किया जा सकता। जरूरत इस बात की है कि न केवल पंजाब बल्कि पूरे देश की एकता, अखंडता और आपसी भाईचारे को नुक्सान पहुंचाने वाले तत्वों को नकेल डाली जाए।

### मुफ्त बिजली की सब्सिडी की वजह से पंजाब पर बढ़ रहा है वित्तिय बोझ

**चंडीगढ़।** पंजाब पर मुफ्त बिजली की सब्सिडी का बोझ लगातार बढ़ रहा है। आने वाले वित्तीय साल 2025-26 में पंजाब में 20 हजार 433 करोड़ की बिजली सब्सिडी रहने का अनुमान लगाया जा रहा है, जबकि साल 2023-24 में बिजली सब्सिडी पर 17 हजार 744 करोड़ रुपये का खर्च आया था। इसके कारण वित्तीय संकट गहरा रहा है। इसी वजह से समय पर सब्सिडी राशि का भुगतान पावरकाम को नहीं कर पा रही है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि चालू वित्तीय वर्ष की तकरीबन 6 हजार 300 करोड़ की सब्सिडी सरकार की तरफ पेंडिंग पड़ी है। हाल ही में पीएसईबी इंजीनियर्स एसोसिएशन ने सीएम भगवंत मान को पत्र लिखकर इस सब्सिडी राशि समेत विभिन्न सरकारी विभागों की तरफ पेंडिंग पड़े करोड़ों रुपये के बिजली बिलों का भुगतान सुनिश्चित कराने की अपील की थी। लेकिन अभी तक यह भुगतान बकाया पड़े हैं। पंजाब में 300 यूनिट मुफ्त होने के बाद से बिजली की खपत में रिकार्ड वृद्धि हो रही है। यहां तक कि सर्दियों में भी बिजली की खपत में बढ़ोतरी दर्ज हो रही है, लेकिन करीब 90 फीसदी खपतकारों के बिजली बिल शून्य आ रहे हैं। लेकिन इसके बाद भी सरकार की ओर से लोगों को 300 यूनिट प्रति महीना मुफ्त बिजली देने की योजना पर कोई असर नहीं पडा है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार पंजाब पुलिस, पंजाब को एक सुरक्षित राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध

# संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद लंडा मॉड्यूल के चार सदस्य गिरफ्तार

■ दो ग्रेनेड और दो पिस्तौल बरामद

**चंडीगढ़/तरनतारन।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार संगठित अपराध के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत तरनतारन पुलिस ने अमेरिका-स्थित आतंकवादी लखबीर सिंह उर्फ लंडा से जुड़े और अमेरिका-स्थित गुरदेव सिंह उर्फ जैसल चंबल तथा कनाडा-स्थित सतबीर उर्फ सत्ता नौशहरा द्वारा चलाए जा रहे मॉड्यूल का पदार्फाश करते हुए संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद तरनतारन से चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी आज यहां पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान तरनतारन के मुरादपुरा निवासी रोबिनजीत सिंह उर्फ रोबिन, तरनतारन के उस्मान निवासी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी, गुरदासपुर के कलानौर निवासी नवजोत सिंह उर्फ नव और गुरदासपुर के घुम्मण कला निवासी जगदीप सिंह उर्फ जग्गा के रूप में हुई है। पुलिस टीमों ने उनके कब्जे से दो हैंड ग्रेनेड और दो अत्याधुनिक .30 बोर की पिस्तौल के साथ-साथ गोला-बारूद और तीन मैगजीन भी बरामद की हैं। इसके अलावा, पुलिस ने अपराध में प्रयुक्त उनकी बिना रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट वाली होंडा सिविक कार भी जब्त कर ली है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ के दौरान उन्होंने कबूल किया कि जब्त किए गए हैंड ग्रेनेड और हथियार जैसल चंबल द्वारा उसके अज्ञात साथी के माध्यम से सप्लाई किए गए थे और वे जैसल चंबल व सत्ता नौशहरा के कहने पर किसी को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। उन्होंने आगे बताया कि गिरफ्तार आरोपी जबरन वसूली और गिरोह से संबंधित हिंसक आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं। डीजीपी ने कहा कि इस मामले में अन्य संबंधित कड़ियों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। ऑपरेशन का विवरण साझा करते हुए, तरनतारन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अभिमन्यु राणा ने बताया कि जब यह



सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति होंडा सिविक कार में जा रहे हैं, तो डीएसपी इन्वेस्टिगेशन रजिंदर मनहास की निगरानी में सीआईए स्टाफ तरनतारन के इंचार्ज अमनदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सिरहाली रोड पर ठठियां महंता गांव के पास नाका लगाया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने सफलतापूर्वक आरोपियों की कार को ट्रेस कर लिया और जब पुलिस पार्टी ने उनकी गाड़ी रोकने की कोशिश की, तो आरोपियों ने पुलिस टीमों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिससे पुलिस को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। इस दौरान आरोपी रोबिन के पैर में गोली लग गई। इसके बाद उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

**पुलिस टीमों ने उनके कब्जे से दो हैंड ग्रेनेड और एक पिस्तौल समेत गोलियां बरामद की हैं**

एसएसपी ने बताया कि इस कार्रवाई और गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ के बाद गिरोह के दो अन्य सदस्यों नवजोत उर्फ नव और जगदीप उर्फ जग्गा को भी गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से एक और अत्याधुनिक पिस्तौल और गोलियां बरामद की गई हैं। जांच के दौरान पता चला है कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी दिसंबर 2024 में गुरदासपुर के हीर गांव में हुई गोलीबारी की घटना में शामिल थे, जिसमें उन्होंने जैसल चंबल के इशारे पर घर के मालिक से फिरौती मांगी थी। एसएसपी ने कहा कि इस मामले की आगे जांच जारी है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां व बरामदगियां होने की संभावना है। इस संबंध में एफआईआर नंबर 11, दिनांक 30/01/2025, भारतीय दंड संहिता (बीएनएस) की धारा 113(3) और 113, आर्म्स एक्ट की धारा 25(6) और 25(7) तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 3, 4, 5 और 6 के तहत थाना सिरहाली, तरनतारन में मामला दर्ज किया गया है।

## फिनलैंड में प्रशिक्षण के लिए भेजने हेतु प्राइमरी और एलिमेंट्री शिक्षकों के चयन की प्रक्रिया शुरू

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार द्वारा प्रदेश की स्कूल शिक्षा प्रणाली को विश्वस्तरीय मानकों के बराबर लाने के निरंतर प्रयासों के तहत पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग ने फिनलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ तुर्कू में प्रशिक्षण के लिए प्राइमरी और एलिमेंट्री शिक्षकों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस चयन प्रक्रिया के बारे में जानकारी साझा करते हुए पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री स हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि 72 प्राथमिक और एलिमेंट्री शिक्षक (बी पी ई ओज, सी एच टीज, एच टीज) के दूसरे बैच को प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ तुर्कू भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस तीन सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में एक सप्ताह पंजाब में और दो सप्ताह फिनलैंड में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक शिक्षक 2 फरवरी, 2025 की शाम 5 बजे तक ई-पंजाब स्कूल पोर्टल epunjab-school.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मंत्री ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए चयनित अभ्यर्थियों की आयु 31 जनवरी, 2025 तक 43 वर्ष या इससे कम होनी चाहिए, जबकि यह एचटी, सी एच टी और बी पी ई ओ पदों के लिए अधिकतम आयु 48 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, आवेदकों के पास वैध भारतीय पासपोर्ट होना आवश्यक है, जिसकी वैधता कम से कम सितंबर 2025 तक होनी चाहिए।

## पंजाब के श्रम विभाग के 100 प्रतिशत कंप्यूटरीकरण की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना

**चंडीगढ़।** पंजाब के श्रम मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने बीती शाम नई दिल्ली में श्रम मंत्रियों और श्रम सचिवों के दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रस्ताव रखा कि ई-श्रम के तहत पंजीकृत श्रमिकों को स्वास्थ्य बीमा, उनके बच्चों के लिए छात्रवृत्ति और सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन लाभ प्रदान किए जाएं। सम्मेलन के दौरान सौंद ने इस मुद्दे पर केंद्रीय श्रम मंत्री के साथ भी विचार-विमर्श किया। उन्होंने आई.टी.आई. और पॉलिटेक्निक के माध्यम से कौशल की पहचान और प्रशिक्षण के महत्व पर जोर दिया और श्रमिकों के लिए कौशल विकास और निरंतर सहायता की आवश्यकता को उजागर किया। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में हुए इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य श्रम कल्याण की दिशा में बेहतर कार्यप्रणालियों पर चर्चा करना और श्रमिकों के समक्ष आने वाली प्रमुख चुनौतियों का समाधान करना था। पंजाब के श्रम सचिव मनवेश सिंह सिद्धू ने इस सम्मेलन के दौरान राज्य के श्रम विभाग के 100 प्रतिशत कंप्यूटरीकरण के बारे में जानकारी दी, जिसके चलते विभाग का कार्य अब पूरी तरह से कागज रहित, पारदर्शी और कुशल हो गया है। उन्होंने बताया कि इस पहल से जवाबदेही बढ़ी है, व्यापार में आसानी हुई है और सेवाएं प्रदान करना अधिक सुगम हो गया है। गौरतलब है कि सम्मेलन में पंजाब के श्रम विभाग और किरती सहायक ऐप की भी सराहना की गई। उल्लेखनीय है कि किरती सहायक ऐप निर्माण श्रमिकों को कहीं से भी और कभी भी पंजीकरण की सुविधा प्रदान करता है। इसके अलावा, यह ऐप बायोमेट्रिक प्रमाणिकता के लिए आधार ई-केवाईसी का उपयोग करता है और सेवाओं की समयबद्ध डिलीवरी सुनिश्चित करता है। सम्मेलन के दौरान निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिए बेहतर कार्यप्रणालियों, ई.एस.आई.सी. को ए.बी.जे.ए.वाई. योजना से जोड़ने और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। ई-श्रम के माध्यम से असंगठित श्रमिकों के पंजीकरण को बढ़ावा देने, नेशनल करियर सर्विस के लिए रोडमैप तैयार करने और प्रधानमंत्री शिक्षा एवं रोजगार लॉन्च जैसी पहलों की समीक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया।

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर हरपाल चीमा ने कहा भाजपा-कांग्रेस का अनैतिक गठबंधन हुआ

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में भारतीय जनता पार्टी का मेयर बनने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और पंजाब सरकार के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि मेयर चुनाव के दौरान कांग्रेस और भाजपा का अनैतिक गठबंधन हुआ है। चीमा ने कहा कि हमने अपना धर्म निभाया इसलिए हमारे पार्षदों के वोट से कांग्रेस के डिप्टी मेयर और सीनियर डिप्टी मेयर बने। कांग्रेस ने हमें धोखा दिया है। कांग्रेसी पार्षदों ने क्रास वोटिंग की जिसके कारण भाजपा का मेयर बना। चीमा ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टी अंदरखाते मिली हुई है। वह हमें रोकना चाहते हैं। दोनों पार्टी आम आदमी पार्टी के बढ़ते प्रभाव से डरी हुई है। दिल्ली विधानसभा चुनाव भी वे मिलकर लड़ रहे हैं, लेकिन दिल्ली में इस बार भी भारी बहुमत से आम आदमी पार्टी की सरकार बन रही है।

## किसान 120 से अधिक ट्रैक्टर ट्रालियों के काफिले के साथ शंभू बार्डर पर फिर से जमा

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू व खनौरी बार्डर पर हलचल तेज हो गई है। किसान आंदोलन के अगले चरण की तैयारी में वीरवार को हजारों की संख्या में किसान 120 से अधिक ट्रैक्टर ट्रालियों के काफिले के साथ शंभू बार्डर पर फिर से जमा हो गए हैं। किसानों ने एक बार फिर से अपनी ताकत दिखाई है और सरकार को यह स्पष्ट कर दिया है कि वे अपनी मांगों से पीछे नहीं हटेंगे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर की अगुवाई में हजारों किसान शंभू बॉर्डर पर एकत्र हुए। पंधेर ने कहा कि पंजाब ने ऐतिहासिक रूप से राष्ट्रीय संघर्षों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और कारपोरेट समर्थित नीतियों के खिलाफ यह आंदोलन भी इससे अलग नहीं है। वीरवार सुबह सैकड़ों ट्रैक्टरों पर सवार होकर हजारों किसानों का काफिला अमृतसर चला था जो शाम को शंभू बार्डर पर पहुंचा है। रास्ते में अन्य किसान संगठनों के समूह भी काफिले में शामिल हुए।

**सामग्री लेकर पहुंच रहे है किसान**

किसानों ने अपने साथ बड़ी तादाद में लकड़ी के ट्रैक्टर, सब्जियां, पानी और अन्य आवश्यक सामग्री सहित राशन का बड़ा जखीरा इकट्ठा किया है। इससे यह स्पष्ट है कि किसान अपनी मांगों के पूरे होने तक लंबे समय तक आंदोलन जारी रखने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

**झुकने और टूटने वालों में से नहीं**

किसान नेता पंधेर ने कहा कि वे झुकने और टूटने वालों में से नहीं हैं। जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों की एकता और दृढ़ संकल्प को कम न आंका जाए।

**किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार**

बॅर्डर पर एक बार फिर से बड़ी संख्या में किसानों की एकजुटता आंदोलन को नई गति देने का काम करेगी। किसानों ने अपनी एकजुटता और संघर्ष क्षमता का प्रदर्शन करके सरकार को यह संदेश दे दिया है कि वे अपनी मांगों को लेकर किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार हैं। अब यह देखना होगा कि सरकार किसानों की मांगों पर क्या प्रतिक्रिया देती है। किसानों ने स्पष्ट कर दिया है कि वे अपनी मांगों से पीछे नहीं हटेंगे। ऐसे में सरकार को किसानों के साथ बातचीत करके उनकी मांगों का समाधान निकालना होगा।

**यह है किसानों की मुख्य मांगें**

किसानों की मुख्य मांगों में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के आधार पर एमएसपी की कानूनी गारंटी,किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए पूर्ण ऋण मुक्ति, मनरेगा रोजगार में प्रति वर्ष 200 दिन रोजगार और 700 रुपये दिहाड़ी,60 वर्ष से अधिक आयु के किसानों और मजदूरों के लिए 10 हजार प्रति माह पेंशन, आदिवासी भूमि अधिकारों की रक्षा के लिए पांचवीं अनुसूची को लागू करना,विद्युत अधिनियम 2023 को निरस्त करना, 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून को बहाल करना,लखीमपुर खीरी घटना के लिए न्याय सहित अन्य मांगे शामिल है।

# सड़क हादसों में मौत दर घटी : सांसद मीत हेयर

■ फरिश्ते स्कीम तथा सड़क सुरक्षा फोर्स द्वारा की जा रही है घायलों की मदद: डीसी पूनमदीप कौर







जतिंदर देवगन

**बरनाला।** सड़क हादसों में घायलों को तुरंत प्राथमिक डॉक्टरी सहायता मुहैया करवा कर कीमती जानें बचाने के लिए मुखयमंत्री भगवंत मान की अगवाई तले पंजाब सरकार द्वारा शुरू की फरिश्ते स्कीम व सड़क सुरक्षा फोर्स बरदान साबित हो रही हैं। फरिश्ते स्कीम सबंधी जानकारी देते हुए डीसी बरनाला पूनमदीप कौर ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा फरिश्ते स्कीम अधीन सड़क हादसों में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को दो हजार रुपए नकद इनाम के साथ प्रशंसा पत्र दिया जाता है। डीसी ने बताया कि इस स्कीम तहत सरकारी अस्पतालों के इलावा सूचिबद्द प्राईवेट अस्पतालों में घायलों का इलाज फ्री किया जाता है। आगे जानकारी देते हुए सिविल अस्पताल के सीएमओ डॉक्टर ज्योति कौशल ने बताया कि इस स्कीम तहत जिले के छह सरकारी अस्पतालों के इलावा पांच प्राईवेट अस्पताल भी शामिल हैं। सरकारी अस्पतालों में सिविल अस्पताल बरनाला, सब डिवीजनल अस्पताल तपामंडी, सीएचसी धनौला, सीएचसी महिलकलां, सीएचसी चननवाल व सीएचसी भदौड़ हैं, जबकि प्राईवेट अस्पतालों बीएमसी सुपरस्पैसलिस्ट अस्पताल बरनाला, डा. प्रदीप अस्पताल, डा. हरीओम अस्पताल, भीर नर्सिंग होम, डा. नेरश अस्पताल शामिल हैं, उन्होंने बताया कि फरिश्ते स्कीम अधीन राज्य के समूह सूचिबद्द अस्पतालों की सूचि विभाग की वेबसाईट पर उपलबध है। जिला पुलिस मुखी संदीप मलिक ने बताया कि माननीय मुखयमंत्री भगवंत सिंह मान की अगवाई तले राज्य सरकार द्वारा सड़क हादसे रोकने के लिए सड़क सुरक्षा फोर्स स्थापित की गई है। जिस तहत जिला बरनाला में सात गाड़ियां, चौबीस घंटे के लिए ड्यूटी पर लगाई गई हैं, एसएसपी मलिक ने बताया कि बर्ष 2024 सड़क सुरक्षा फोर्स स्थापित होने के बाद इस फोर्स 2024 तक 669 घटनाएं मौका पर पहुंचकर 542 घायलों को प्राथमिक सहायता देक उनकी जानें बचाई। उन्होंने बताया कि इसके इलावा जिला बरनाला में इमरजेंसी रिस्पॉंस वहीकल 112 तहत लोगों की सुरक्षा के लिए छह गाड़ियों सहित कर्मचारी ड्यूटी पर लगाए गए हैं। शहर बरनाला में पांच पीसीआर पार्टियां नियुक्त की गई हैं।

सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर ने कहा कि मुखयमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा फरिश्ते स्कीम व सड़क सुरक्षा फोर्स के यत्नों से सड़क हादसों में मौत दर बहुत कम हुई है। सांसद मीत हेयर ने कहा कि राज्य में इस फोर्स में 1600 पुलिस कर्मचारी तैनात किए गए हैं व हर तीस किलोमीटर की दूरी पर सड़क सुरक्षा फोर्स की गाड़ी लगाई गई है। सांसद मीत हेयर ने कहा कि उन्होंने संसद में भी सड़क हादसों का मुद्दा उठाया था व केंद्र सरकार को नेशनल हाईवेज पर होते सड़क हादसे घटाने के लिए सवाल किया था। कहा था कि केंद्र सरकार भी पंजाब सरकार की तरह ऐसी फोर्स का गठन करे।

## कैनेडा के पूर्व सांसद दविंदर शौरी को सदमा, सगे भाई का देहांत

**बरनाला।(जतिंदर देवगन)** कैनेडा के पूर्व सांसद दविंदर शौरी के सगे भाई राजिंदर दत्त शौरी उर्फ राज निवासी बरनाला का लंबी बिमारी के बाद देहांत हो गया है। उनके देहांत पर बरनाला के समूह राजनीतिक, समाजिक व धार्मिक सस्थाओं ने अफसोस प्रकट किया और उनकी आत्मिक शांति के लिए प्रार्थना की। समाज सेवी राजिंदर दत्त शौरी का बरनाला के रामबाग में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस अवसर पर कैनेडा पूर्व सांसद दविंदर शौरी, नगर काउंसिल बरनाला के पूर्व अध्यक्ष संजीव कुमार मंटी शौरी, प्रवोद दत्त शौरी, प्रलाद कुमार सहित शहर के तमाम संगठनों के नुमाईंदे मौजूद थे। बता दें कि मृतक राजिंदर दत्त शौरी मशहूर आरजी नवीस विंदरावन शौरी के लड़के थे। मृतक राजिंदर दत्त शौरी के बेटे नारायण दत्त ने बताया कि उनके पिता जी की अंतिम अरदास 2 फरवरी दिन रविवार को बरनाला के शांति हाल में होगी।

# अगर मरने के बाद किसी से कोई रिश्ता नहीं रहता, तो फिर कैसे लग सकता है पितृ दोष


अध्यात्म के अनुसार, जब कोई आत्मा अपना शरीर छोड़ती है, तो वो अपने सारे पुराने रिश्ते भूलकर नई यात्रा पर निकल जाती है। उसके पुराने सारे सम्बन्ध समाप्त हो जाते हैं। तो, कई लोगों के मन में सवाल ये उठता है कि अगर मरने के बाद उस आत्मा से हमारा कोई रिश्ता ही नहीं, तो हमें पितृ दोष कैसे लग सकता है। हिन्दू धर्म में मृत्यु के बाद पूर्वजों का तर्पण क्या जाता है, ताकि उनकी आत्मा को गति मिले और परिवारजनों को पितृ दोष भी ना लगे। ऐसा इसलिए है क्योंकि मान्यता यह है कि मृत्यु के बाद केवल शारीरिक संबंध समाप्त होता है, लेकिन आत्मा का प्रभाव जीवित परिजनों पर बना रह सकता है। लेकिन कई लोगों के मन में ये भी सवाल आता है कि जब मृत्यु के बाद उस आत्मा से हमारा सम्बन्ध ही समाप्त हो गया, तो हमें पितृ दोष कैसे लग सकता है।

**पितृ दोष का संबंध मृत पूर्वजों की असंतुष्ट आत्मा या उनके अधूरे कर्मों से माना जाता है**

**यदि पितरों को तर्पण और श्राद्ध नहीं दिया जाए, तो वे असंतुष्ट रहते हैं और उनके प्रभाव से वंशजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।**

**पितृ दोष को कुल के पूर्वजों की नाराजगी भी माना जाता है, जिसे श्राद्ध, दान और पितृ तर्पण द्वारा शांत किया जाता है।**

**मृत्यु के बाद भले ही संबंध समाप्त हो जाता है, लेकिन माता-पिता का आशीर्वाद और उनके अधूरे कार्यों का प्रभाव संतानों पर बना रहता है।**



पितृ दोष का संबंध मृत पूर्वजों (पितरों) की अतृप्त आत्मा या उनके अधूरे कर्मों से माना जाता है। हिंदू धर्म में यह माना जाता है कि आत्मा मृत्यु के बाद अपने कर्मों के अनुसार पुनर्जन्म या मोक्ष प्राप्त करती है। यदि किसी पूर्वज की आत्मा असंतुष्ट है, तो वह परिवार पर प्रभाव डाल सकती है। यह प्रभाव श्पितृ दोषश् के रूप में देखा जाता है। धार्मिक ग्रंथों में कहा गया है कि यदि पितरों को तर्पण और श्राद्ध न दिया जाए, तो वे असंतुष्ट रहते हैं और उनके प्रभाव से वंशजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी कारण श्राद्ध पक्ष और पितृ तर्पण करने की परंपरा है, जिससे पूर्वजों की आत्मा को शांति मिले और उनका आशीर्वाद परिवार को प्राप्त हो। पितृ दोष का यह भी अर्थ लगाया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति ने अपने कुल, पूर्वजों या परिवार के प्रति कोई अन्याय किया हो, तो उसके प्रभाव से वंशजों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। पितृ दोष को कुल के पूर्वजों की नाराजगी भी माना जाता है, जिसे श्राद्ध, दान और पितृ तर्पण द्वारा शांत किया जाता है।

अगर मृत्यु के बाद संबंध समाप्त हो जाता है, तो पितृ दोष कैसे लगता है?किसी की मृत्यु के बाद भले ही आपका संबंध उससे समाप्त हो जाता है लेकिन उन्होंने जो आपके लिए अब तक किया है, उसका कर्ज आपपर बना हुआ है। मृत्यु के बाद वो आपको याद नहीं रख सकते लेकिन आपने तो उन्हें याद रखा हुआ है, आपको तो उनसे जुड़ा सम्बन्ध याद है, आप उनकी दी हुई चीजें भोग रहे हैं। तो, ये आपकी जिम्मेदारी बनती है कि आप उनकी आत्मा की सद्गति के लिए तर्पण या श्राद्ध करें। माता-पिता का आशीर्वाद और उनके अधूरे कार्यों का प्रभाव संतानों पर रहता है, जो आध्यात्मिक ऊर्जा के रूप में काम करता है। मृत्यु के बाद संबंध भले ही भौतिक रूप से समाप्त हो जाता है, लेकिन आत्मा और उसके कर्मों का प्रभाव बना रहता है। पितृ दोष का सिद्धांत कर्म, ऊर्जा और संतुलन पर आधारित है, जो हिंदू धर्म की एक महत्वपूर्ण मान्यता है।

## आज का पंचांग

शुक्रवार, 31 जनवरी, 2025
तिथि-द्वितिया-13:58 तक
नक्षत्र-शतभिषा-28:06 तक
प्रथम करण-कौवाला-13:58 तक
द्वितीय करण-तैतिल-24:49 तक
पक्ष-शुक्ल
योग-वरीघा-15:25 तक
सूर्योदय-07:09/सूर्यास्त-17:53
चंद्रमा-कुंभ
राहुकाल-11:10-12:31
विक्रमी संवत-2081
शक संवत-1946
मास-माघ
शुभ मुहूर्त-अभिजीत-12:09-12:52

## आज का राशिफल

**मेष (चू,चे,चो,ला,ली,लू,ले,लो,अ)**

आज का दिन आपके लिए किसी कानूनी मामले में सफलता दिलाने वाला रहेगा। आपको बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध करने से बचना होगा। आप किसी दूसरे के वाहन का प्रयोग मांगकर ना चलाएं, नहीं तो कोई दुर्घटना होने की संभावना है। आपकी कोई डील यदि लंबे समय से अटकी हुई थी, तो वह भी फाइनल हो सकती है। आपको अपने निवेश संबंधी मामलों पर पूरा ध्यान देना होगा। लेनदेन से संबंधित मामलों में आप पूरा ध्यान दें।

**वृषभ (इ,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो)**

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों के ऊपर काम का दबाव अधिक रहेगा। आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। माताजी से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, तो आप उसे दूर करने की पूरी कोशिश करेंगे। आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी के लिए कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं। आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं की चालों को समझना होगा, तभी आप आगे बढ़ पाएंगे।

**मिथुन (की,कु,घ,ङ:,छ,के,को,ह)**

आज का दिन आपके लिए किसी वाद-विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा। आपको किसी पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में वरिष्ठ सदस्यों से राय लेकर आगे बढ़ाना बेहतर रहेगा। यदि आपने किसी से कोई वादा किया था, तो उसे भी आप पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे। पिताजी की आपको कोई बात बुरी लग सकती है। आपको काम के साथ-साथ सेहत को भी समस्याएं बढ़ने से आप परेशान रहेंगे।

**कर्क (हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो)**

आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको मन मुताबिक लाभ न मिलने से आप परेशान रहेंगे। आपके बॉस से भी आपको किसी काम को लेकर डांट खानी पड़ सकती है। आपके मित्र आपके लिए कोई इंवेस्टमेंट संबंधित प्लान लेकर आ सकते हैं। आपको काम अधिक रहने के कारण आपका स्वभाव चिड़चिड़ा रहेगा। आपको जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य भरपूर मात्रा में मिलेगा।

**सिंह (मा,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे)**

आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। कारोबार में आपको कोई फैसला बहुत ही सोच समझकर लेना होगा। आप जीवनसाथी को लेकर कहीं वेकेशन पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका कोई विरोधी आपको परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। ऑनलाइन काम कर रहे लोग थोड़ा सतर्क रहें, क्योंकि उनके साथ कोई फ्रॉड हो सकता है।

**कन्या (टो,पा,पी,पू,ष,ण:,ठ,पे,पो)**

आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों में लापरवाही करने से बचना होगा। परिवार में लोग आपकी बातों को पूरा महत्व देंगे। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई पर पूरा फोकस बनाने की आवश्यकता है, तभी वह अच्छी परफॉर्मेंस दे पाएंगे।

**तुला (रा,री,रु,रे,रो,ता,ती,तू,ते)**

आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपका कोई प्रॉपर्टी संबंधित मामला यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो वह भी फाइनल हो सकती है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ रिश्ते को लेकर बेहतर आगे बढ़ेंगे। आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

**वृश्चिक (ना,नी,नु,ने,नो,या,यी,यू)**

आज का दिन आपके लिए सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपकी पद और प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आप दिखावे के चक्कर में ना पड़े। आपको नौकरी में कोई जिम्मेदारी भरा काम मिलने से मेहनत अधिक रहेगी। आप परिवार के सदस्यों के भी लिए भी कुछ समय निकलेंगे। अपने मन में किसी के प्रति नकारात्मक विचार न रखें। कार्यक्षेत्र में आपको किसी की मदद करने का मौका मिलेगा, तो आप आगे आएंगे।

**धनु (ये,यो,भा,भी,भू,धा,फ)**

आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में कोई फैसला जल्दबाजी में लेने से बचना होगा। मार्केटिंग से जुड़े लोग अच्छा नाम कमाएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपने आसपास रह रहे विरोधियों की बातों में आने से बचना होगा। जमीन-जायदाद से संबंधित मामलों में आपको थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**मकर (जा,जी,जू,जे,जो,खा)**

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। जो लोग विदेश घूमने की इच्छा रखते हैं, उनकी वह इच्छा पूरी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको अपने मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा। परिवार में खुशियां आएंगी, जिन पर आप अच्छा खासा धन व्यतीत करेंगे। आपको कोई फैसला सोच समझकर लेने की आवश्यकता है। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण परेशान रहेंगे। तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होगी।

**कुंभ (गू,गे,गो,सो,सी,सू,से,सो,दा)**

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलती रहेगी। बिजनेस में यदि कुछ समस्या चली आ रही थी, तो आप उन्हें भी दूर करने के पूरी कोशिश करेंगे। आपका पूरा फोकस अपने लक्ष्य पर रहेगा, तभी वह पूरा हो सकता है। अविवाहित जातकों के लिए बेहतर रिश्ता आ सकता है। रोजगार को लेकर इधर-उधर भटक रहे लोगों को किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन (दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची)**

आज आपको अपने खर्चों पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। नौकरी में कार्यरत लोगों का समय अच्छा बीतेगा, क्योंकि उन्हें मन मुताबिक काम मिलेगा। आपके मन में प्रेम और स्नेह बना रहेगा, लेकिन आपकी सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव रहने से आपको टेंशन भी अधिक रहेगी। आप किसी दोस्तों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

# कुल देवी या देवता को 4 उपाय से मनाएं और संकटों से मुक्ति पाएं

भारत में कई समाज या जाति के कुलदेवी और देवता होते हैं। भारतीय लोग हजारों वर्षों से अपने कुलदेवी और देवता की पूजा करते आ रहे हैं। हालांकि आजकल अधिकतर परिवार ने अपने कुलदेवी और कुल देवताओं को पूजना या उनको याद करना छोड़ दिया है। संभवतः इसी के कारण वे घोर संकट में घिरे हुए हैं। यदि ऐसा है तो 4 उपाय करें और संकटों से मुक्ति पाएं।

जन्म, विवाह आदि मांगलिक कार्यों में कुलदेवी या देवताओं के स्थान पर जाकर उनकी पूजा की जाती है या उनके नाम से स्तुति की जाती है। कुलदेवी की कृपा का अर्थ होता है सौ सुनार की एक लोहार की। बिना कुलदेवी कृपा के किसी के कुल का वंश ही क्या कोई नाम, यश आगे बढ़ नहीं सकता। अतः कुल देवी और देवता के लिए प्रतिदिन सुबह और शाम को भोग निकालें और उनके नाम का उच्चारण करें। नाम नहीं याद हो तो स्थान का उच्चारण करें। जैसे, डुंगलाई वाली कुलदेवी की जय। स्थान का नाम भी नहीं मालूम होतो तो हे माता कुलदेवी और कुलदेवता आपकी सदा विजयी हो। दुर्गा माता की जय, भैरू महाराज की जय।

एक ऐसा भी दिन होता है जबकि संबंधित कुल के लोग अपने देवी और देवता के स्थान पर इकट्ठा होते हैं। जिन लोगों को अपने कुलदेवी और देवता के बारे में नहीं मालूम है या जो भूल गए हैं, वे अपने कुल की शाखा और जड़ों से कट गए हैं। कुलदेवी या कुल देवता के स्थान से आपके पूर्वजों का पता लगता है। जिसे यह नहीं याद है वे भैरू महाराज और दुर्गा माता के मंदिर में जाकर उनके नाम का भोज चढ़ाएं और पूजा करें।

कुल देवी या देवता के स्थान पर जाकर एक साबूत नींबू लें और उसको अपने उपर से 21 बार वार कर उसे दो भागों में काटकर एक भाग को दूसरे भाग की दिशा में और दूसरे भाग को पहले भाग की दिशा में फेंक दें। इसके बाद कुलदेवी या देवता से क्षमा मांग कर वहां अच्छे से पूजा पाठ करें या करवाएं और सभी को दान-दक्षिणा दें।



कुलदेवता की पूजा करते समय शुद्ध देसी घी का दीया, धूप, अगरबत्ती, चंदन और कपूर जलाना चाहिए साथ ही प्रसाद स्वरूप भोग भी लगाना चाहिए। कुलदेवता को चंदन और चावल का टीका अर्पण करते समय ध्यान रखें की टूटे हुए या खंडित चावल ना हो। कुलदेवता को हल्दी में लिपटे पीले चावल पानी में भिगोकर अर्पण करना शुभ माना जाता है। पूजा के समय पान के पत्ते का बहुत महत्व है जिसके साथ सुपारी, लौंग, इलायची और गुलकंद भी अर्पण करना चाहिए। कुलदेवी या देवता को पुष्प चढ़ाते हुए आपको इन्हें पानी में अच्छी तरह से धोना चाहिए। सभी देवी-देवताओं की पूजा जिस तरह सुबह-शाम की जाती है, उसी तरह कुलदेवी और देवता की पूजा भी दीपक जलाकर करनी चाहिए।

# महत्वपूर्ण व्रत और त्योहारों से भरा है फरवरी माह




फरवरी माह कई महत्वपूर्ण व्रत और त्योहारों से भरा हुआ है। इनके अलावा भी फरवरी महीने में कई अन्य छोटे त्योहार और व्रत भी मनाए जाते हैं। यहां आपके लिए कुछ महत्वपूर्ण व्रत की तिथियां, इसमें अलग-अलग पंचांगों के अनुसार थोड़ा अंतर आ सकता है। आप चाहे तो सटीक तिथियों के लिए स्थानीय पंचांग अथवा इन त्योहारों के बारे में अधिक जानकारी के लिए आप अपने स्थानीय पुजारी या पंडित से संपर्क कर सकते हैं।

**1. विनायक चतुर्थी- 1 फरवरी**
यह दिन श्री गणेश जी को समर्पित है। इस दिन गणेश जी की पूजा की जाती है और विशेष भोग लगाया जाता है।

**2. बसंत पंचमी- 2 फरवरी**
बसंत पंचमी को सरस्वती पूजा के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा की जाती है तथा उनकी जयंती मनाई जाती है।

**3. स्कंद षष्ठी- 3 फरवरी**
स्कंद षष्ठी को भगवान कार्तिकेय की जयंती के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन कार्तिकेय की पूजा की जाती है।

**4. नर्मदा जयंती- 4 फरवरी**
नर्मदा जयंती पर नर्मदा नदी की पूजा की जाती है। तथा उनके रखरखाव और बचाव हेतु संकल्प लिया जाता है।

**5. रथ सप्तमी- 4 फरवरी**
रथ सप्तमी व्रत सूर्य देव को समर्पित पर्व है। इस दिन सूर्य देव की पूजा की जाती है।

**6. जया एकादशी- 10 फरवरी**
जया एकादशी का व्रत भगवान श्रीहरि विष्णु को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है। साथ ही इस दिन भ. विश्वकर्मा प्रकटोत्सव भी मनाया जाएगा। इस दिन गुरु हरराय तथा नित्यानंद प्रभु की जयंती भी पड़ रही है।

**7. द्विजप्रिय संकष्टी चतुर्थी- 16 फरवरी**
द्विजप्रिय संकष्टी चतुर्थी व्रत श्री गणेश जी को समर्पित त्योहार है और इस दिन गणेश जी की पूजा की जाती है।

**8. सीताष्टमी पर्व- 20 फरवरी**
इस अवसर पर श्री जानकी प्रकटोत्सव मनाया जाएगा तथा माता शबरी की जयंती भी इसी दिन होगी।

**9. महाशिवरात्रि- 21 फरवरी**
शिव भक्तों के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में महाशिवरात्रि एक है। इस दिन भगवान शिव की पूजा रात भर की जाती है तथा उन्हें प्रसन्न किया जाता है।

**10. फाल्गुन अमावस्या- 27 फरवरी**
इस बार फाल्गुन अमावस्या 27 फरवरी को पड़ रही है और यदि तिथि पितृदोष निवारण के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस दिन पितरों का तर्पण किया जाता है।

# पूनम पांडे ने लगाई गंगा में डुबकी, भगदड़ पर जताई संवेदना



अपनी मौत का स्वांग रचने वाली मॉडल पूनम पांडे महाकुंभ नगर पहुंची और गंगा में डुबकी लगाई। उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किए। पूनम ने कहा कि यहां आस्था की कोई सीमा नहीं है। महाकुंभ में हुई भगदड़ पर संवेदना जताते हुए उन्होंने मोक्ष प्राप्ति की बात कही। सोशल मीडिया पर एक्टिव अभिनेत्री पूनम पांडे ने बताया कि उन्होंने महाकुंभ में जिंदगी को करीब से देखा। अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, महाकुंभ में जिंदगी को करीब से देखा, जहां 70 साल का एक बुजुर्ग नंगे पैर चलता है, जहां आस्था की कोई सीमा नहीं होती। यहां की भक्ति ने मुझे आश्चर्य में डाल दिया। प्रयागराज में बुधवार को हुई भगदड़ पर अभिनेत्री ने मृतकों, उनके परिजनों और घायलों के प्रति संवेदना जताई। अभिनेत्री ने लिखा, जो लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, उनके लिए गहरी संवेदना, उम्मीद है कि उन्हें मोक्ष मिलेगा। सर्वाइकल कैंसर से अपनी मौत का नाटक करने के कारण सुर्खियों में आने वाली अभिनेत्री-मॉडल पूनम पांडे शेयर किए गए तस्वीरों और वीडियोज में काले रंग का कुर्ता पहन गंगा में डुबकी लगाती नजर आईं, इस पर महाकाल लिखा था। बता दें, महाकुंभ में फिल्म और टीवी जगत के कई सितारे शिरकत कर चुके हैं। हाल ही में अभिनेत्री किटू गिडवानी महाकुंभ में पहुंची थीं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर प्रशंसकों को जानकारी दी थी, जिसमें उन्होंने महाकुंभ को ह्यशानदार आध्यात्मिक अनुभव बताया था। पूनम पांडे, किटू गिडवानी के अलावा फिल्म निमार्ता कबीर खान, कॉमेडियन-अभिनेता सुनील ग्रोवर, गायक-अभिनेता गुरु रंधावा, अविनाश तिवारी, अनुपम खेर, भाग्यश्री, रेमो डिसूजा, सिद्धार्थ निगम, प्रियंका चोपड़ा की मां मधु चोपड़ा समेत कई मशहूर हस्तियां इस भव्य आध्यात्मिक समागम में भाग ले चुकी हैं। वहीं, अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने महाकुंभ में संन्यास ले लिया है। भगवा वस्त्र में तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर उन्होंने प्रशंसकों को यह जानकारी दी थी। जूना अखाड़ा ने ममता कुलकर्णी को नया नाम यामाई ममता नंद गिरि दिया है।



## पहली फिल्म के रिलीज से पहले ही हाथ आई दूसरी, सलमान-रश्मिका की फिर बनेगी जोड़ी



अभिनेत्री रश्मिका मंदाना सलमान खान की फिल्म सिकंदर में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। वह विक्की कौशल के साथ छावा में भी नजर आएंगी। हाल ही में इसका ट्रेलर भी रिलीज हुआ है। फैंस रश्मिका को सलमान खान के साथ सिकंदर में देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। इस बीच फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ाने वाली खबर सामने आ रही है। आइए जानते हैं वह क्या अपडेट है?

### सलमान के साथ फिर बनेगी जोड़ी

एआर मुरुगादॉस निर्देशित सिकंदर के बाद अभिनेत्री सलमान खान के साथ एक शीर्षकहीन फिल्म में नजर आ सकती हैं। फिल्मफेयर की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों को एक और प्रोजेक्ट के लिए एक साथ साइन किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक सलमान और रश्मिका एटली द्वारा निर्देशित एक आगामी फिल्म में नजर आने वाले हैं। सूत्रों ने खुलासा किया कि सिकंदर के सेट पर इस जोड़ी का काम करने का तरीका बहुत अच्छा था और पुष्पा 2: द रूल में रश्मिका के प्रदर्शन ने एटली और सलमान दोनों को प्रभावित किया, जिसके कारण उन्हें एक नए प्रोजेक्ट के लिए फिर से साथ लिया गया। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### सलमान खान का वर्क फ्रंट

सलमान खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार कैटरीना कैफ के साथ टाइगर 3 में देखा गया था। इसके बाद अब वह सिकंदर में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म ईद 2025 पर रिलीज होगी।

### रश्मिका मंदाना का वर्क फ्रंट

रश्मिका मंदाना के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह आखिरी बार पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन की पत्नी श्रीवल्ली के किरदार में नजर आई थीं। अब उनके पास सलमान की सिंकदर है। 14 फरवरी को विक्की कौशल के साथ उनकी फिल्म छावा रिलीज होगी। इसके अलावा वह धनुष और नागार्जुन अक्किनेनी स्टारर कुबेर में भी मुख्य भूमिका निभाने वाली हैं।

## कैसे मुझे तुम मिल गए में एक्टर पुलकित बांगिया की एंट्री



जी टीवी के मशहूर शो कैसे मुझे तुम मिल गए, ने हाल ही में दो साल का रोमांचक लीप लिया है। पॉपुलर टीवी एक्टर पुलकित बांगिया, जो अबीर का किरदार निभाएंगे। अबीर एक जोशीले, बेफिक्र और क्रिएटिव फैशन डिजाइनर हैं, जो विराट के कजिन हैं और उनसे दो साल छोटे हैं। अबीर एक मस्तमौला इंसान हैं, जो जिंदगी को खुलकर जीते हैं और अपनी क्रिएटिविटी में डूबे रहते हैं। अपने परिवार के बेहद करीब, अबीर की जिंदगी में एक ट्विस्ट है और वो ट्विस्ट है उनकी खतरनाक बॉस अमृता! अमृता की सख्ती अबीर को हर वक्त अलर्ट रखती है, लेकिन वो हमेशा पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखता है। ऐसे में दोनों के बीच की नोकझोंक से कहानी में हल्के-फुल्के और मजेदार पल जुड़ते हैं। अबीर की पॉजिटिव एनर्जी और चुलबुला अंदाज शो में एक नई ताजगी लाने वाला है।अपने रोल के बारे में बताते हुए पुलकित बांगिया ने कहा, कैसे मुझे तुम मिल गएश जैसे शो का हिस्सा बनना मेरे लिए बड़े गर्व की बात है। मेरा किरदार अबीर मस्तमौला, जोश से भरा और क्रिएटिविटी का दीवाना है। वो अपने परिवार से गहराई से जुड़ा हुआ है और हर स्थिति में अपना जोश बनाए रखता है। खासकर अमृता के साथ अबीर का रिश्ता बेहद अनोखा और उलझा हुआ है लेकिन अक्सर यह मजेदार लगता है। सेट पर सभी बेहद सपोर्टिव हैं और गर्मजोशी से भरे हुए हैं। ऐसा लगता है जैसे मैं अपने दूसरे घर में हूं। इतनी शानदार टीम के साथ काम करना मेरे लिए एक सपने जैसा है, और मैं उस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं जब दर्शक हमारे काम को देखेंगे!



## सफलता और असफलता को लेकर मैं खुद पर दबाव नहीं डालना चाहती: पूजा हेगड़े

अभिनेत्री पूजा हेगड़े दक्षिण भारतीय सिनेमा के साथ ही बॉलीवुड में भी कई फिल्में कर चुकी हैं। जल्द ही वो शाहिद कपूर के साथ फिल्म देवा में दिखाई देंगी। पूजा ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से अपनी आगामी फिल्म के साथ ही सफलता और असफलता को लेकर बात की। जब उनसे पूछा गया कि अपने करियर को लेकर वो क्या सोचती हैं, तो पूजा ने कहा, "मैंने इंडस्ट्री में काफी लंबा सफर तय किया है लेकिन मुझे अभी और भी लंबा सफर तय करना है। दरअसल, मैं खुद पर यह दबाव नहीं डालना चाहती हूं कि मैं सफल हो पाऊंगी या नहीं। लेकिन मैं यहां मजबूती से खड़ी हूं।" पूजा ने बताया कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह अभिनेत्री बनेंगी। उन्होंने कहा, "मैं नॉन-फिल्मी परिवार से संबंध रखती हूं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक अभिनेत्री बनूंगी। मुझे यह भी नहीं लगता था कि ऐसी कोई संभावना भी है कि मैं अभिनेत्री बन सकती हूं। मैं एक ऐसे परिवार से ताल्लुक रखती हूं, जो काफी पढ़ा-लिखा है।" अभिनेत्री ने बताया, "मेरी मां ने कानून में मास्टर्स किया है। मेरा भाई एक ऑर्थोपेडिक सर्जन है।" पूजा ने बताया कि वह सिनेमा की दुनिया में आकर खुश हैं। उन्होंने कहा, "ऐसे नॉन-फिल्मी बैकग्राउंड के साथ अभिनय में करियर बनाऊंगी, ऐसा सोचा नहीं था। जब मैं फिल्में देखती थी, तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं पर्दे की वो लड़की (अभिनेत्री) बन सकती हूं। मैं यहां आकर बहुत खुश हूं और वह कर रही हूं जो मुझे पसंद है। मुझे अभी बहुत आगे जाना है।" उन्होंने आगे कहा, "बहुत से ऐसे किरदार हैं, जिन्हें मैं निभाना चाहती हूं। बहुत से ऐसे फिल्म निमार्ता हैं, जिनके साथ मैं काम करना चाहती हूं। मैं सिनेमा के प्रति अपने प्यार के कारण काम करना जारी रखूंगी।" पूजा हेगड़े की अपकमिंग फिल्म देवा रोशन एंड्रयूज के निर्देशन में बनी एक्शन थ्रिलर है। पूजा हेगड़े के साथ फिल्म में शाहिद कपूर और पावेल गुलाटी अहम भूमिका में हैं। फिल्म 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## कलाकारों का डेडिकेटेड वर्कआउट रूटीन

फिटनेस सिर्फ शरीर को फिट रखने का नाम नहीं है, यह एक लाइफस्टाइल है जिसमें स्वास्थ्य, अनुशासन और आत्मविश्वास सभी पर पूरा ध्यान रखना पड़ता है। एण्डटीवी के कलाकार अपनी सेहत को प्राथमिकता देते हुए एक डेडिकेटेड वर्कआउट रूटीन फॉलो करते हैं, और उनका जिम फैशन उनकी पर्सनैलिटी और मोटिवेशन को दशार्ता है। विक्रम द्विवेदी, जोकि भीमा में विशंभर सिंह का किरदार निभा रहे हैं, ने कहा, जिम फैशन के मामले में मुझे स्टाइल और फंक्शन दोनों का अच्छा मेल पसंद है, जैसे कि क्विक-ड्राई टी-शर्ट्स, अच्छे फिटिंग वाले जॉगर्स और ड्यूरेबल स्पोर्ट्स शूज। क्योंकि मैं वर्कआउट्स के दौरान खूब पसीना बहाता हूं, इसलिए मैं ऐसे कपड़े चुनता हूं जो ब्रीदेबल हों और आरामदायक रहें। स्मार्टवॉच जैसे एक्सेसरीज से अपनी प्रोग्रेस ट्रैक करता हूं और एक स्वेट-प्रूफ हेडबैंड से अपना लुक कम्प्लीट करता हूं। जिम में अच्छा दिखना मुझे लगातार मेहनत करने की अतिरिक्त प्रेरणा देता है।सोनल पंवार, जो कि हप्पू की उलटन पलटन में मलाइका का किरदार निभा रही हैं, कहती हैं, मेरे लिए फिटनेस शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की सेहत को बनाए रखने का तरीका है। मेरी स्किन ऑयली है, इसलिए मैं हमेशा ब्रीदेबल फैब्रिक्स वाले और नमी को सोखने वाले कपड़े पहनने की कोशिश करती हूं जो मुझे वर्कआउट्स के दौरान आरामदायक बनाए रखते हैं। मुझे हाई-वेस्ट लेगिंग्स और फिटेड टैंक टॉप्स पहनना पसंद है, जो सपोर्ट और फ्लेक्सिबिलिटी दोनों प्रदान करते हैं। एक अच्छे स्नीकर्स का होना मेरे जिम सेशन के लिए जरूरी है! चाहे वो स्ट्रेंथ ट्रेनिंग हो या कार्डियो, मेरे वर्कआउट गियर में स्टाइलिश दिखना मुझे आत्मविश्वास देता है और ज्यादा कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित भी करता है।विदिशा श्रीवास्तव, ऊर्फ भाबीजी घर पर हैं की अनीता भाबी का कहना है, फिटनेस अंदर से बाहर तक अच्छा महसूस करने का एक जरिया है। मुझे चटकीले एथलीशर पहनकर एक्सपेरिमेंट करना अच्छा लगता है, जो मुझे आरामदायक और स्टाइलिश दोनों बनाए रखे। मैं अपनी योग और पाइलेट्स सेशंस के लिए आरामदायक लेगिंग्स, क्रॉप्ड वर्कआउट टॉप्स और हल्के जैकेट्स पसंद करती हूं। मैं अपने जिम एक्सेसरीज के साथ रंग का एक पॉप भी जोड़ना पसंद करती हूं, चाहे वो फंकी पानी की बोतल हो, रंगीन रिस्टबैंड्स हो, या स्टाइलिश स्नीकर्स हो। जब आप अच्छा दिखते हैं, तो आप अच्छा महसूस करते हैं, और यह आपकी वर्कआउट एनर्जी में भी दिखता है!





## समकालीन अभिनेता से लेकर पसंदीदा पुलिस फिल्म तक, शाहिद ने फैंस के सवालों के दिए खुलकर जवाब

शाहिद कपूर की फिल्म 'देवा' कल यानी 31 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। यही वजह है कि अभिनेता इन दिनों अपनी इस फिल्म का प्रचार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। इस बीच हाल ही में शाहिद ने सोशल मीडिया पर 'आस्क मी एनीथिंग' सत्र का आयोजन किया।

### शाहिद ने बताई दिलचस्प बातें



इस सत्र के दौरान अभिनेता ने अपने फैंस के साथ दिलचस्प बातचीत की। इस बातचीत में शाहिद ने इंडस्ट्री के दो सबसे बड़े समकालीन सितारों, ऋतिक रोशन और रणबीर कपूर को अपने पसंदीदा अभिनेता के तौर पर चुना। जब एक फैन ने उनसे उनकी पसंदीदा पुलिस फिल्म के बारे में पूछा तो शाहिद ने बिना देर किए अमिताभ बच्चन की क्लासिक फिल्म 'जंजीर' का नाम लिया।

### अभिनेता ने बढ़ाया फैंस का हौसला

अपने फैंस से बात करते हुए शाहिद ने उन्हें प्रेरित भी किया। उन्होंने अपने अगले प्रोजेक्ट 'देवा' के बारे में बात करते हुए दर्शकों से फिल्म देखने की अपील की और उन लोगों को उम्मीद न छोड़ने की सलाह दी जो किसी कठिन दौर से गुजर रहे हैं। शाहिद ने सत्र को समाप्त करते हुए लिखा, "ठीक है, अब मुझे जाना होगा। सभी को ढेर सारा प्यार। हमेशा वास्तविक बने रहें और हर दिन को खास बनाएं। आप सभी को ढेर सारा प्यार।"

### पुलिस अधिकारी के किरदार में दिखेंगे शाहिद

वर्क फ्रंट की बात करें तो शाहिद कपूर अपनी आगामी फिल्म देवा में पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आएंगे। फिल्म में पूजा हेगड़े भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। इस फिल्म का निर्देशन रोशन एंड्रयूज ने किया है। इसमें पावेल गुलाटी और कुब्रा सैत भी सहायक भूमिकाओं में हैं।

## खबर एक्सप्रेस

### सैमसंग ने गैलेक्सी S25 सीरीज के साथ #PlayGalaxy Cup के सीजन 3 की मेजबानी की

**चंडीगढ़।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग को अपने बेहतरीन गेमिंग शोडाउन #PlayGalaxy Cup के तीसरे संस्करण की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। #PlayGalaxy Cup का ये संस्करण नए गैलेक्सी S25 अल्ट्रा पर खेला गया, जो एक पावर-पैक डिवाइस है जिसे एक सच्चा एआई साथी बनने के लिए डिजाइन किया गया है। भारत में आयोजित सबसे बड़े गेमिंग इवेंट में से एक, #PlayGalaxy Cup ने इस साल 30 करोड़ (300 मिलियन) से ज्यादा यूजर्स तक अपनी पहुंच बनाई। #PlayGalaxy Cup का लाइवस्ट्रीम 23 जनवरी, 2025 को दोपहर 1:00 बजे से रात 8:00 बजे तक सैमसंग इंडिया के यूट्यूब चैनल और देश भर के चुनिंदा सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर किया गया।

### लेनोवो ने उत्तर भारत में रिटेल उपस्थिति मजबूत की

**हिसार।** वैश्विक तकनीकी में दिग्गज, लेनोवो ने 17 नए, हाइब्रिड और रिफ्रेश्ड स्टोर खोलकर उत्तर भारत में अपनी रिटेल उपस्थिति को मजबूत किया है, जिससे इस क्षेत्र में एक मार्केट लीडर के रूप में इसकी स्थिति और मजबूत हुई है। राघवेन्द्र अरवीती, सेल्स हेड, नॉर्थ एंड ईस्ट-कंज्यूमर बिजनेसने कहा, ये स्टोर भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, छतरपुर, नोएडा, कानपुर, वाराणसी, गोरखपुर, इलाहाबाद, फरीदाबाद, हिसार और पानीपत जैसे प्रमुख स्थानों पर स्थित होंगे और ग्राहकों को एक आकर्षक अनुभव प्रदान करेंगे। इन स्टोर्स को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि ग्राहक एक आकर्षक शॉपिंग अनुभव का आनंद लें, जिसमें इंटरएक्टिव डिस्प्ले, नवीन उत्पाद प्रदर्शन और जानकार स्टाफ द्वारा व्यक्तिगत सहायता, उत्पाद डेमो और तकनीकी सहायता प्रदान किया जाता है।इस विस्तार के साथ, लेनोवो के उत्तर भारत में 180 से अधिक स्टोर हो गए हैं, जो क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने और ग्राहक पहुंच को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।इस विस्तार की एक प्रमुख विशेषता फरीदाबाद, हरियाणा में स्थित हाइब्रिड स्टोर है, जिसमें एक समर्पित गेमिंग जोन है। इस स्पेस को गेमिंग प्रेमियों के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे वे लेनोवो की नवीनतम गेमिंग तकनीकों का अनुभव कर सकें। खरीदार लेनोवो के नवीनतम लॉन्च किए गए डिवाइस जैसे एलओक्यू, लीजन, आइडियापैड, योगा, थिंकपैड और थिंकबुक सीरीज को देख सकते हैं, जो छात्रों, गेमर्स और पेशेवरों की जरूरतों को पूरा करने के ए तैयार किए गए हैं।

### फोर्टिस डॉक्टरों का सुझावः सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए जल्दी पहचान और टीकाकरण है जरूरी

**लुधियाना।** भारत में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर सबसे आम प्रकार के कैंसरों में से एक है। ग्लोबल कैंसर ऑब्जर्वेटरी की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह दुनिया में कैंसर से होने वाली मौतों का नौवां सबसे बड़ा कारण है। भारत में हर साल लगभग 1.2 लाख नए सर्वाइकल कैंसर के मामले दर्ज किए जाते हैं। यह कैंसर दोनों लिंगों में मिला कर दूसरा सबसे आम कैंसर है।सर्वाइकल कैंसर जागरूकता माह के अवसर पर, फोर्टिस अस्पताल, लुधियाना यह संदेश दे रहा है कि सर्वाइकल कैंसर एक ऐसा रोग है जिसे शुरूआती चरण में पहचाना और रोका जा सकता है। नियमित जांच और टीकाकरण जैसी रोकथाम की उपायों से इस बीमारी का खतरा काफी हद तक कम किया जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का सुझाव है कि 30 वर्ष और उससे अधिक उम्र की महिलाओं को नियमित जांच करवानी चाहिए ताकि किसी भी शुरूआती बदलाव का समय पर पता लगाया जा सके।डॉ. दविंदर पॉल, प्रमुख सलाहकार, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, फोर्टिस अस्पताल लुधियाना कहते हैं,"हम सर्वाइकल कैंसर से लड़ाई में जल्दी पहचान और टीकाकरण के महत्व पर जितना भी जोर दे वह कम ही होगा। एचपीवी टीका और नियमित जांच ऐसे मूल्यवान उपाय हैं, जो अनगिनत जीवन बचा सकते हैं। यह बीमारी अगर समय पर पहचान ली जाए, तो पूरी तरह से रोकी और ठीक की जा सकती है। इस सर्वाइकल कैंसर जागरूकता माह में, अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए एक कदम आगे बढ़ाएं।

### सिंगापुर उच्च न्यायालय ने जेट्टाई को क्रेडिटर के साथ समझौते का प्रस्ताव पेश करने की अनुमति दी

**चंडीगढ़।** एक खास घटना के तहत सिंगापुर उच्च न्यायालय ने जेट्टाई पीटीई एलटीडी के पक्ष में निर्णय दिया है, जिससे कंपनी को क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज, वजीरएक्स के यूजर के साथ एक योजना बैठक बुलाने की अनुमति मिल गई है। यह निर्णय वजीरएक्स से जुड़ी संपत्तियों को यूजर में वितरित करने और जेट्टाई की प्लेटफॉर्म के संचालन को फिर से शुरू करने की कोशिशों में एक खास कदम है। न्यायालय ने जेट्टाई को 16 सप्ताह की मोहलत दी है, इससे दुबारा गठन की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए जरूरी समय और कानूनी सुरक्षा मिल गयी है। इसके अलावा, न्यायालय ने जेट्टाई को योजना बैठक प्रक्रिया में बदलाव करने की भी अनुमति दी है, इसका उद्देश्य इस प्रक्रिया को ठीक ढंग से करना और योजना बैठक में ज्यादा से ज्यादा यूजर की भागीदारी को आसान बनाना है।न्यायालय ने पाया कि प्रक्रिया का कोई दुरुपयोग नहीं हुआ और यह भी देखा कि प्लेटफॉर्म के कुछ यूजर द्वारा दिए सुझाव, कि जेट्टाई ने ही साइबर हमले को अंजाम दिया था, के विपरीत गलत काम या दुराचरण के लिए न्यायालय के सामने कोई उचित या पर्याप्त सबूत पेश नहीं किया गया था। यह ऑब्जर्वेशन ऐसे खास समय पर आया है जब संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया की सरकारों के एक संयुक्त बयान के बाद साइबर हमले के लिए उत्तर कोरियाई लजारस समूह को जिम्मेदार ठहराया गया है। न्यायालय ने यह भी ध्यान दिया कि ऐसे कई लेनदार हो सकते हैं जिन्होंने जेट्टाई के आवेदन पर आपत्तियां व्यक्त की हैं, लेकिन यह भी संभावना है कि यूजर का एक शांत बहुमत आवेदन के साथ है लेकिन उन्होंने इस प्रक्रिया के दौरान चुप रहने का फैसला किया है।

### वॉचो पर एक्सक्लूसिव स्ट्रीम होगा वाइब ऑन, रीजनल हिप-हॉप टैलेंट का जश्न

**चंडीगढ़।** डिश टीवी के प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म वॉचो ने प्रिंडे के साथ साझेदारी की है और 'वाइब ऑन' का एक्सक्लूसिव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म बनने की घोषणा की है। यह क्रांतिकारी हिप-हॉप रियलिटी शो पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली के उभरते हुए संगीत कलाकारों को राष्ट्रीय मंच पर लाने का काम करेगा। यह शो वॉचो पर एक्सक्लूसिव रूप से स्ट्रीम होगा और उसके बाद इसे यूट्यूब पर रिलीज किया जाएगा।'वाइब ऑन', प्रिंडे का यह क्रांतिकारी रियलिटी शो, पहले ही उत्तर भारत के 25 प्रतिष्ठित कॉलेजों में धमाल मचा चुका है, जहाँ से 150 शानदार कलाकार चुने गए हैं। इन कलाकारों में भारत के जीवंत हिप-हॉप कल्चर की सच्ची ऊर्जा और क्रिएटिविटी झलकती है। शो को प्रसिद्ध म्यूजिक हस्तियां अमित उचाना, रवनीत सिंह और जेएसएल सिंह जज कर रहे हैं। यह शो भारत के युवाओं के सपनों और जुनून को दशार्ता है और अब इसे राष्ट्रीय स्तर पर एक नई ऊँचाई देने का वादा करता है।वॉचो और प्रिंडे की यह साझेदारी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से स्थानीय प्रतिभा को सशक्त बनाने और नवाचार को बढ़ावा देने की उनकी साझा दृष्टि को दशार्ती है। यह सहयोग क्षेत्रीय कला को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के प्रयास का हिस्सा है और भारत के एंटरटेनमेंट परिदृश्य में ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करता है।

नेशनल क्रिटिकल मिनिरल मिशन से आयात पर निर्भरता होगी कम

# नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करने में मिलेगी मददः पीएम मोदी

इंडिया न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि कैबिनेट द्वारा मंजूर किए गए नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन का उद्देश्य आयात पर निर्भरता कम करना, घरेलू वैल्यू चेन को मजबूत करना और भारत के 2070 तक नेट जीरो लक्ष्य को सपोर्ट करना है। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी द्वारा नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन (एनसीएमएम) पर लिखे गए एक आर्टिकल पर प्रतिक्रिया देते हुए पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने विस्तार से बताया है कि कैसे नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन आयात पर निर्भरता कम करने, घरेलू वैल्यू चैन को मजबूत करने और भारत के 2070 तक नेट जीरो लक्ष्य को सपोर्ट करता है।



कैबिनेट ने 16,300 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन को मंजूरी दे दी है। इसमें सरकारी कंपनियों द्वारा 18,000 करोड़ रुपये का निवेश किए जाने की उम्मीद है। मिशन का उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों के आयात पर निर्भरता कम करना और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना है। कैबिनेट द्वारा स्वीकृत नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन में वैल्यू चेन के सभी चरण शामिल होंगे, जिसमें मिनरल की खोज, खनन, लाभकारीकरण, प्रसंस्करण और अंतिम उत्पादों से पुनर्प्राप्ति शामिल है। यह मिशन देश के भीतर और इसके ऑफशोर क्षेत्रों में जरूरी मिनरल की खोज को तेज करेगा। आधिकारिक बयान के अनुसार, इसका उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिज खनन परियोजनाओं के लिए एक फास्ट-ट्रैक विनियामक अनुमोदन प्रक्रिया बनाना है। इसके अतिरिक्त, मिशन जरूरी मिनरल खोज के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करेगा और ओवरबर्डन और टेलिंग से इन मिनरल की रिकवरी को बढ़ावा देगा। लिथियम, क्रोमियम, निकल, ग्रेफाइट, कोबाल्ट, टाइटेनियम और रेयर अर्थ एलिमेंट्स जैसे महत्वपूर्ण मिनरल इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक वाहन, रिन्यूएबल एनर्जी, रक्षा और हाई-टेक टेलीकम्युनिकेशन जैसे सेक्टरों के लिए आवश्यक कच्चे माल हैं। वर्तमान में चीन जैसे देशों द्वारा जरूरी मिनरल की सप्लाई चेन को कंट्रोल किया जा रहा है। वैकल्पिक सप्लाई चेन बनाने के लिए भारत को इस क्षेत्र में चीन के प्रभुत्व को तोड़ना जरूरी है। मौजूदा समय में भारत इन मिनरल के लिए आयात पर निर्भर है और विदेशों में माइनिंग के अवसरों की तलाश कर रहा है।

### अदाणी एंटरप्राइजेज का कंसोलिडेटेड एबिटा 29 प्रतिशत बढ़ा, पीबीटी में भी 21 प्रतिशत की वृद्धि

**अहमदाबाद।** अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) का कंसोलिडेटेड एबिटा वित्त वर्ष 25 के पहले नौ महीने (अप्रैल-दिसंबर) में 29 प्रतिशत बढ़कर 12,377 करोड़ रुपये हो गया है। इसकी वजह अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) इकोसिस्टम और एयरपोर्ट्स का मजबूत ऑपरेशनल प्रदर्शन था।




समीक्षा अवधि में अदाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी का कंसोलिडेटेड कर से पहले मुनाफा (पीबीटी) सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 5,220 करोड़ रुपये हो गया है। वित्त वर्ष 25 के पहले नौ महीनों में कंपनी की आय सालाना आधार पर 6 प्रतिशत बढ़कर 72,763 करोड़ रुपये हो गई है। इस दौरान इनक्यूबेटिंग बिजनेस का एबिटा 77 प्रतिशत बढ़कर 7,674 करोड़ रुपये हो गया है। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा, नौ महीने का यह असाधारण प्रदर्शन अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की स्थिति को रेखांकित करता है, जो परिवर्तनकारी इन्फ्रास्ट्रक्चर और एनर्जी ट्रांजिशन को बढ़ावा देने वाली एक शक्तिशाली कंपनी है। गौतम अदाणी ने आगे कहा, एनर्जी ट्रांजिशन से लॉजिस्टिक्स तक हमारे इनक्यूबेटिंग व्यवसायों में मजबूत वृद्धि हमारे कोर प्लस पोर्टफोलियो की अपार संभावनाओं को उजागर करती है। यह नतीजे एग्जीक्यूशन, ऑपरेशनल एक्सीलेंस, इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी पर हमारे फोकस को दशार्ती है। हम लगातार सभी सेक्टरों में नए बेंचमार्क सेट कर रहे हैं। अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज (ग्रीन हाइड्रोजन इकोसिस्टम) और अदाणी एयरपोर्ट्स के नेतृत्व में उभरते कोर इंफ्रा बिजनेस में मजबूत वृद्धि उनके संबंधित क्षेत्रों में बढ़ते अवसरों को दशार्ती है। वित्त वर्ष 25 के पहले नौ महीनों में एईएल के कंसोलिडेटेड एबिटा में इनक्यूबेटिंग बिजनेस की हिस्सेदारी 62 प्रतिशत की रही है। एएनआईएल इकोसिस्टम के तहत आने वाले सोलर मैन्युफैक्चरिंग वर्टिकल में मॉड्यूल की बिक्री चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में 3.3 गीगावाट रही है। इस दौरान एक्सपोर्ट में 20 प्रतिशत की बढ़त हुई है। वहीं, घरेलू बिक्री में 176 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

### बैंगलुरू के एक परिवार के पास हैं 20 इलेक्ट्रिक स्कूटर : एथर एनर्जी

**चंडीगढ़।** एथर एनर्जी लिमिटेड के को-फाउंडर एवं सीईओ, तरुण मेहता ने हाल ही में एक्स पर बैंगलुरू के एक परिवार के बारे में बताया, जिसके पास 20 एथर स्कूटर हैं। कोठारी परिवार साड़ियों का व्यवसाय करता है, जिसके पास 20 एथर इलेक्ट्रिक स्कूटर हैं, जिनमें 450एक्स, 450 एपेक्स और रिज्टा शामिल हैं। इस परिवार में तीन पीढ़ियाँ हैं, जिनकी सबसे छोटी सदस्य प्रज्ञा कोठारी की उम्र 19 साल है, और सबसे वृद्ध महेंद्र कोठारी की उम्र 61 साल है।एथर के साथ उनके परिवार का सफर साल 2017 से शुरू हुआ, जब भारत में इलेक्ट्रिक स्कूटरों का चलन ज्यादा नहीं था। कोठारी परिवार में सबसे पहले एथर स्कूटर भारत कोठारी ने खरीदा था, जब उन्होंने 2018 में 450 सीरीज के लॉन्च से पहले अपने लिए एथर स्कूटर बुक किया। उनके अनुभव को देखकर उनके बेटे सौरभ ने जल्द ही अपने लिए भी एथर स्कूटर ले लिया। धीरे-धीरे पूरे परिवार द्वारा एथर स्कूटर खरीद लिया गया। इस परिवार में आया एक एथर स्कूटर धीरे-धीरे पूरे परिवार की पसंद बनकर स्कूटरों का एक बेड़ा बन गया। इसका कारण इलेक्ट्रिक वाहन का परिवेश स्थापित करने, चार्जिंग का इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने और सर्विस का सुगम अनुभव प्रदान करने की एथर की प्रतिबद्धता है।कोठारी परिवार को अपने समुदाय में एथर परिवार कहा जाने लगा है, जिसका कारण उन सभी के द्वारा आवागमन के लिए एथर स्कूटर खरीदना है।

### सोया प्रोटीन से जुड़े मिथक और उनका सच : डॉ. श्याम रामकृष्णन

**चंडीगढ़।** ऐसी दुनिया में जहां, सेहत, तंदुरुस्ती और पोषण हमारे दीमाग में सबसे आगे है, वहां प्रोटीन जिंदगी का बहुत जरूरी हिस्सा माना जाता है। लेकिन इतने सारे प्रोटीन के स्रोत मौजूद हैं, तो हम कैसे जानें कि कौन सा हमारे शरीर के लिए सबसे अच्छा है? वैसे इनमें से, सोया प्रोटीन सबसे खास है।



डॉ. श्याम रामकृष्णन, डायरेक्टर, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, भारत और दक्षिण पूर्व एशिया मार्केट, एमवे के अनुसार, यह न सिर्फ अपने पोषणकारी गुणों के लिए जाना जाता है, बल्कि इससे जुड़े मिथकों ने भी लोगों को इसके बारे में सोचने पर मजबूर कर दिया है। ये मिथक ज्यादातर पश्चिमी दुनिया से आते हैं, जहां आसानी से उपलब्ध अन्य विकल्पों को बढ़ावा देने की कोशिश की जाती है। दूसरी ओर, जापान, चीन और कोरिया जैसी संस्कृतियों में सोया प्रोटीन लंबे समय से आहार का हिस्सा रहा है, इसलिए सच और झूठ को अलग करना बेहद जरूरी हो जाता है. सोया प्रोटीन एक बहुत अच्छा पोषक तत्व है, हजारों सालों से खान-पान का अहम हिस्सा रहा है, फिर भी ये अक्सर गलतफहमियों और मिथकों से घिरा रहता है। सोया प्रोटीन के बारे में सच्चाई को सामने लाने और इन गलतफहमियों को हमेशा के लिए दूर करने का वक्त आ गया है।सबसे पहले हम आपको बता दें कि सोयाबीन दूसरे पौधों के मुकाबले उच्च गुणवत्ता वाला प्रोटीन देता है। इसकी उच्च गुणवत्ता को हम अक्सर प्रोटीन डाइजेस्टिबिलिटी-कॉरेक्टेड एमिनो एसिड स्कोर से मापते हैं। ये स्कोर बताता है कि प्रोटीन में जरूरी अमीनो एसिड कितने हैं और वो कितनी आसानी से पचते हैं। सोया प्रोटीन का पीडीसीएएएस स्कोर 0.91 से लेकर 1.0 तक होता है, जो कि पचने की क्षमता के मामले में सबसे बेहतर स्कोर माना जाता है। ये स्कोर सोया के अलग-अलग उत्पादों पर निर्भर करता है।

## उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों से ऑर्डर हासिल कर अगली पीढ़ी के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को सशक्त बना रहा है ब्लैक बॉक्स

इंडिया न्यूज नेटवर्क

**मुंबई।** एस्सार की तकनीकी शाखा ब्लैक बॉक्स लिमिटेड ने गुरुवार को उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों से ऑर्डर हासिल करने की जानकारी दी। दुनिया की अग्रणी डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर इंटीग्रेटर, ब्लैक बॉक्स पर दुनिया भर में फॉर्च्यून 500 कंपनियों का भरोसा है। 35 देशों और छह महाद्वीपों में मौजूदगी के साथ ब्लैक बॉक्स नेटवर्क एकीकरण, डिजिटल कनेक्टिविटी, डेटा सेंटर सेवाओं, आधुनिक कार्यस्थल और साइबर सुरक्षा में अत्याधुनिक समाधानों के माध्यम से व्यवसायों को विकास में तेजी लाने और उपयोगकर्ता अनुभव को बढ़ाने में सक्षम बनाता है।




वित्तीय सेवाओं, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, उपभोक्ता व खुदरा, और विनिर्माण जैसे प्रमुख उद्योगों की सेवा करते हुए, कंपनी डिजिटल युग में सफलता को आगे बढ़ाने वाले परिवर्तनकारी समाधान प्रदान करती है। ब्लैक बॉक्स ने अपनी गो-टू-मार्केट रणनीति में महत्वपूर्ण निवेश किया है, जो विभिन्न उद्योगों में शीर्ष 300 ग्राहकों से अपने वॉलेट के हिस्से का विस्तार करने के लिए उद्योग के वर्टिकल और क्षैतिज समाधानों पर ध्यान केंद्रित करता है। हाइपरस्केलर्स सहित उद्योग के सभी क्षेत्रों में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए कंपनी की पाइपलाइन लगातार बढ़ रही है, जिससे ब्लैक बॉक्स निरंतर विकास और बाजार नेतृत्व के लिए तैयार है। ब्लैक बॉक्स को अपने प्रौद्योगिकी क्षेत्र में हाइपरस्केलर्स से ठोस और निरंतर मांग मिल रही है। कंपनी अपने डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में गति प्राप्त करना जारी रखती है, जिसका मुख्य कारण हाल ही में दुनिया के सबसे बड़े हाइपरस्केलर द्वारा अपने नए डेटा सेंटर बिल्ड-आउट के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका में तीन बड़ी साइटों का आवंटन है।

इसके अलावा, कंपनी ने इस दीर्घकालिक हाइपरस्केलर ग्राहक से 250 करोड़ रुपये के ऑर्डर हासिल किए हैं। ब्लैक बॉक्स बड़े हाइपरस्केलर्स के साथ काम करना जारी रखता है, जिन्होंने दोहराया है कि वे अगली पीढ़ी के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को बनाने पर अपने पूंजीगत खर्च को बढ़ाना जारी रख रहे हैं। कंपनी का मानना है कि एआई दक्षता और एआई संचालित मॉडल विभिन्न उद्योगों में एआई के अधिक अपनाने और खपत के कारण आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर की मांग को बढ़ाएंगे। अन्य डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर समाधानों और उद्योग क्षेत्रों पर अपना ध्यान और गति जारी रखते हुए ब्लैक बॉक्स ने हाल ही में एक बड़े नगर निगम से लगभग 100 करोड़ रुपये का साइबर सुरक्षा ऑर्डर, एक वैश्विक दूरसंचार ऑपरेटर से एक बड़ी नेटवर्क एकीकरण परियोजना और लगभग 45 करोड़ रुपये का हवाई अड्डा ऑर्डर भी हासिल किया है।

कंपनी का मानना है कि उद्योग क्षेत्रों में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की मांग बेहतर अंतिम-उपयोगकर्ता अनुभव की आवश्यकता से प्रेरित होकर मजबूत बनी रहेगी। ब्लैक बॉक्स अपने वैश्विक ग्राहकों के लिए अगली पीढ़ी के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर केंद्रित और प्रतिबद्ध है। यह इस दशक को अत्यधिक डिजिटल दुनिया के युग के रूप में देखता है, जो निरंतर व्यावसायिक विकास के अवसर प्रदान करता है।

## फरवरी में ब्याज दरों में कटौती से अर्थव्यवस्था को मिलेगी रफ्तारः इंडस्ट्री

इंडिया न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकिंग सिस्टम में लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिए हैं और फरवरी की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो रेट में 25 आधार अंकों की कटौती करना उचित है। यह जानकारी गुरुवार को इंडस्ट्री के सदस्यों द्वारा दी गई। एंजेल वन में आयनिक वेल्थ की मुख्य मैक्रो और ग्लोबल रणनीतिकार, अंकिता पाठक ने कहा कि केंद्रीय बैंक द्वारा फरवरी में ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती करना उचित फैसला रहेगा। आरबीआई पहले ही बैंकिंग सिस्टम में लिक्विडिटी बढ़ाने के उपाय लागू कर रहा है। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने कहा कि आने वाली आरबीआई की मौद्रिक नीति कमेटी की बैठक में सकारात्मक फैसले देखने को




मिल सकते हैं और इससे विकास को बढ़ावा मिलेगा। आरबीआई की मौद्रिक नीति कमेटी (एमपीसी) की बैठक 5 से 7 फरवरी के बीच होगी और इसके फैसलों का ऐलान 7 फरवरी को किया जाएगा।

जेफरीज ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि बैंकिंग सिस्टम में लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए उठाए गए कदम काफी सकारात्मक हैं। हाल ही में आरबीआई द्वारा की गई घोषणा से आने वाले हफ्तों में (फरवरी के अंत तक) बैंकिंग सिस्टम में 1.5 लाख करोड़ की लिक्विडिटी आएगी। इससे पहले आरबीआई ने दिसंबर की एमपीसी में कैश रिजर्व रेश्यो (सीआरआर) को 0.5 प्रतिशत घटाने का फैसला किया था, जिससे बैंकों के पास अधिक धन उपलब्ध हो। हालांकि, इस दौरान रेपो रेट को स्थिर रखा गया था। अमेरिकी फेड रिजर्व की ओर से जनवरी में ब्याज दरों को 4.25 प्रतिशत से लेकर 4.50 प्रतिशत पर स्थिर रखा गया है। फेड के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों और उनके प्रभाव पर अनिश्चितता के कारण अमेरिकी केंद्रीय बैंक निकट भविष्य में ब्याज दरों को कम करने की 'जल्दबाजी' में नहीं है। एक्सिस सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख अक्षय चिंचालकर ने कहा, एक मजबूत श्रम बाजार और लगातार बढ़ती अर्थव्यवस्था ने फेड को आने वाले आंकड़ों का आकलन करने के लिए पर्याप्त समय दिया है। फेड का मानना है कि दरों में कटौती के अगले दौर के लिए महंगाई के दबाव में महत्वपूर्ण गिरावट देखी जानी चाहिए।

## गेल का मुनाफा वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में बढ़कर 3,867 करोड़ रुपये हुआ

इंडिया न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली।** गेल (इंडिया) लिमिटेड ने गुरुवार को वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजों का ऐलान किया है। अक्टूबर-दिसंबर अवधि में कंपनी का मुनाफा तिमाही आधार पर 45 प्रतिशत बढ़कर 3,867 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि इससे पहले की तिमाही में 2,672 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में कंपनी की ऑपरेशंस से आय सालाना आधार पर 6 प्रतिशत बढ़कर 34,958 करोड़ रुपये हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में 32,931 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के नतीजों के साथ कंपनी ने 6.50 रुपये प्रति शेयर के अंतरिम डिविडेंड का ऐलान किया है तिमाही के दौरान, एवरेज नेचुरल गैस ट्रांसमिशन वॉल्यूम 125.93 एमएमएससीएमडी रही, जबकि वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में यह 130.63 एमएमएससीएमडी थी। दिसंबर तिमाही में कंपनी की गैस मार्केटिंग वॉल्यूम 103.46 एमएमएससीएमडी रही है, जो कि सितंबर तिमाही में 96.60 एमएमएससीएमडी थी।



समीक्षा अवधि में कंपनी की एलएचसी बिक्री 282 टीएमटी रही है। पॉलिमर बिक्री 221 टीएमटी रही है। गेल का शुद्ध मुनाफा अप्रैल-दिसंबर अवधि में 39 प्रतिशत बढ़कर 9,263 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि में 6,660 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 25 के पहले नौ महीने में कंसोलिडेटेड आधार पर कंपनी की ऑपरेशंस से आय 1,05,740 करोड़ रुपये थी। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 1,00,666 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 25 के पहले नौ महीने में कंपनी का मुनाफा भी 39 प्रतिशत बढ़कर 12,123 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 8,713 करोड़ रुपये पर था।

## भारतीय स्मार्टफोन मार्केट में आईफोन की हिस्सेदारी में आया बड़ा उछाल

इंडिया न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली।** भारत में 2024 में एप्पल आईफोन की बिक्री में सालाना आधार पर 23 प्रतिशत का बड़ा उछाल देखने को मिला है। साथ ही आईपैड की बिक्री में भी 44 प्रतिशत की मजबूत बढ़त हुई है। यह जानकारी गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) द्वारा आईएएनएस को शेयर की गई जानकारी में बताया गया कि 2024 में भारतीय स्मार्टफोन मार्केट में एप्पल आईफोन की हिस्सेदारी बढ़कर 7 प्रतिशत हो गई है। इसकी वजह स्थानीय स्तर पर उत्पादन बढ़ना और छोटे शहरों में प्रीमियमाइजेशन का बढ़ता चलन है। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के वीपी (इंडस्ट्री रिसर्च ग्रुप),



प्रभु राम ने कहा, कैलेंडर वर्ष 2024 में एप्पल के आईफोन और आईपैड में दोहरे अंक में मजबूत वृद्धि देखने को मिली है। इसकी वजह स्मार्टफोन में प्रीमियमाइजेशन बढ़ना है। इसके साथ ही एप्पल को घरेलू स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग बढ़ने और रिटेल सेगमेंट के विस्तार का फायदा मिल रहा है। भारत मध्यम वर्ग तेजी से प्रीमियम डिवाइस की तरफ आकर्षित हो रहा है। इसकी वजह केवल लाइफस्टाइल में बदलाव होना ही नहीं, बल्कि एडवांस टेक्नोलॉजी को जल्द अपनाने की आकांक्षा होना भी है। उन्होंने आगे कहा, आईफोन और आईपैड की अपील एप्पल के लिए बाजार वृद्धि का एक प्रमुख चालक बनी हुई है। वर्ष 2025 और उसके बाद भी वृद्धि के लिए पर्याप्त गुंजाइश है। भारत में एप्पल के लिए अभी भी शुरूआती दिन हैं। 2024 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एप्पल की एंट्री भारत के शीर्ष पांच मोबाइल ब्रांड में हो गई थी।

### अब जापान के बाजार में बजेगा इस मेड-इन-इंडिया SUV का डंका

**नई दिल्ली।** मेड इन इंडिया मारुति जिम्नी 5-डोर ने जापान में कदम रख दिया है। जिम्नी को भारत में ऑटो एक्सपो 2023 में पहली बार पेश किया गया था। फाइनेंशियल ईयर 2024-25 में यह मारुति सुजुकी का दूसरा सबसे अधिक एक्सपोर्ट किया जाने वाला मॉडल बन गया है। 5-डोर जिम्नी को हरियाणा के गुरुग्राम स्थित मारुति सुजुकी की मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी में तैयार किया गया है। जिम्नी की बात करें तो इसके पास ग्लोबल ऑफ-रोडर के रूप में एक मजबूत बेस है। जिम्नी को लगभग 100 देशों में एक्सपोर्ट किया जाता है। जापान में इस 4WD SUV का लॉन्च मारुति सुजुकी के एक्सपोर्ट के सफर में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है। इस अवसर पर बात करते हुए मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं उएड हिसाशी ताकेउचि ने कहा, "जापान में 'मेड इन इंडिया' जिम्नी 5-डोर की शुरूआत हमारी बेहतरीन निर्माण क्षमता का प्रमाण है।

एक नजर



## हॉकी इंडिया ने एफआईएच प्रो लीग के संभावित खिलाड़ियों के नामों का एलान किया

**नई दिल्ली।** टीम की कमान अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के हाथ में होगी, जबकि हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। एफआईएच प्रो लीग का भुवनेश्वर चरण 15 से 25 फरवरी तक खेला जाएगा। भारत ने आगामी एफआईएच प्रो लीग के लिए चुने गए संभावित खिलाड़ियों में छह से अधिक युवाओं को हॉकी इंडिया लीग और जूनियर स्तर पर उनके प्रदर्शन के आधार पर मौका दिया है। हॉकी इंडिया द्वारा घोषित 32 खिलाड़ियों की सूची में पहली बार जगह पाने वाले गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह, डिफेंडर यशदीप सिवाच, मिडफील्डर रबिचंद्र सिंह और राजिंदर सिंह और फॉरवर्ड अंगदबीर सिंह, उत्तम सिंह और अर्शदीप सिंह शामिल हैं। टीम की कमान अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के हाथ में होगी जबकि हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। एफआईएच प्रो लीग का भुवनेश्वर चरण 15 से 25 फरवरी तक खेला जाएगा। भारत को स्पेन, जर्मनी, आयरलैंड और इंग्लैंड से दो दो मैच खेलने हैं। हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा, 'जूनियर टीम में और हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन से 22 वर्ष के अंगद बीर सिंह और 20 वर्ष के अर्शदीप सिंह को पहली बार एफआईएच प्रो लीग के मैचों के लिये सीनियर टीम में चुना गया है।' पिछले साल मस्कट में जूनियर एशिया कप जीतने वाली टीम में रहे प्रिंसदीप भी सीनियर टीम के संभावित खिलाड़ियों में पहली बार चुने गए हैं। कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, 'मैं चुनी हुई टीम से बहुत खुश हूं। मुझे उम्मीद है कि यह एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन करके मैच जीत सकती है।' भारतीय टीम 2023-24 सत्र में नौ टीमों में सातवें स्थान पर रही थी। इसके बाद भारतीय टीम ने वापसी करते हुए पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीता।

## राष्ट्रीय खेलों में पहले दिन कर्नाटक का रहा दबदबा, 14 वर्षीय देसिंघु ने तरणताल में मचाई धूम

**नई दिल्ली।** पहला दिन निश्चित रूप से कर्नाटक की देसिंघु के नाम रहा जिन्होंने महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में दो मिनट और 3.24 सेकंड के खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाली भारत की सबसे युवा खिलाड़ी चौदह वर्षीय धीनिधि देसिंघु ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय खेलों की तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीतकर सुर्खियां बटोरीं जबकि कर्नाटक पांच स्वर्ण पदक जीतकर पहले दिन पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। कर्नाटक ने पहले दिन सात पदक (पांच स्वर्ण, दो रजत) जीते जबकि मणिपुर (चार स्वर्ण, चार रजत) दूसरे और महाराष्ट्र (दो स्वर्ण, तीन रजत, तीन कांस्य) तीसरे स्थान पर है। पहला दिन निश्चित रूप से कर्नाटक की देसिंघु के नाम रहा जिन्होंने महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में दो मिनट और 3.24 सेकंड के खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। कर्नाटक की इस तैराक ने इसके अलावा महिलाओं की 100 मीटर बटरफ्लाई और 4.100 मीटर फ्रीस्टाइल में भी स्वर्ण पदक जीते। पेरिस ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने हल्द्वानी के गोलापार में मानसखंड तरणताल में तैराकी प्रतियोगिताओं के शुरूआती दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल और पुरुषों की 4.100 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीते।

# डिफेंडिंग चैंपियंस अजेय: लक्ष्मण की प्रेरक बातें, भारत को मिली नई ऊर्जा

सुनील यश कालरा

**कुआलालंपुर, मलेशिया।** आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 वर्ल्ड कप में अपने अपराजित अभियान को बरकरार रखने के लिए डिफेंडिंग चैंपियन भारत पूरी तरह तैयार है। लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले से पहले एक खास पल चर्चा का केंद्र बन गया। भारतीय टीम, जो पहले ही आत्मविश्वास से लबरेज थी, को दिग्गज क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण से खास मोटिवेशनल टॉक मिला, जिसने खिलाड़ियों का मनोबल और ऊंचा कर दिया। बेयूएमस ओवल में हुए इस सत्र में लक्ष्मण की मौजूदगी टीम के लिए बेहद प्रेरणादायक रही। निकि प्रसाद की कप्तानी में भारत ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है, सुपर सिक्स के सभी मैचों में जीत हासिल की है। मलेशिया (10 विकेट), श्रीलंका (60 रन), बांग्लादेश (8 विकेट) और स्कॉटलैंड (150 रन) के खिलाफ भारत की जबरदस्त जीत ने उन्हें इस टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीम बना दिया है। भारत के लिए अब तक गोंगडी त्रिशा सबसे बड़ी स्टार रही हैं, जिन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ 59 गेंदों में 110 रनों की धमाकेदार पारी खेली। वह 230 रनों के साथ टूर्नामेंट की टॉप स्कोरर हैं और उनका औसत 76.66 का रहा है। जी. कमलिनी ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिन्होंने पिछले मैच में 42 गेंदों में 51 रन बनाए। भारत की ताकत सिर्फ उनकी बल्लेबाजी नहीं, बल्कि घातक गेंदबाजी भी रही है। स्कॉटलैंड के खिलाफ भारतीय गेंदबाजों ने 14 ओवर में मात्र 58 रन पर पूरी टीम को ढेर कर दिया। वैष्णवी शर्मा (3/5), आयुषी शुक्ला (4/8) और त्रिशा (3/6) ने शानदार प्रदर्शन किया। शर्मा (12 विकेट) और शुक्ला (10 विकेट) पूरे टूर्नामेंट में विरोधियों के लिए सिरदर्द साबित हुई हैं। सेमीफाइनल में भारत के सामने इंग्लैंड की चुनौती होगी, जिनका सुपर सिक्स चरण में प्रदर्शन मिलाजुला रहा है (दो जीत, दो हार)। भारतीय टीम अपनी मजबूत बल्लेबाजी और धारदार गेंदबाजी के कारण इस मुकाबले में मजबूत नजर आ रही है, लेकिन इंग्लैंड भी अपनी रणनीतियों और जुझारूपन के साथ चुनौती पेश करने की कोशिश करेगा। पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर नूशीन अल खादीर भले ही टीम से सीधे संवाद नहीं कर पाईं, लेकिन उन्होंने खिलाड़ियों और उनके परिवारों से बातचीत कर उन्हें मनोबल बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, "इन युवा खिलाड़ियों को खेलते देखना प्रेरणादायक है। वे महिला क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती हैं।" वहीं, टूर्नामेंट में श्रीलंका की उभरती प्रतिभा लिमांसा तिलकरत्ने, जो पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेटर टीएम दिलशान की बेटी हैं, सबका ध्यान आकर्षित कर रही हैं। उन्होंने 4 मैचों में 3.07 की बेहतरीन इकॉनमी रेट से 7 विकेट लिए हैं और श्रीलंका के लिए चामोदी प्रभोधा (9 विकेट) के बाद दूसरी सबसे सफल गेंदबाज हैं। उन्होंने बल्लेबाजी में भी 72 रन (औसत 24) बनाए, जिसमें मलेशिया के खिलाफ 41 गेंदों में नाबाद 46 रन शामिल हैं। क्रिकेट प्रिडिक्टा के खास शो 1xbat प्रस्तुत क्रिकेट प्रिडिक्टा में पूर्व भारतीय क्रिकेटर नोएल डेविड ने टूर्नामेंट के स्तर की प्रशंसा करते हुए कहा, "युवा खिलाड़ियों में जबरदस्त जोश और भूख दिख रही है। इनमें से कई खिलाड़ी भविष्य के सितारे बनने की क्षमता रखते हैं।

यह टूर्नामेंट अगली पीढ़ी के विश्व स्तरीय क्रिकेटरों की नींव रख रहा है।" सेमीफाइनल से पहले भारत की निगाहें फाइनल में जगह बनाने और अपने अजेय अभियान को जारी रखने पर टिकी हैं। वीवीएस लक्ष्मण जैसे दिग्गजों के मार्गदर्शन में यह युवा टीम दुनिया जीतने के लिए तैयार है।

**भारत के शीर्ष 3 विकेट टेकर्स**

| रैंक | खिलाड़ी | विकेट |
|---|---|---|
| 1 | वैशणवी शर्मा | 12 |
| 2 | आयुषी शुक्ला | 10 |
| 3 | वी.जे. जोशिता | 6 |

## सेमीफाइनल में भारत का इंग्लैंड पर पलड़ा भारी, तृषा गोंगाडी पर रहेंगी नजरें



निक्की प्रसाद की कप्तानी वाली टीम के लिए स्कॉटलैंड के खिलाफ जी तृषा ने 59 गेंद में 110 रन बनाये जिसमें 13 चौके और चार छक्के शामिल थे। वहीं उनकी सलामी जोड़ीदार जी कमालिनी ने 42 गेंद में 51 रन की पारी खेली। तृषा टूनार्मेंट में पांच मैचों में 76.66 की औसत से 230 रन बना चुकी है। भारतीय टीम अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ उतरेगी तो टूनार्मेंट का अपना अपराजेय अभियान जारी रखना उसका लक्ष्य होगा। पहले मैच में मेजबान मलेशिया को दस विकेट से हराने के बाद भारत ने श्रीलंका को 60 रन से और बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया। वहीं सुपर सिक्स चरण में स्कॉटलैंड को 150 रन से मात दी। निक्की प्रसाद की कप्तानी वाली टीम के लिए स्कॉटलैंड के खिलाफ जी तृषा ने 59 गेंद में 110 रन बनाये जिसमें 13 चौके और चार छक्के शामिल थे। वहीं उनकी सलामी जोड़ीदार जी कमालिनी ने 42 गेंद में 51 रन की पारी खेली। तृषा टूनार्मेंट में पांच मैचों में 76.66 की औसत से 230 रन बना चुकी है। इंग्लैंड की बल्लेबाज डेविना पेरिन 131 रन बनाकर दूसरे स्थान पर है।

### इस मुकाबले के लिए दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** निक्की प्रसाद (कप्तान), सानिया शाल्के, जी तृषा, जी कमलिनी, भाविका अहिरे, ईश्वरी अवासरे, मिथिला विनोद, जोशिता वीजे, सोनम यादव, पारूनिका सिसोदिया, केसरी धृति, आयुषी शुक्ला, अनंदिता किशोर, एमडी शबनम, वैष्णवी एस।

**इंग्लैंड :** एबी नोरग्रोव (कप्तान), फीबी ब्रेट, ओलिविया ब्रिसडेन, टिली कोर्टीन कोलमैन, ट्रूडी जॉनसन, कैटी जोंस, चार्लोस लैम्बार्ट, इव ओनील, डेविना पेरिन, जेमिमा स्पेंस, चार्लोट स्टब्स, अमृता सुरेनकुमार, पृषा थानावाला, एरिन थॉमस, ग्रेस थाम्पसन।

## निगाहें विराट-राहुल और कुलदीप पर

# इंग्लैंड सीरीज से पहले तीनों के पास आत्मविश्वास बढ़ाने का मौका



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया में संतोषजनक प्रदर्शन करने वाले केएल राहुल भी कर्नाटक के लिए हरियाणा के खिलाफ रनों का अंबार लगाना चाहेंगे। वहीं हार्निया का ऑपरेशन कराकर एनसीए में पुनर्वास कर रहे कुलदीप यादव की भी रणजी ट्रॉफी के लिए उत्तर प्रदेश की टीम में वापसी हो गई है। स्टार क्रिकेटरों की मौजूदगी ने गुरुवार से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के अंतिम दौर का आकर्षण बढ़ा दिया है। रणजी के अंतिम दौर में सारी निगाहें विराट कोहली, केएल राहुल और कुलदीप यादव पर होंगी। फॉर्म से जूझ रहे विराट कोहली नवंबर, 2012 के बाद पहली बार रणजी ट्रॉफी में दिल्ली के लिए रेलवे के खिलाफ खेलने जा रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ छह फरवरी से शुरू होने जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी से पहले विराट कोहली के पास इस मैच के जरिये अपनी पुरानी लय हासिल करने का सुनहरा मौका है। ऑस्ट्रेलिया में संतोषजनक प्रदर्शन करने वाले केएल राहुल भी कर्नाटक के लिए हरियाणा के खिलाफ रनों का अंबार लगाना चाहेंगे। वहीं हार्निया का ऑपरेशन कराकर एनसीए में पुनर्वास कर रहे कुलदीप यादव की भी रणजी ट्रॉफी के लिए उत्तर प्रदेश की टीम में वापसी हो गई है। उन्हें मध्य प्रदेश के खिलाफ होने वाले मैच के लिए चुना गया। उनके पास भी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अपनी फिटनेस साबित करने का मौका है। ऑस्ट्रेलिया में करारी हार के बाद बीसीसीआई ने सभी क्रिकेटरों का घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य कर दिया था। हालांकि विराट सौराष्ट्र के खिलाफ रणजी मैच में नहीं खेले, लेकिन उन्होंने रेलवे के खिलाफ अपने उपलब्ध बताया। दिल्ली की कप्तानी आयुष बडोनी करेंगे। बडोनी ने कहा, वह विराट भैया के खिलाफ आईपीएल में खेले हैं, लेकिन यह उनके लिए सम्मान की बात है कि उनकी कप्तानी में पिछले मैच में ऋषभ पंत और अब विराट भैया खेलने जा रहे हैं। विराट के लिए बडोनी अपने नंबर चार के स्थान को छोड़ने जा रहे हैं। बडोनी कहते हैं कि विराट अपने नियमित नंबर चार के स्थान पर खेलेंगे। उन्होंने हमसे सकारात्मक रहने और खुद को आत्मविश्वास के साथ व्यक्त करने को कहा है। अरुण जेटली स्टेडियम की पिच हरी घास दिखाई दे रही है। बडोनी ने भी संकेत दिए हैं कि वह अतिरिक्त तेज गेंदबाज के साथ उतर सकते हैं। विराट अगर इस मैच में रन बनाने में सफल रहते हैं तो चैंपियंस ट्रॉफी से पहले उनका इस रणजी मैच में खेलने का मकसद सफल हो जाएगा। रेलवे की टीम में लेग स्पिनर कर्ण शर्मा भी हैं, जिन्होंने कोहली की कप्तानी में 11 साल पहले एडिलेड में टेस्ट खेला था। यह वही टेस्ट था, जिसमें कोहली ने पहली बार टेस्ट में भारत की कप्तानी की थी।स्टार क्रिकेटरों की मौजूदगी ने रणजी ट्रॉफी की दर्शकों में भी रुचि बढ़ा दी है। जम्मू कश्मीर के खिलाफ बीकेसी में हुए रणजी मैच में रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल के कारण मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों को अतिरिक्त सुरक्षा और कुर्सियां लगानी पड़ी थीं। अरुण जेटली स्टेडियम में भी विराट के कारण बड़ी संख्या में दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है।

## राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता मनोज कुमार ने लिया संन्यास, अब करेंगे नई शुरूआत



**नई दिल्ली।** लाइट वेल्टरवेट (64 किग्रा) में प्रतिस्पर्धा करने वाले 39 वर्षीय मुक्केबाज ने 2010 दिल्ली में अपना पहला और राष्ट्रमंडल खेलों का एकमात्र स्वर्ण पदक जीता था। वह एशियाई चैंपियनशिप में दो बार के कांस्य पदक विजेता भी हैं। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज मनोज कुमार ने गुरुवार को संन्यास का एलान कर दिया। अब वह नई पारी की शुरूआत करेंगे और मुक्केबाजों को कोचिंग देंगे। दो बार के ओलंपियन मनोज 2012 लंदन और 2016 रियो दि जिनेरियो दोनों में प्री क्वार्टरफाइनल तक पहुंचे थे। लाइट वेल्टरवेट (64 किग्रा) में प्रतिस्पर्धा करने वाले 39 वर्षीय मुक्केबाज ने 2010 दिल्ली में अपना पहला और राष्ट्रमंडल खेलों का एकमात्र स्वर्ण पदक जीता था। वह एशियाई चैंपियनशिप में दो बार के कांस्य पदक विजेता भी हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में दूसरा और अंतिम कांस्य पदक उन्होंने 2018 गोल्ड कोस्ट खेलों में जीता था। हरियाणा के कैथल के इस मुक्केबाज ने कहा, अब मैं 40 साल का हो गया हूं तो यह सोच समझकर लिया गया फैसला है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार एमेच्योर प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं ले सकता। मैं संतुष्ट हूं क्योंकि देश का प्रतिनिधित्व करते हुए मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। मनोज ने अपना मुक्केबाजी करियर 1997 में जूनियर स्तर पर शुरू किया था और 2021 में पटियाला में राष्ट्रीय खेल संस्थान से कोचिंग डिप्लोमा हासिल किया था। चोटों और चयन मुद्दे पर राष्ट्रीय महासंघ के साथ विवाद के कारण उनका करियर गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों के बाद थम गया और वह इसके बाद किसी अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट में नहीं खेले।

## 13 साल बाद रणजी ट्रॉफी में विराट कोहली की वापसी, अरुण जेटली स्टेडियम में फैन्स का जबरदस्त क्रेज

क्रिकेट प्रेडिक्टा



**नई दिल्ली।** विराट कोहली ने आखिरी बार नवंबर 2012 में रणजी ट्रॉफी का मुकाबला खेला था, जहां उन्होंने वीरेंद्र सहवाग की अगुवाई वाली दिल्ली टीम के लिए सुरेश रैना के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश टीम के खिलाफ मैच खेला था। इस मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कोहली ने पहली पारी में 14 रन बनाए और भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर आउट हुए। दूसरी पारी में भी कोहली 43 रन बनाकर भुवनेश्वर कुमार का ही शिकार बने। 1XBAT द्वारा प्रस्तुत खास कार्यक्रम क्रिकेट प्रेडिक्टा में खेल पत्रकार ताउस रिजवी ने कहा "अपने पहले रणजी मैच में विराट कोहली ने गौतम गंभीर, आकाश चोपड़ा, शिखर धवन, आशीष नेहरा और इशांत शर्मा के साथ दिल्ली की ओर से नंबर 5 पर बल्लेबाजी की थी। कोहली और इशांत ने एक ही मैच में अपना फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था, जिसमें दिल्ली की कप्तानी मिथुन मन्हास ने की थी। कोहली ने इस मैच में 25 गेंदों पर 10 रन बनाए थे। इसके बाद, कोहली ने अपना पहला रणजी शतक 2007-08 सीजन में राजस्थान के खिलाफ लगाया था। उस मैच की पहली पारी में दिल्ली सिर्फ 119 रन पर सिमट गई थी, लेकिन दूसरी पारी में कोहली ने 192 गेंदों पर 106 रन की शानदार पारी खेली, जिससे दिल्ली ने 387 रन बनाए और मुकाबला 172 रन से जीत लिया।" 13 साल बाद विराट कोहली रणजी ट्रॉफी में वापसी करते हुए दिल्ली की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने उतरे। 30 जनवरी 2025 से दिल्ली और रेलवे के बीच अरुण जेटली स्टेडियम में मुकाबला खेला जा रहा है, जिसमें टॉस दिल्ली के कप्तान आयुष बदोनी ने जीता और पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

कोहली की मैदान में वापसी को लेकर फैन्स का जबरदस्त क्रेज देखने को मिला, जिससे स्टेडियम के बाहर और अंदर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जेटली स्टेडियम का प्रशासन भी इतनी बड़ी संख्या में दर्शकों की मौजूदगी को देखकर हैरान रह गया।

**भारत के शीर्ष 3 रन स्कोरर**

| रैंक | खिलाड़ी | रन |
|---|---|---|
| 1 | गोंगाड़ी त्रिशा | 230 |
| 2 | जी कमलिनी | 79 |
| 3 | सानिका विनोद चालके | 58 |

## ओलंपिक चैंपियन एलेन के मेंटर रह चुके

# जेरी होलनेस भारतीय महिला 400 मीटर टीम के कोच बने

नई दिल्ली। भारतीय एथलेटिक्स के मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने कहा, होलनेस तिरुवनंतपुरम में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र से जुड़ गए हैं। वह विश्व एथलेटिक्स के लेवल 5 के बहुत ही अनुभवी कोच हैं। कई ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक विजेता एलेन थॉम्पसन और नेस्टा कार्टर जैसे एथलीट का मार्गदर्शन करने वाले जमैका के मशहूर एथलेटिक्स कोच जेरी ली होलनेस को भारतीय महिला 400 मीटर टीम के कोच की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस साल कई महत्वपूर्ण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी जिसे देखते हुए होलनेस को नियुक्त किया गया। वह सोमवार को केरल के तिरुवनंतपुरम में 'लक्ष्मीबाई नेशनल कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन' में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र से जुड़ गए। भारतीय



एथलेटिक्स के मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने कहा, होलनेस तिरुवनंतपुरम में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र से जुड़ गए हैं। वह विश्व एथलेटिक्स के लेवल 5 के बहुत ही अनुभवी कोच हैं। उन्होंने जमैका में कुछ बेहतरीन एथलीट को कोचिंग दी है जिसमें ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता शामिल हैं। वह भारतीय महिला 400 मीटर और 400 मीटर बाधा दौड़ टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे जो इस समय तिरुवनंतपुरम में है। होलनेस का कार्यकाल शुरू में 2026 तक हागा और उनके प्रदर्शन के आधार पर इसे बढ़ाया भी जा सकता है। वह तिरुवनंतपुरम में हिमा दास, सुभा वेंकटेसन रूपल, किरण पहल और विथ्या रामराज जैसी एथलीट को कोचिंग देंगे। जमैका के 65 साल के होलनेस इस तरह स्टाशुक वालेरी की जगह लेंगे जो पेरिस ओलंपिक तक महिलाओं की 400 मीटर और 400 मीटर बाधा दौड़ के कोच थे।

## किदाम्बी श्रीकांत और सुब्रमण्यन थाईलैंड ओपन के क्वार्टरफाइनल में, रोहन-रुत्विका की जोड़ी हारी

**नई दिल्ली।** मिश्रित युगल में भारत के रोहन कपूर और रूत्विका की जोड़ी को थाईलैंड की रतचापोल मकासासिथोर्ण और नाटामोन लैसुआन की जोड़ी से 19-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत और एस सुब्रमण्यन ने गुरुवार को बैंकॉक अपने मुकाबले जीतकर थाईलैंड मास्टर्स बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूनार्मेंट के पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। श्रीकांत को राउंड 16 के मैच में हांगकांग के 20 साल के जेसन गुनावान को 21-19, 21-15 से हराने में महज 42 मिनट लगे। इससे पहले उन्होंने




गुनावान को पिछले साल बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में हराया था। हालांकि, सुब्रमण्यन को इंडोनेशिया के चिको औरा द्वी वारदोयो पर जीत के दौरान मशक्कत करनी पड़ी जिसमें वह पहला गेम गंवा बैठे, लेकिन 9-21, 21-10, 21-17 से जीत दर्ज करने में कामयाब रहे। हालांकि, मिश्रित युगल में भारत के रोहन कपूर और रूत्विका की जोड़ी को थाईलैंड की रतचापोल मकासासिथोर्ण और नाटामोन लैसुआन की जोड़ी से 19-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।